

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 तुम्हें शर्म आएगी, अगर तुमने 10000 रन..., हरभजन ने विराट से ...

60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 144 | नई दिल्ली, बुधवार, 04 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### खालिद अनवर अंसारी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महान स्वतंत्रता सेनानी बाबा-ए-कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी साहब के पुत्र डॉ खालिद अनवर अंसारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि डॉ० खालिद अनवर अंसारी सामाजिक कार्यों में गहरी अभिरुचि रखते थे। स्व डॉ खालिद अनवर अंसारी परिवहन विभाग के मंत्री रह चुके थे। वे डिहरी से दो बार विधायक तथा एक बार विधान पार्षद भी रह चुके थे। उनके निधन से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।
स्व डॉ खालिद अनवर अंसारी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करे और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

### विश्व बैंक का भारत की वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र और ग्रामीण मांग में सुधार की वजह से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारत की वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है। विश्व बैंक ने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट रिपोर्ट में कहा है कि भारत जो दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा है उसकी वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार से उद्योग में आई मामूली गिरावट की आंशिक भरपाई हो जाएगी और सेवाएं मजबूत बनी रहेंगी। कृषि में अपेक्षित सुधार से ग्रामीण मांग में भी सुधार होगा।

### सासाराम : तालाब में एक साथ कई क्विंटल मछलियां मरी

पटना। बिहार में सासाराम के ऐतिहासिक शेरशाह सूरी के तालाब में मंगलवार सुबह अचानक बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं। सुबह लोगों ने तालाब में बड़ी संख्या में मछलियों को मरकर पानी में उपला देखा। चूंकि यह ऐतिहासिक तालाब करीब 52 एकड़ में फैला है। सिंचाई विभाग तालाब में इनलेट के माध्यम से पानी की सप्लाई करती है तथा आउटलेट से पानी की निकासी होती है। कुछ महीनो से इन-लेट से मकबरा के तालाब में ताजा तथा साफ पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिस कारण पानी दूषित होने की संभावना है।




**पुरंगेल वनक्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नक्सलियों को मार गिराया**

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में मुठभेड़, 9 नक्सली ढेर

## मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद, सर्चिंग ऑपरेशन जारी

प्रात : किरण



दंतेवाड़ा/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के पुरंगेल वनक्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 09 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए सभी 09 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मुताबिक जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बैलाडीला पहाड़ी की तलहटी में पश्चिम बस्तर डिवीजन के 30-35 नक्सलियों की उपस्थिति की गुप्त सूचना के बाद लोहा गांव की तरफ से डीआरजी, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ यंग प्लाटून, सीआरपीएफ 111वीं बटालियन की अलग-अलग टुकड़ियों को सोमवार रात को सर्चिंग पर रवाना किया गया था। मंगलवार सुबह पुरंगेल वनक्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को आता देख उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी इसका जवाब दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में 09 नक्सली मारे गए। सभी 9 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। इसके अलावा मौके से एसएलआर, 303 राइफल, 315 बोर बंदूक समेत विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। पुलिस अधीक्षक राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैलाडीला की पहाड़ियों के नीचे पुरंगेल, लोहा गांव की तरफ बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। जवान जब नक्सलियों के कोर इलाके में घुसे तो नक्सलियों ने आज सुबह करीब 6 बजे फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें 9 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्च आपरेशन जारी है। विस्तृत जानकारी सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद मिलेगी।

## झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने की खरगे और राहुल से मुलाकात



नई दिल्ली/एजेंसी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा की। यह बैठक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के कुछ दिनों बाद हुई है। चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की वर्तमान कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए और पार्टी में अपने अपमान का हवाला देते हुए पिछले दिनों इस्तीफा दे दिया था। हेमंत सोरेन ने यहां कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर खरगे और गांधी से मुलाकात की। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल और सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी बैठक के दौरान मौजूद थीं। सोरेन ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट करार दिया लेकिन समझा जाता है कि उन्होंने इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।

# पीएम मोदी का ब्रुनेई पहुंचने पर जोरदार स्वागत

## ब्रुनेई के युवराज हाजी अल मोहतादी बिलाह ने किया स्वागत

प्रात : किरण



ब्रुनेई दारुस्सलाम/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रुनेई और सिंगापुर की तीन दिन की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को यहां पहुंचे। उनके ब्रुनेई दारुस्सलाम पहुंचने पर ब्रुनेई के युवराज हाजी अल मोहतादी बिलाह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। बंदर सेरी बेगवान हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के स्वागत में युवराज बिलाह के अलावा, सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने वहां सम्मान गारद का निरीक्षण भी किया।

श्री मोदी ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा करने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जबकि दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत के अधिकारियों ने कहा है कि श्री मोदी की पूर्व के देशों के साथ काम करने की एक्ट ईस्ट नीति में ब्रुनेई का एक महत्वपूर्ण स्थान है। दोनों देशों के संबंध, परस्पर मित्रतापूर्ण हैं और दोनों देश द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर दोनों एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और एक-दूसरे के विचारों को समझते हैं। दोनों देशों के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध सदियों पुराने हैं। श्री मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर जायेंगे।

**ऐतिहासिक है प्रधानमंत्री मोदी का दौरा :** करीब साढ़े चार लाख की आबादी वाले ब्रुनेई का प्रधानमंत्री मोदी का दौरा ऐतिहासिक है। ब्रुनेई एक छोटा तेल समृद्ध सल्तनत है जिसकी आबादी करीब 4.5 लाख है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया में जनसंख्या के हिसाब से सबसे छोटा देश भी है। ब्रुनेई आधिकारिक तौर पर मुस्लिम देश है और मलय इसकी आधिकारिक भाषा है। इसकी भौगिलिक स्थिति भी काफी अहम है। यह दक्षिण-पूर्वी एशिया, बोर्नियो द्वीप के उत्तरी तट के साथ, दक्षिण चीन सागर और मलेशिया की सीमा पर स्थित है। दक्षिण चीन सागर के जरिए हिंद और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्गो के करीब है। यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

### 5 सितंबर को सूबे के 41 शिक्षक होंगे सम्मानित

पटना। बिहार में राजकीय शिक्षा पुरस्कार के लिए 41 शिक्षकों के नाम का ऐलान किया गया है। शिक्षा विभाग ने सभी 41 टीचर्स की पूरी लिस्ट जारी कर दी है। साथ ही पुरस्कार ग्रहण करने के संबंध में पूरी जानकारी दी है। शिक्षा विभाग के इस संबंध में लेटर जारी किया है और लिखा है कि 05 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के मौके पर राजकीय शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक/शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि, शिक्षा विभाग के द्वारा लिस्ट में शामिल सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

## बिहार में मंकी पॉक्स की एडवाइजरी जारी

### जेपी एयरपोर्ट पर विदेश के यात्रियों की होगी निगरानी

प्रात : किरण



पटन/एजेंसी। बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने मंकी पॉक्स की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और अस्पतालों को एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के बाद प्राथमिकता के आधार पर जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एक स्वास्थ्य डेस्क स्थापित किया गया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन हवाई अड्डे के अधिकारियों और जिला सिविल सर्जन को आने वाले यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को पटना आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के पिछले 21 दिनों के इतिहास को हवाई अड्डे पर नोट करने के लिए कहा गया है। डीएम ने बताया कि पटना स्थित गयाघाट के अंतदेर्शीय नौवहन प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जहाजों के माध्यम से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को मंकी पॉक्स का कोई मामला दर्ज होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों को इस बीमारी के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाले रोगियों को अलग रखने के लिए बिस्तर आरक्षित करने का भी निर्देश दिया गया है।

## बाड़मेर में वायुसेना का लड़ाकू विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित

### एयरफोर्स ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के दिए हैं आदेश

प्रात : किरण



बाड़मेर/एजेंसी। राजस्थान में बाड़मेर जिले के उत्तरलाई एयरबेस के पास कवास इलाके में भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। पायलट ने विमान क्रैश होने से पहले ही इजेक्ट कर लिया था। वह सुरक्षित है। एयरफोर्स ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। डिफेंस पीआरओ अजिताभ शर्मा ने बताया कि मिग-29 फाइटर प्लेन क्रैश हुआ है। वायुसेना ने एक्स हैंडल पर लिखा है, बाड़मेर सेक्टर में नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-29 में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण पायलट को विमान से बाहर निकलना पड़ा। पायलट सुरक्षित हैं और किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 10 बजे फाइटर प्लेन रहवासी ढाणी से दूर जाकर क्रैश हो गया। विमान के क्रैश होने के बाद तेज धमाके के साथ आग लग गई। हादसे की सूचना मिलने पर बाड़मेर कलेक्टर निशांत जैन, जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पायलट जमीन की ओर तेजी से बढ़ते विमान को करीब 1500 लोगों की आबादी से दूर ले गए। जहां प्लेन क्रैश हुआ वहां से तीन किलोमीटर की दूरी पर नागणा में क्रूड ऑयल की मंगला टर्मिनल प्रोसेस यूनिट भी है। यहां से रोज 1.75 लाख बैरल कच्चा तेल गुजरात की रिफाइनरी में भेजा जाता है। यदि मिग इस टर्मिनल के आसपास भी गिरता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

**दस किलोमीटर तक सुनाई दी धमाके की आवाज :** शहीद हुकमसिंह की ढ़ाणी निवासी रीडमल सिंह ने बताया कि पायलट ने सही जगह विमान को गिराया। यहां से दो किलोमीटर की दूरी पर क्रूड ऑयल यूनिट है। साथ ही तीन किलोमीटर की दूरी पर ही घनी आबादी क्षेत्र और मार्केट है। अगर वहां विमान गिरता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। विमान आसमान में ही आग का गोला बन गया था। धमाके की आवाज करीब 10 किलोमीटर तक सुनाई दी।

## नवगछिया के समीप मालगाड़ी हुई बेपटरी, परिचालन बाधित

प्रात : किरण



भागलपुर/एजेंसी। बिहार में कटिहार-बरौनी रेल खंड के नवगछिया के समीप एक बड़ा हादसा होने से टल गया है। नवगछिया स्टेशन के समीप मालगाड़ी डीरेल हो गई। मालगाड़ी के एक डिब्बे का पहिया खुल कर बेपटरी हो गया। यह मालगाड़ी उत्तरप्रदेश के फूलपुर से खाद लोड कर कटिहार जा रही थी। तभी नवगछिया स्टेशन पर ट्रेन बैक करने के दौरान यह हादसा हुआ है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद डाउन लाइन की गाड़ियों के परिचालन पर असर पड़ा है। कटिहार की ओर जाने वाली लाइन पर परिचालन अभी रुका हुआ है। अपलाइन से ही गाड़ियों का परिचालन कराया जा रहा है। स्थानीय टीम डिरेल हुई बोगी को ठीक करने में लगी हुई है। वही बरौनी से भी टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि नवगछिया स्टेशन के मालगोदाम में मालगाड़ी को खड़ी की गई थी। वहां 22 बोगी से युरिया खाद उतारा गया था। 25 बोगी को युरिया खाद को कटिहार में अनलोड होना था। नवगछिया स्टेशन मालगाड़ी की एक बोगी बेपटरी हो जाने से आवागमन प्रभावित हो गया। मालगाड़ी को एक नंबर प्लेटफार्म पर लाने के दौरान नवगछिया स्टेशन पर इंजन की तरफ से 26 वां बोगी और गार्ड की ओर से 17 वां बोगी पटरी से उतर गई। इस कारण डाउन ट्रेक पर आवागमन प्रभावित हो गई। एक्सीडेंट रिलिफ ट्रेन बरोनी स्टेशन से मंगवाया जा रहा है। एआरटी ट्रेन आने के पश्चात ही दुर्घटनाग्रस्त बोगी को हटाया जा सकेगा।

## सूबे में कई आईएएस अधिकारियों के विभाग बदले गए, आनंद किशोर को वित्त विभाग की जिम्मेदारी

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने टॉप के ब्यूरोक्रेसी में भारी फेरबदल किया है। कई आईएएस अफसरों के विभाग बदल दिए गए। कई विभागों के प्रधान सचिव और सचिव की नए सिरे से नियुक्ति की गई है। इसके अलावा कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। आनंद किशोर को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव पद से हटा दिया गया। आनंद किशोर को अब वित्त विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। आनंद किशोर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे।तीन दिन पहले ही वित्त विभाग के सचिव बनाए गए लोकेश कुमार सिंह का विभाग बदल दिया गया। अब उन्हें ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। लोकेश कुमार सिंह के पास पर्यटन विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह का भी तबादला कर दिया गया। उन्हें नगर विकास विभाग का सचिव बनाया गया। आईटी विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अभय कुमार सिंह के पास बेल्ट्रॉन और पटना मेट्रो के एमडी का भी प्रभार रहेगा। बिहार सरकार ने कई अन्य आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली हैं। श्रम विभाग के प्रधान सचिव का काम देख रहे बी. राजेंदर को इस विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। बी. राजेंदर अब सिर्फ सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव होंगे। वित्त विभाग के सचिव दीपक आनंद को श्रम संसाधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## बिहार में भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ

प्रात : किरण



पटना। बिहार में भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो गया है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभियान का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री मंगल पांडे, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीपी ठाकुर, पूर्व राज्यपाल सिक्किम गंगा प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम में डॉ संजय जायसवाल और भीखूभाई दलसानिया भी उपस्थित थे। डॉ दिलीप जयसवाल ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बने। इसके बाद सदस्य बनने की होड़ लग गई। सदस्यता अभियान के लिए रोड मैप तैयार किया गया है और लगातार कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दी गई है। देश में राष्ट्रवाद के पक्षधर और इसके विरोध में यानी दो धारा रह गई है। एक ओर रामराज्य तो दूसरी ओर लंका का विनाश होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत डेढ़ करोड़ बिहारी बीजेपी के सदस्य बनाएंगे। घर घर में जाकर कार्यकर्ता सदस्य बनायेंगे। संगठन के महामंत्री भिखू भाई दलसानिया का बयान देश में 1500 राजनीतिक पार्टियां है लेकिन सिर्फ बीजेपी हर 6 साल पर नए सदस्य बनाती है। बीजेपी विश्व की नंबर 1 सदस्यता वाली पार्टी है। बीजेपी सबसे ज्यादा जनप्रतिनिधि वाली पार्टी है। देश भर में सबसे अधिक सांसद विधायक और पार्षद बीजेपी के हैं। दिलीप जायसवाल ने कहा कि, बीजेपी पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई है। सदस्यता अभियान का हम लोगों को सौभाग्य से भागीदारी मिली है। अपने आप में हमारे लिए अनोखा कार्य है। लगभग डेढ़ महीने तक यह पूरा कार्यक्रम चलेगा करोड़ों की संख्या में बिहार में भारतीय जनता पार्टी के लोग सदस्य बनेंगे।

**मंजूरी** | **ममता सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर यह विधेयक विधानसभा में पारित कराया**

# पश्चिम बंगाल : बलात्कार के दोषियों को मौत की सजा वाला विधेयक पारित

### मुख्यमंत्री ने कहा - वह सीबीआई से पीड़िता के लिए न्याय चाहती हैं

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस कानून के तहत बलात्कार और हत्या के मामलों में या बलात्कार के ऐसे मामलों में जहां पीड़िता को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है, आरोपी को मौत की सजा का प्रावधान है।

विधानसभा में भाजपा ने वादे के अनुसार, विधेयक का समर्थन किया किया और मत विभाजन की मांग नहीं की। प्रधानमंत्री देश के लिए शर्म की बात हैं! वह महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पाए। मैं केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करती हूं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि प्रधानमंत्री वह काम नहीं कर सके जो उनकी सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रधानमंत्री महिलाओं की सुरक्षा में कोई पहल नहीं कर सके, इसलिए उन्हें और केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। देश भर में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के खिलाफ जारी विरोध के बीच ममता सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर यह विधेयक विधानसभा में आज ही पेश किया और पारित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सीबीआई से पीड़िता के लिए न्याय चाहती हैं, जो फिलहाल



इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि गवर्नर को विधेयक को जल्दी मंजूरी देनी चाहिए ताकि यह राष्ट्रपति के पास भेजा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा, उसके बाद इसे लागू करना और प्रभावी बनाना हमारी जिम्मेदारी होगी। इसलिए मैं विपक्ष के नेता से अनुरोध कर रही हूं कि गवर्नर को विधेयक को शीघ्र मंजूरी देने के लिए कहें। इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी क्योंकि इसमें केंद्रीय कानूनों में कुछ प्रावधानों को संशोधित करने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों की आलोचना करते हुए कहा कि वे भाजपा-शासित राज्यों में बलात्कार और हत्या के मामलों पर चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा, जब आप पश्चिम बंगाल में एक घटना पर बोलते हैं, तो क्या आप उस घटना के बारे में नहीं बोलेंगे जो उन्नाव में हुई? यह शर्म की बात है कि आरोपी विधायक को फूलों की माला पहनाई गई।

### विधेयक जल्दबाजी में लाया गया : शुभेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया कि ह्यअपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक जल्दबाजी में लाया गया है। अधिकारी ने विधानसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान यह बात कही। विधेयक में बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषियों को मृत्युदंड देने का प्रावधान है। भाजपा नेता ने कहा, हम विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन आप विधेयक जल्दबाजी में क्यों लाए? हम विधेयक को प्रवर समिति को भेजने के लिए कह सकते थे। लेकिन हम दोषियों को सजा दिलाना चाहते हैं। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विधेयक जल्द से जल्द प्रभावी हो।

## शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए : मुर्मू

प्रात : किरण



पुणे/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा प्रणाली में शोध को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत में शोधार्थी न केवल देश, बल्कि दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सक्षम हैं। मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शोध को बढ़ावा देती है। राष्ट्रपति ने यहां सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह में कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि युवा पीढ़ी देश के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। देश के लोगों में बहुत प्रतिभा और कौशल है। मैं चाहती हूं कि आप समाज की आवश्यकताओं को समझें और अपने ज्ञान का उपयोग करके ऐसे समाधान खोजें जो आम जनता, खासकर हाशिए पर रह रहे लोगों के विकास में मदद कर सकें और इससे स्थिरता को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा, मैं यहां सभी से कहना चाहूंगी कि शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत के शोधार्थी न केवल देश के भीतर बल्कि दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शोध को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृत लड़की के विसरा के नमूने जांच के लिए भेजे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पासबुक में एंट्री कराने पर हुआ गबन का खुलासा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** मत्स्य विभाग में कार्यरत एक वरिष्ठ सहायक ने फर्जी हस्ताक्षर कर विभागीय खाते से 4.10 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब विभाग के अधिकारियों ने बैंक जाकर पासबुक में एंटी कराई। मामला सामने आने के बाद अब संबंधित कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार छिम्वाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि सहायक निदेशक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक राकेश चंद्र बलौदी ने 15जुलाई को फर्जी चेक के माध्यम से 1 लाख 40 हजार, 18 जुलाई को 1 लाख 20 हजार और 5 अगस्त को 1 लाख 50 हजार रुपये आहरित कर लिए। इसकी जानकारी तब मिली जब विभाग के खाते की पासबुक में एंट्री कराई गई। जानकारी लेने पर बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि यह राशि राकेश चंद्र बलौदी ने निकाली है। सहायक निदेशक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल जगदीश देऊपा ने बताया कि बैंक अधिकारियों से भी इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

### नाबी के होम स्टे फाइंडिंग शिवा कम्युनिटी को गोल्ड मेडल

**धारचूला, एजेंसी।** इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रिस्पांसिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) की ओर से व्यास घाटी के ग्राम नाबी के होम स्टे फाइंडिंग शिवा कम्युनिटी (आदि कैलाश) को रिस्पांसिबल टूरिज्म में उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड मेडल अवार्ड प्रदान किया गया। शनिवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, केंद्रीय पर्यटन निदेशक मुग्धा सिन्हा, इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रिस्पांसिबल टूरिज्म के अध्यक्ष लंदन के हेराल्ड गॉडविन ने होम स्टे संचालक सनम नबियाल, मदन सिंह नबियाल, रवि मंगत राम, राज गड़कोटी और किरन चंद की टीम को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। बता दें कि ग्राम नाबी के प्रधान सनम नबियाल और उनके पति मदन सिंह नबियाल फाइंडिंग शिवा कम्युनिटी होम स्टे पिछले पांच-छह साल से आदि कैलाश मार्ग पर ग्राम पंचायत नाबी में चला रहे हैं। इनके होम स्टे में सभी आधुनिक सुविधाएं हैं। इसके चलते प्रशासनिक और हजारों यात्री इनकी सेवा ले चुके हैं। फाइंडिंग शिवा कम्युनिटी होम स्टे को पुरस्कार मिलने पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी वीरेंद्रानंद महाराज, पूर्व चेयरमैन अशोक नबियाल, पर्यटन विभाग उत्तराखंड की अपर निदेशक पूनम चंद, व्यास संघर्ष समिति अध्यक्ष राजन सिंह नबियाल, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष राम सिंह आदि ने खुशी जताई है।

### जंगल में बकरी चराने गया व्यक्ति बिजली गिरने से घायल

**बेड़ीनाग (पिथौरागढ़), एजेंसी।** चीड़ के पेड़ में बिजली गिरने से जंगल में बकरी चराने गया व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान एक बकरी की मौत हो गई। उडियारी निवासी राजेंद्र सिंह (52) पुत्र नैन सिंह जंगल में बकरी चराने गया था। अचानक मौसम खराब होने से चीड़ के पेड़ पर बिजली गिर गई। हादसे में राजेंद्र सिंह घायल हो गया। स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिलते ही घायल राजेंद्र सिंह को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सीएचसी बेड़ीनाग अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पर पटवारी मोहित चंद घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली।

### कुविवि की कचरे को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलने की पहल

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से कचरे को मूल्यवर्धित उत्पादों में बदलने की पहल की गई है। इसके अलावा विवि की ओर से ग्राफीन उत्पादन के क्षेत्र में भविष्य के शोध प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। डीएसबी परिसर स्थित रसायन विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित प्रो. राजेंद्र सिंह नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत प्रो. नंद गोपाल साहू ने कहा कि बीते दिनों कुविवि और कुरुक्षेत्र विवि ने एमओयू हस्ताक्षर किया है।

## हादसे के बाद हरकत में आया एनएचएआई, लगने लगे रंबल स्ट्रिप



**रुद्रपुर, एजेंसी।** नैनीताल हाईवे पर 21 अगस्त को हुए भीषण हादसे के बाद अब वाहनों की गति नियंत्रित करने की कोशिश शुरू हो गई है। डीएम के निर्देश पर एनएचएआई ने हाईवे पर वाहनों की गति पर लगाम लगाने के लिए कटों पर रंबल स्ट्रिप लगाए जा रहे हैं।

बीते 21 अगस्त को तड़के नैनीताल हाईवे पर अनियंत्रित कार ने सवारियों से भरे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। दो दिन बाद एक ट्रक ने हाईवे पर कार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। हादसे में कार सवार एक परिवार के पांच परिजन बाल बाल बच गए थे। हादसे के बाद हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने हाईवे के कटों पर सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही गति पर लगाम लगाने के लिए ठोस उपाय करने के निर्देश एनएचएआई को दिए थे।

### आबकारी अधिनियम के दोषी को एक वर्ष की सजा

**चंपावत, एजेंसी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट और सिविल जज जूडि जहां आरा अंसारी की अदालत ने आबकारी अधिनियम के आरोपी को दोषी साबित किया है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोषी किशोर सिंह ढेक को एक वर्ष का साधारण कारावास और दो हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

### प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में 124 माध्यमिक विद्यालयों में चौक डाउन

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में 124 माध्यमिक विद्यालयों में चौक डाउन हड़ताल रही। रुद्रपुर में राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में 124 माध्यमिक विद्यालयों में चौक डाउन हड़ताल रही।

## भाई-बहन के साथ सो रही मासूम को सांप ने डसा...मौत, पिता ने कमरे से आता देखा था सर्प; मचा कोहराम

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** खटीमा में सांप के डसने से एक बच्ची की जान चली गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

खटीमा में सांप के डसने से एक बच्ची की जान चली गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मझोला निवासी जसवीर सिंह की छह साल की बेटी मनकीरत कौर शनिवार रात मां पवनदीप कौर, छोटी बहन हरकीरत कौर और छोटे भाई करमजोत सिंह के साथ सोई थी। इसी दौरान सांप ने मनकीरत को डस लिया। सिडकुल सितारगंज में काम करने वाले मनकीरत के पिता जसवीर रात को घर पहुंचे तो उन्होंने कमरे से सांप को निकलते देखा। कुछ देर बाद मनकीरत की तबीयत बिगडने लगी तो उन्हें सांप के डसने का आभास हुआ। अफरातफरी के बीच परिजन बच्ची को पोलीगंज अस्पताल ले गए। मासूम की हालत बिगड़ती देख चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां ले जाते समय उसकी सांसें थम गईं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### लोहाघाट-बरेली रोडवेज बस खूना बोहरा के पास हुई खराब

**चंपावत, एजेंसी।** रोडवेज परिवहन निगम की बसें आए दिन खराब होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को लोहाघाट डिपो की बस छह किमी चलकर खूना बोहरा में खराब हो गई। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

लोहाघाट डिपो की बस (07पीए 2949) यात्रियों को लेकर लोहाघाट से बरेली जा रही थी। बस चंपावत पहुंचने से पहले खूना बोहरा में बस खराब हो गई। चालक और परिचालक ने बस को ठीक करने का प्रयास तो किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद बस में सवार सभी 20 यात्रियों को पीछे से आ रही बस में बैठाकर बरेली के लिए रवाना किया गया। आए दिन बसें खराब होने के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सातताल में गरजा बुलडोजर : अवैध दुकानों पर हुई कार्रवाई, प्राधिकरण और प्रशासन के खिलाफ भड़के व्यापारी



**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल जिला विकास प्राधिकरण की ओर से सोमवार को सातताल में अवैध रूप से बनाई गई दुकानों को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया गया। दुकानों को तोड़ता देख व्यापारी प्राधिकरण और प्रशासन के खिलाफ भड़क गए और लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

भीमताल जिला विकास प्राधिकरण की ओर से सोमवार को सातताल में अवैध रूप से बनाई गई दुकानों को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया गया। दुकानों को तोड़ता देख व्यापारी प्राधिकरण और प्रशासन के खिलाफ भड़क गए और लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही बिना सूचना दिए दुकानें हटाने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध किया।

लोगों का विरोध देख पुलिस ने सभी को बड़ी मुश्किल से शांत कराया। व्यापारियों ने कहा कि प्राधिकरण की ओर से सातताल में जो पक्की दुकानें बनाई गई वह सीमित लोगों को आंवटित की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण को सभी व्यापारियों को दुकानें आवंटित करनी चाहिए। ताकि लोगों को बेरोजगार ना होना पड़े। प्राधिकरण की कार्रवाई के चलते भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

प्राधिकरण के सहायक अभियंता शिवम धिमान ने बताया कि सोमवार को सातताल में अतिक्रमण से बनाई गई दुकानों को हटाया गया है। प्राधिकरण की ओर से 20 दुकानों का आवंटन किया गया है और बीस दुकानें और आवंटित की जानी है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए समय दिया गया था।

## जंगल में लकड़ियां बीन रहे बुजुर्ग पर झपटा बाघ, दो जगह मारा पंजा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** जंगल से जलौनी लकड़ी लेने गए एक बुजुर्ग पर झाड़ियों के पीछे छिपे बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। बुजुर्ग के साथ गए उसके भाई के शोर मचाने पर बाघ जंगल की ओर भाग गया।

जंगल से जलौनी लकड़ी लेने गए एक बुजुर्ग पर झाड़ियों के पीछे छिपे बाघ ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। बुजुर्ग के साथ गए उसके भाई के शोर मचाने पर बाघ जंगल की ओर भाग गया। घायल को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद बुजुर्ग की हालत में सुधार है।

अमाऊं निवासी गुलाब सिंह (60) रविवार सुबह अपने भाई किशन सिंह के साथ लोहियाहेड रोड के पास खटीमा रेंज के जंगल में जलौनी लकड़ियां लेने के लिए गए थे। दोनों भाई जंगल में जमीन पर गिरी लकड़ियां बीन रहे थे। तभी झाड़ियों के पीछे छिपा एक



बाघ गुलाब सिंह पर झपट पड़ा। भाई पर बाघ को हमला करते देख किशन सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसपर बाघ जंगल की ओर चला गया। घायल को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। परिजनों ने बताया कि गुलाब सिंह के कान के पास व पीठ पर बाघ ने पंजे से हमला किया था। इलाज के बाद बुजुर्ग की हालत सामान्य है।

### दुकानों में लगे ताले, नहीं बंटेगा राशन; नाराज विक्रेताओं ने किया प्रदर्शन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** लंबित बिलों का भुगतान न होने से नाराज सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने हड़ताल शुरू कर दी है। ऐसे में जिले भर में 780 सस्ता गल्ला की दुकानों पर ताले लटकने से उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलेगा। पिथौरागढ़ जिले में लंबित बिलों का भुगतान न होने से नाराज सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने हड़ताल शुरू कर दी है। ऐसे में जिले भर में 780 सस्ता गल्ला की दुकानों पर ताले लटकने से उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलेगा। सोमवार को जिले भर के सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने नगर के एक होटल में बैठक की। उन्होंने बिलों का भुगतान होने तक राशन वितरण न करने का निर्णय लिया। बाद में उन्होंने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा कि लंबे समय से उन्हें भाड़ा, बिजली आदि के बिलों का भुगतान नहीं हुआ है। इससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। चेतावनी दी कि जब तक बिलों का भुगतान नहीं होता वे राशन नहीं बांटेंगे। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष मनोज पांडे, कैलाश जोशी, मनोज कापड़ी, ललित महर, भागीरथी बिष्ट, बच्ची सिंह डोभाल, जोगा सिंह, दिवान सिंह, शेर सिंह, शंकर भट्ट, लक्ष्मण सिंह आदि रहे।

## शादियों में रात 12 बजे के बाद भोजन नहीं परोसने का प्रस्ताव पारित

**हल्द्वानी, एजेंसी।** विवाह समारोह संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति की बैठक में रात 12 बजे कि बाद भोजन ना परोसने, इवेंट तैयार करने के बाद 90 प्रतिशत पेमेंट और रात 10 बजे के बाद बैंड नहीं बजाने जैसे प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुए। रामपुर रोड स्थित एक बरातघर में समिति संयोजक नवीन पांडे सन्नू की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनाए गए नियमों का ग्राहकों से सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में बैंक्वेट हॉल संरक्षक प्रकाश भट्ट, टेंट एसोसिएशन संरक्षक भोला दत्त भगत, केटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने विचार रखे। वहां महानगर टेंट व्यापार एसो. के अध्यक्ष हर्षवर्द्धन पांडे, प्रेम गुप्ता, हमन सच्चर, विजय बिस्ट, परमजीत सिंह, शिव कुमार, विमल तोलिया, गोपाल भट्ट, योगेश रावत, संजय अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह, लक्ष्मण सिंह बिष्ट आदि थे।

## गेठिया स्थित मंदिर की जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**नैनीताल, एजेंसी।** गेठिया ग्रामसभा के छिनकुआं तोक के ग्रामीणों ने रविवार को देवी मंदिर प्रांगण में मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मंदिर में सभा कर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। कहा कि मंदिर की जमीन का किसी अन्य के हाथों में जाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो ग्रामीण इसके लिए एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

मंदिर प्रांगण में हुई सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग मंदिर और इसके आसपास की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। उक्त जमीन वन विभाग की है जहां ब्रिटिश शासन के समय से ही मंदिर स्थापित है। 90 के दशक में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया और सुरक्षा एवं सौंदर्य के लिए 80 के दशक में ही यहां सुरई के कई पेड़ लगाए गए थे लेकिन बीते कुछ समय से पेड़ एकाएक सूखने लगे हैं।

आशंका जताई गई कि पेड़ की जड़ों पर रसायन डालकर उन्हें सुखाया जा रहा है। तय किया गया कि इस संबंध में जल्द ही ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कुमाऊं आयुक्त से मुलाकात करेगा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि हाल के समय में क्षेत्र में कुछ अवांछित लोगों की आवाजाही बढ़ने से यहां भय का माहौल पैदा हो गया है। वहां नवीन बिष्ट, सुरेश बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, रवि जोशी, कमल पंत, सुरेश बगडवाल, केतन बोरा, विनीता बोरा, हेमा बोरा, ललिता नेगी आदि थे।

## चॉक डाउन के साथ शिक्षकों का आंदोलन तेज




**चम्पावत, एजेंसी।** सोमवार को प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का विरोध करते हुए शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जगदीश अधिकारी व जिला मंत्री इंदुवर जोशी के नेतृत्व में चंपावत जिले में चॉक डाउन कर दिया है।

चंपावत जिले में प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज होने लगा है। सोमवार को प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का विरोध करते हुए शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जगदीश अधिकारी व जिला मंत्री इंदुवर जोशी के नेतृत्व में चंपावत जिले में चॉक डाउन कर दिया है। इस दौरान शिक्षकों ने शैक्षिक व अन्य कार्यों को पूरी तरह ठप कर दिया और सरकार से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के आदेश को रद्द करने की मांग की। इस कारण चॉक डाउन से शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं।

लोहाघाट के जिला अध्यक्ष दीपक अधिकारी, मंत्री गोविंद सिंह मेहता के नेतृत्व में शिक्षकों ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती का विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फरमान का राजकीय शिक्षक संघ कड़ा विरोध करता है। इस आदेश के विरोध में राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के बैनर तले पूरे प्रदेश व चंपावत जिले में शिक्षकों ने चॉक डाउन किया है।

## मलबा और बोल्डरों से रुका रामगंगा का प्रवाह, एक किमी लंबी झील बनी; आधे घंटे तक दहशत में रहे लोग



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** नाचनी के तेजम तहसील क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से नाचनी के हरड़िया में पहाड़ी दरक गई। पहाड़ी से निकले मलबे ने रामगंगा नदी का प्रवाह रोक दिया। इसके चलते वहां पर एक किमी लंबी झील बन गई।

नाचनी के तेजम तहसील क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से नाचनी के हरड़िया में पहाड़ी दरक गई। पहाड़ी से निकले मलबे ने रामगंगा नदी का प्रवाह रोक दिया। इसके चलते वहां पर एक किमी लंबी झील बन गई। बारिश रुकने के बाद नदी का प्रवाह सुचारु होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। मलबे से सड़क पटने के कारण थल-मुनस्यारी मोटर मार्ग में यातायात ठप है।

रविवार दोपहर बाद करीब चार बजे नाचनी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान थल-मुनस्यारी सड़क पर स्थित हरड़िया की पहाड़ी दरकने से सड़क से लेकर रामगंगा नदी तक हजारों टन मलबे का ढेर लग गया।

मलबे के कारण रामगंगा नदी का प्रवाह करीब आधे घंटे तक रुक गया। भैंसकोट गांव की ओर एक किमी लंबी झील बनते देख लोगों में खलबली मच गई। बारिश थमने के बाद जब नदी का प्रवाह शुरू हुआ तब लोगों ने राहत की सांस ली।

लोक निर्माण विभाग की एक जेसीबी सड़क खोलने के लिए मौके पर तैनात है। बार-बार पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण सड़क खोलने में मुश्किलें आ रही हैं। थल- मुनस्यारी सड़क पर दोनों ओर वाहन फंसे हुए हैं।

सिंचाई विभाग के अवर अभियंता विनय रावत का कहना है कि मलबा और बोल्डर के कारण कुछ समय के लिए पानी का प्रवाह रुकने से नदी ने झील का आकार ले लिया था। अब नदी का बहाव सामान्य है। झील से किसी तरह का खतरा नहीं है। नजर रखी जा रही है।

## चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़क मलबा आने से लखनपुर के पास बंद

**धारचूला/पिथौरागढ़, एजेंसी।** मलबा आने से चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़क लखनपुर के पास बंद हो गई है। बीआरओ ने मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है। सोमवार सुबह से यातायात सुचारु होने की उम्मीद है।

मानसूनकाल में अधिक बारिश होने पर तवाघाट-लिपुलेख सड़क पर जगह-जगह मलबा गिरता रहता है। रविवार सुबह लखनपुर के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिर गया। इससे वाहनों की आवाजाही दिनभर बंद रही। बीआरओ के अधिकारियों के अनुसार मलबा हटाने के लिए मशीनें लगा दी गई हैं। देर शाम तक मलबा हटने पर सोमवार सुबह से यातायात सुचारु होने की उम्मीद की जा रही है।

इधर मलबा आने से जिले में 18 से अधिक मार्ग अभी भी बंद हैं। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के बंद होने से लोगों को यातायात का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांवों के लोग पैदल आवागमन करने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बंद सड़कों को शीघ्र खोलने की मांग की है। शनिवार रात धारचूला में 26 मिमी, बंगापानी में 17, मुनस्यारी में 7.4, डीडीहाट में 2.4 ,थल



2.0, कनालीछीना में 1.5 मिमी बारिश हुई। पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, बेड़ीनाग, तेजम, देवलथल, गणाई गंगोली में बारिश नहीं हुई।

# अपना चेहरा चमकाने के लिए एलजी साहब अब दिल्ली के लोगों के टैक्स का पैसा खर्च करेंगे : सौरभ भारद्वाज

## 10 लोगों की टीम एलजी साहब का सोशल मीडिया चलाएगी : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सचिवालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि एक बेहद ही चौंकाने वाली बात सामने आई है, कि उपराज्यपाल महोदय अब सोशल मीडिया पर खुद को प्रसिद्ध करने के लिए एक सोशल मीडिया चलाने वाले एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी देने वाले है, जिसके लिए उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से एक टेंडर भी जारी किया गया है कउन्होंने कहा कि इस बात की जानकारी उपराज्यपाल महोदय कार्यालय की वेबसाइट पर डाले गए टेंडर से प्राप्त हुई कवेबसाइट पर डाले गए टेंडर की कॉपी पत्रकारों के साथ साझा करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि इस टेंडर के मुताबिक उपराज्यपाल की ओर से सोशल मीडिया चलने वाली कंपनियों को निमंत्रण दिया गया है, कि वह सभी अपनी अपनी कंपनी का प्रस्ताव उप राज्यपाल कार्यालय को भेजें कउन्होंने कहा कि इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है, कि उपराज्यपाल महोदय सोशल मीडिया पर अपने प्रचार प्रसार के लिए दिल्ली के लोगों के टैक्स का पैसा इस्तेमाल करेंगे कउन्होंने कहा कि उपराज्यपाल महोदय के कार्यालय की वेबसाइट पर डले इस टेंडर के मुताबिक लगभग डेढ़ करोड़ रुपए सालाना उपराज्यपाल महोदय के सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार के लिए खर्च किया जाएगा क

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि मैंने आज ट्विटर पर एक सर्वे करने हेतु एक प्रशन डाला जिसमें मैंने लोगों से पूछा, कि आप सोशल मीडिया पर सालाना कितना पैसा खर्च करते हैं क उन्होंने बताया कि अब तक बहुत सारे जवाब इस प्रश्न के मेरे ट्विटर पर आए हैं, जिसमें बहुत सारे पत्रकार बंधुओ ने भी जवाब दिया है कउन्होंने बताया कि अब तक आए, लोगों के जवाबों के मुताबिक लगभग 88% लोगों ने कहा, कि वह अपने सोशल मीडिया पर एक भी पैसा खर्च नहीं करते, प्रश्न में लिखी कैटेगरी के मुताबिक मात्र कुछ लोगों ने ही कहा कि हम 5 लाख से कम खर्च करते हैं कहालांकि इस सर्वे को शुरू हुई अभी लगभग एक घंटा 15 मिनट हुए हैं और लगभग 23 घंटे का समय अभी बाकी है, क्योंकि 24 घंटे के लिए यह सर्वे किया जा रहा है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सामान्य तौर पर जो भी आम लोग होते हैं, वह अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई पैसा खर्च नहीं करते हैं कउन्होंने कहा कि यदि आप मंत्री हैं, मुख्यमंत्री हैं, प्रधानमंत्री हैं तो सामान्य तौर पर इन सभी की एक सोशल मीडिया टीम होती है जो कि एक जायज बात भी लगती है कपरंतु दिल्ली वालों के टैक्स का पैसा अपना चेहरा चमकाने के लिए उपराज्यपाल महोदय द्वारा खर्च करना क्या जायज बात है? उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल महोदय का कार्यालय या राष्ट्रपति का कार्यालय यह इस प्रकार के कार्यालय होते हैं जहाँ प्रत्यक्ष रूप से जनता से जुड़े कार्य नहीं किए जाते हैं, यही कारण है, कि उपराज्यपाल को और राष्ट्रपति को कानून के दायरे से बाहर रखा गया है कअर्थात कोई व्यक्ति इन लोगों पर किसी प्रकार का कोई मुकदमा नहीं कर सकता कउन्होंने कहा कि ऐसे में उपराज्यपाल महोदय द्वारा अपना चेहरा चमकाने के लिए दिल्ली के लोगों के टैक्स के पैसे का उपयोग करना गैर संवैधानिक है क

उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी किए गए इस टेंडर के माध्यम से सोशल मीडिया हैंडल करने वाली कंपनियों से जो कार्य करने की अपेक्षा उपराज्यपाल महोदय द्वारा की गई है, उस संबंध में जानकारी देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि इसमें लिखा है, कि जो भी कंपनी चुनी जाएगी, उपराज्यपाल महोदय के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कुशलतापूर्वक चलाने की जिम्मेदारी उस एजेंसी की होगी कएलजी सहाब, एलजी कार्यालय और एलजी हाऊस से जुड़े सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चलाने की जिम्मेदारी इस कंपनी की होगी कफेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर पोस्ट करने की जिम्मेदारी भी उस कंपनी की होगी कउप राज्यपाल महोदय के सभी दौरों पर कंपनी की ओर से एक व्यक्ति सदैव उनके साथ रहेगा कचुनी गई कंपनी को उपराज्यपाल द्वारा या उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा सुझाए गए मुद्दों पर ऑडियो क्लिप, वीडियो क्लिप और रील्स बनाकर सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उसे पोस्ट करना होगा

# राकेश थपलियाल और प्रमोद सिंह डीजेए के अध्यक्ष और महासचिव निर्वाचित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



श्री राकेश थपलियाल (प्रधान संपादक, खेल टुडे) और श्री प्रमोद कुमार सिंह (वरिष्ठ पत्रकार, प्रसार भारती) दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के चुनाव 2024-26 में निर्विरोध अध्यक्ष और महासचिव निर्वाचित हुए हैं। श्री नरेश गुप्ता, (पूर्व संपादक, राष्ट्रीय समाचार) कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए), नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) से संबद्ध है।

नामांकन की अंतिम तिथि के बाद चुनाव अधिकारी श्री अशोक किंकर ने सोमवार को चुनाव परिणाम की घोषणा की। सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। चुनाव दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के कार्यालय 7, जंतर मंतर रोड, दूसरी मंजिल, नई दिल्ली 110001 में हुए, जो नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) का मुख्यालय भी है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष श्री रास बिहारी ने सभी निर्वाचित पत्रकारों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि डीजेए दिल्ली में मीडियाकर्मियों के उत्थान के लिए और तेजी से काम करेगा।

निर्वाचित डीजेए कार्यकारिणी 2024-26 : अध्यक्ष : श्री राकेश थपलियाल, महासचिव : श्री प्रमोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष : नरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष : डॉक्टर रामेश्वर दयाल (पूर्व प्रमुख संवाददाता, नभाटा), के पी मलिक (राजनीतिक संपादक, दैनिक भास्कर), रणवीर सिंह (पूर्व खेल संपादक, इंडिया न्यूज़), अनिता चौधरी (दैनिक स्वदेश) चुने गए हैं। सचिव : अमरेन्द्र गुप्ता (वरिष्ठ संवाददाता, डीडी न्यूज), प्रियरंजन (वरिष्ठ संवाददाता, जनसत्ता), कृष्ण देव पाठक (मुख्य संवाददाता, वीर अर्जुन) कार्यकारिणी : सर्वश्री राजेश कुमार भसीन (विराट वैभव), सुशील देव (फ्रीलांस पत्रकार), प्रतिभा शुक्ल (जनसत्ता), सुजान सिंह (फोटोजर्नलिस्ट), नवीन गौतम (पूर्व प्रमुख संवाददाता, दैनिक जागरण), मानवेंद्र कुमार (लाइव इंडिया न्यूज 24/संपूर्ण माया), सगीर अहमद (संसद टीवी), निवेदिता मदाने (फ्रीलांस-मराठी पत्रकार), राजेंद्र स्वामी (वरिष्ठ पत्रकार), दीप्ति अंगरीश (वरिष्ठ पत्रकार), कृष्ण कुमार तिवारी (पहल टुडे), अमित कुमार गौड़ (बियांड इंडिया), आलोक मोहन नायक (वरिष्ठ पत्रकार), डाक्टर अशोक बर्थवाल (धनुष्कर डॉट कॉम) और प्रदीप श्रीवास्तव (जी मीडिया)।

## दिल्ली हिंसा मामले में बाप-बेटे आरोप मुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा से जुड़े एक मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में मिठ्ठन सिंह और उसके बेटे जॉनी कुमार को आरोप मुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपियों की घटनास्थल पर उपस्थिति को साबित नहीं किया जा सका है। इस कारण इन्हें आरोप मुक्त करार दिया जाता है। एडिशनल सेशन जज पुलस्त्य प्रमाचल खजूरी खास इलाके में दिल्ली हिंसा के दौरान हुए मामले की सुनवाई कर रहे थे। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 25 फरवरी 2020 को मोमिना बेगम के घर में भीड़ ने हमला कर दिया और लूटपाट मचाई। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मिठ्ठन सिंह ने बेटे जॉनी कुमार को दुकानें बंद कर आग लगाने के लिए कहा। अदालत ने कहा कि दोनों आरोपी अन्य मामलों में भी पुलिस हिरासत में रहे हैं।

# वेतन न मिलने पर सैकड़ों पत्रकार के आजीविका पर गंभीर संकट, एनयूजे ने जतायी गहरी चिंता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली/नोएडा। देश भर में अति प्रतिष्ठित सहारा मीडिया संस्थान में कार्यरत मीडियाकर्मियों को महीनों से वेतन न मिलने पर उनकी आजीविका पर घोर संकट मंडरा रहा है। सहारा के सैकड़ों मीडियाकर्मियों ने प्रबंधन की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये पर संस्थान में कार्य करने वालों को अविलंब वेतन भुगतान करने की गुजारिश की है और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में अनेक मीडियाकर्मी शामिल हुए। इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए एनयूजे (आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि उक्त मीडिया संस्थान को अविलंब तुरंत प्रभावी तरीके से वेतन भुगतान का निपटारा करना चाहिए, साथ ही पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए बेहतर माहौल भी प्रदान करना चाहिए। रास बिहारी ने कहा कि पत्रकार मुश्किल परिस्थितियों में भी डटकर अपने कार्यों को पूरा करते हैं। ऐसे में उनके वेतन को रोकना न्यायोचित नहीं है। डीजेए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने कहा कि किसी भी संस्थान में पत्रकारों से कार्य करवाना और वेतन या मेहताना न देना बहुत दुखद और निंदनीय है। मैं पहले भी सहाराकर्मियों के लिए सार्वजनिक मंच पर आवाज उठा चुका हूं। सभी को तुरंत बकाया वेतन दिया जाना चाहिए। महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने भी भुक्त पत्रकारों के इस अवस्था पर असंतोष व्यक्त किया है साथ ही मालिक प्रबंधनों से इस दिशा में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की है। प्रबंधन की ओर से सहारा में काम करने की ओर से शांतिपूर्ण मौन प्रदर्शन के बारे में वहां काम करने वाले एक प्रतिनिधि ने बताया कि महीनों से वेतन सही समय पर नहीं दिए जाने से उनके परिवार को आर्थिक संकट से जुझना पड़ रहा है। ऐसे में प्रबंधन से मांग है कि संस्थान से जुड़े सभी पत्रकारों की बकाया राशि एवं भत्ते का भुगतान किया जाए।

# पुलिस ने शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



ख्याला थाना के रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने संदीप नेपाली गैंग के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान लखन उर्फ लक्खा के रूप में हुई है। यह पहले से मर्डर के मामले में शामिल है। इसके पास से चोरी की स्कूटी, मोटरसाइकिल और बटनदार चाकू बरामद किया गया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि हेड कांस्टेबल विक्रम को आरोपित के बारे में सूचना मिली थी। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की और पूरी जानकारी इकट्ठा होने के बाद एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनोद अहलावत, चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की टीम ने ट्रैप लगाकर रघुवीर नगर के बी-3 पुलिया के पास इसको देर रात दबोच लिया। हालांकि पुलिस टीम को अचानक देखकर यह घबरा गया और भागने की कोशिश किया, लेकिन अलर्ट पुलिस टीम ने भागने का मौका नहीं दिया। जिस स्कूटी से यह जा रहा था, वह हरि नगर से चोरी की निकली। तलाशी में बटनदार चाकू मिला और इसकी निशानदेही पर एक और मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसकी गिरफ्तारी से ख्याला, हरि नगर और विकासपुरी थाने के तीन मामलों का खुलासा किया गया है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि यह छठी क्लास तक की पढ़ाई करने के बाद ही गलत संगत में पड़ गया और ईजी मनी कमाने के लिए इस गोरखधंधे में फंस गया। इसी दौरान गैंगस्टर की लाइफ स्टाइल को देखकर यह प्रभावित हो गया और इसने संदीप नेपाली गैंग ज्वाइन कर लिया। जब यह नाबालिक था तो हत्या की एक वारदात को अंजाम दिया था।

# शिक्षा विभाग में डीडीई लेवल के अफसरों में बड़ा फेरबदल, कुछ अफसरों को मलिी खास जिम्मेदारियां

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन लेवल के अफसरों को लेकर कई बड़े बदलाव किए गए हैं। कुछ डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन के रिटायर होने के बाद उनकी जिम्मेदारियां भी दूसरे डिप्टी डायरेक्टरों को एडिशनल के तौर पर दी गई है। साथ ही कई उप-शिक्षा नदिशक के कार्यों में थोड़ा बदलाव कर उनको और कई जम्मिेदारियां दी गई हैं।

शिक्षा निदेशालय के एडिशनल शिक्षा निदेशक (एडमिन) की तरफ से 2 सतिंबर को एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें 8 डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन (डीडीई) और एक प्रिंसिपल प्रमुख रूप से शामलि हैं। ये सभी मौजूदा जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ अब दूसरी नई जिम्मेदारियां भी संभालेंगे। इन सभी के वर्किंभग में बदलाव की एक बड़ी वजह ये भी है कि एक एडिशनल शिक्षा निदेशक और दो डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन रिटायर हो गए हैं। आदेश में नौ अधिकारियों को दिया गया एडशिनल चार्जः अफसरों के रटायिर होने के बाद शक्षिा नदिशालय ने अब उनकी जिम्मेदारी अलग-अलग जोन के लिए दूसरे डीडीई को वर्तमान के साथ एडशिनल चार्ज के साथ दी है। सक्षम प्राधिकारी के आदेशों पर इन सभी उप-शिक्षा निदेशकों को बिना किसी एक्स्ट्रा रैम्यूनरेशन (अतरिक्तिस मानदेय) की नई अतिरिक्त जिम्मेदारियां तत्काल प्रभाव से संभालने के आदेश भी दिए गए हैं। डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन मोहिंदर पाल को कई अहम जिम्मेदारियांः आदेशों के अनुसार डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन (समग्र शिक्षा) मोहिंदर पाल को एडिशनल शिक्षा निदेशक उधम सिंह कुर्मी के रिटायर होने के चलते उनकी कई अहम जिम्मेदारियां का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसके अलावा डीडीई अनिल कुमार, साउथ बेस्ट बी-क्कको साउथ डीडीए की एडशिनल जिम्मेदारी दी गई है। यह जिम्मेदारी एके त्यागी (डीडीई) के रिटायर होने के बाद दी गई है। इसी तरह से अशोक कुमार (डीडीई) के सेवानिवृत होने के बाद सुरेश चंद मीणा, डीडीए नॉर्थ ईस्ट-क्कको डीडीई साउथ ईस्ट की भी जिम्मेदारी दी गई है।

अतिरिक्त प्रभार के साथ जारी की गई नई सूचीः नॉर्थ ईस्ट-क डीडीई सुधा सिंह को वेस्ट-बी (डीडीई) का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वेस्ट-बी (डीडीई) के साथ साउथ वेस्ट-डीडीई का अतिरिक्त प्रभार राजवीर सिंह, नॉर्थ ईस्ट-कका अतिरिक्त प्रभार ईस्ट पीके त्यागी सौंपा गया है। इसके अलावा डीडीई (साइंस एंड टीवी) के साथ आईईबी, डीडीए (पैक एंड एडल्ट एजुकेशन सेल), डीडीई पीईसी, स्कूल ऑफ एजुकेशन सेल आदि के साथ अब डीडीई (ईस्ट) का भी एडिशनल चार्ज संभालेंगे। डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन जोन-क्कभगवती स्वरूप अग्रवाल को नॉर्थ ईस्ट-क्ककी जिम्मेदारी भी दी गई। परविंदर कुमार प्रिंसिपल को भी डीडीई (समग्र शिक्षा) का अतिरिक्त प्रभारः जारी आदेश में कोर ब्रांच के ओएसडी परविंदर कुमार प्रिंसिपल को भी डीडीई (समग्र शिक्षा) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनकी जम्मिोदारी को बढ़ाते हुए उनको कोविड डॉक्यूमेंटेशन के लिए नोडल ऑफिसर और स्कूल एजुकेशन विभाग और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के लिटरेसी से ह्यूमन इंटरेस्ट से जुड़ी स्टोरी आदि के लिए भी जिम्मेदारी दी गई है।

# ऑपरेशन कवच के तहत 961 ड्रग तस्कर धरे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ ह्यऑपरेशन कवच के तहत पुलिस ने इस साल 31 अगस्त तक 961 नार्को अपराधियों को गिरफ्तार किया है। नशे पर नकेल कसने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों और इकाइयों द्वारा यह अभियान भारत सरकार के ह्यनशामुक्त भारत के तहत चलाया जा रहा है। ऑपरेशन कवच के तहत पुलिस ने इस साल 31 अगस्त तक 65.086 किलोग्राम हेरोइन, 1.912 किलोग्राम कोकीन, 2258.379 किलोग्राम गांजा, 102.345 किलो अफीम, 42.606 किलो चरस और 73.06 किलोग्राम खसखस बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने 695 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले भी दर्ज किए हैं। इसके पहले मई, 2023 में पूरी दिल्ली में इस ऑपरेशन के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया गया था।

एक दिन में 325 स्थानों पर छापामारी : खासबात यह है कि इस अभियान के तहत महज एक दिन में दिल्ली के 15 जिलों में 325 स्थानों पर छापामारा गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी के साथ 66 एनडीपीएस मामलों में 74 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ऑपरेशन के दौरान करीब 108.93 किलोग्राम हेरोइन, 66.28 किलो गांजा, 1100 ग्राम चरस, 16 ग्राम एमडीएमए बरामद किया है। इसके अलावा, दिल्ली आबकारी अधिनियम के कुल 54 मामले भी दर्ज किए गए, जिसमें 54 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

# पंजाबी बाग में गैंबलिंग के अड्डे पर रेड, 7 आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी जिला की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने गैंबलिंग के अड्डे पर छापा मार करके सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक लाख से ज्यादा रुपये, 260 प्लेइंग कार्ड और 400 टोकन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पंजाबी बाग थाना के अरिहंत नगर इलाके में पुलिस टीम ने की। पश्चिमी जिले के डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि कांस्टेबल नवीन को एक सूचना मिली थी कि अरिहंत नगर में देर रात गैंबलिंग का अड्डा चलाया जाता है। अलग-अलग इलाकों से लोग वहां इकट्ठा होते हैं। उस सूचना पर एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष चौधरी की टीम ने कंफर्म किया और फिर वहां पर छापा मारकर सात आरोपितों को मौके से पकड़ा। किराए पर कमरा लेकर यह गैंबलिंग का अड्डा चलाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इस अड्डे को जयदेव पार्क के रहने वाले कारण बिष्ट द्वारा चलाए जा रहा था। यहां रोजाना आधा दर्जन से ज्यादा लोग इकट्ठा होकर अड्डे पर पहुंचते थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपित मोती नगर, अशोक विहार, विकासपुरी, टैगोर गार्डन, जयदेव पार्क और पश्चिम पुरी दिल्ली के रहने वाले हैं। आगे की कार्रवाई पुलिस के द्वारा की जा रही है।

# गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गांजा की तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके पास से डेढ़ किलो से ज्यादा फाइन क्वालिटी का गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लवली कुमार के रूप में हुई है। यह बिहार के खगड़िया का रहने वाला है। मध्य जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने बताया कि यह शख्स कमल टी पॉइंट से जखीरा की तरफ जा रहा था। इस दौरान एक जानकारी पुलिस को मिली और वहां पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार की टीम ने छापा मारकर इसको जखीरा फ्लाईओवर पर रोकने की कोशिश की। यह पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन कुछ दूरी के बाद पुलिस टीम ने इस दबोच लिया। पूछताछ में इसकी पहचान की गई और इसके पास से कुल 1 किलो 828 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके खिलाफ आनंद पर्वत थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

## गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गांजा की तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके पास से डेढ़ किलो से ज्यादा फाइन क्वालिटी का गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लवली कुमार के रूप में हुई है। यह बिहार के खगड़िया का रहने वाला है। मध्य जिले के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने बताया कि यह शख्स कमल टी पॉइंट से जखीरा की तरफ जा रहा था। इस दौरान एक जानकारी पुलिस को मिली और वहां पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार की टीम ने छापा मारकर इसको जखीरा फ्लाईओवर पर रोकने की कोशिश की। यह पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन कुछ दूरी के बाद पुलिस टीम ने इस दबोच लिया। पूछताछ में इसकी पहचान की गई और इसके पास से कुल 1 किलो 828 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके खिलाफ आनंद पर्वत थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम के द्वारा की जा रही है।

## हेड कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली

नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर पुलिस कॉलोनी में एक हेड कांस्टेबल ने देशी कट्टे से खुद को गोली मार ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कर्मी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक हेड कांस्टेबल की पहचान विकास चौधरी के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि हेडकांस्टेबल ने अपने फ्लैट में देसी कट्टे से अपने सिर में गोली मारी, जिससे उनकी जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक हेड कांस्टेबल डिप्रेशन में चल रहा था, जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह की है।


## 14034/14033 जम्मू मेल का सूबेदारगंज तक विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. **14034/14033** श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – दिल्ली जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (जम्मू मेल) को दिनांक **05.09.2024** से सूबेदारगंज तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| स्टेशन / रेलगाड़ी संख्या 14034 | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 15:20 | -- | 15:20 |
| शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से अंबाला कैंट जंक्शन के बीच समय में कोई बदलाव नहीं। | | | | |
| अंबाला छावनी जं. | 00:28 | 00:35 | 00:25 | 00:30 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 01:05 | 01:07 | 00:59 | 01:01 |
| करनाल | 01:30 | 01:32 | 01:22 | 01:24 |
| पानीपत जं. | 01:54 | 01:56 | 01:44 | 01:46 |
| समालखा | 02:10 | 02:12 | 01:58 | 02:00 |
| सोनीपत जं. | 02:53 | 02:55 | 02:17 | 02:19 |
| नरेला | 03:09 | 03:11 | 02:31 | 02:33 |
| आदर्श नगर दिल्ली | 03:28 | 03:30 | 02:54 | 02:56 |
| सब्जी मण्डी | 03:39 | 03:41 | 03:04 | 03:06 |
| दिल्ली जं. | 04:30 | -- | 04:05 | 04:20 |
| अलीगढ़ जं. | विस्तारित स्टेशन | | 06:08 | 06:10 |
| टूण्डला | | | 07:06 | 07:08 |
| गोविन्दपुरी | | | 09:25 | 09:30 |
| फतेहपुर | | | 10:25 | 10:27 |
| सूबेदारगंज | | | 12:35 | -- |

| स्टेशन / रेलगाड़ी संख्या 14033 | वर्तमान समय | | परिवर्तित समय | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| सूबेदारगंज | विस्तारित स्टेशन | | -- | 10:35 |
| फतेहपुर | | | 11:40 | 11:42 |
| गोविन्दपुरी | | | 13:10 | 13:15 |
| टूण्डला | | | 15:58 | 16:00 |
| अलीगढ़ जं. | | | 17:08 | 17:10 |
| दिल्ली जं. | -- | 20:05 | 19:55 | 20:10 |
| सब्जी मण्डी | 20:20 | 20:21 | 20:23 | 20:25 |
| नरेला | 20:41 | 20:43 | 20:45 | 20:47 |
| सोनीपत जं. | 20:57 | 20:59 | 21:01 | 21:03 |
| गन्नौर | 21:12 | 21:14 | 21:19 | 21:21 |
| समालखा | 21:25 | 21:27 | 21:32 | 21:34 |
| पानीपत जं. | 22:02 | 22:04 | 21:48 | 21:50 |
| करनाल | 22:26 | 22:28 | 22:12 | 22:14 |
| कुरुक्षेत्र जं. | 22:52 | 22:54 | 22:47 | 22:49 |
| अंबाला छावनी जं. | 00:02 | 00:07 | 00:02 | 00:07 |
| अंबाला कैंट जंक्शन से शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) के बीच समय में कोई बदलाव नहीं। | | | | |
| श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 09:15 | -- | -- | 09:15 |

नोट: रेलगाड़ी संख्या 14034/14033 सुबेदारगंज – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा का सुपरफास्ट श्रेणी में परिवर्तन होने के कारण इसकी रेलगाड़ी संख्या मे बदलाव किया जायेगा जो नई रेलगाड़ी संख्या 20434 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 04.01.2025 से और रेलगाड़ी संख्या 20433 सुबेदारगंज से दिनांक 04.01.2025 से प्रभावी होगा।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2742/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ईडी का आरोप- अमानतुल्ला ने अवैध तरीके से अर्जित नकदी का लेनदेन किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान वैध रूप से अर्जित धन का लेनदेन करने के साथ ही दिल्ली में एक अचल संपत्ति की खरीद के लिए उक्त नकदी के इस्तेमाल में संलिप्त थे। संघीय एजेंसी ने ओखला से विधायक खान को सोमवार को उनके घर की तलाशी लेने के बाद गिरफ्तार किया। उन्हें उसी दिन एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें चार दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने उन पर मामले में सहयोग नहीं करने और जांच से बचने का भी आरोप लगाया तथा दावा किया कि उन्हें भेजे गए 14 सम्मन में से वह केवल एक बार ही जांच अधिकारी के समक्ष पूछताछ और बयान दर्ज कराने के लिए पेश हुए। आप विधायक के खिलाफ धनशोधन का मामला दो प्राथमिकी से उपजा है जिनमें से एक दिल्ली एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक शाखा) द्वारा और दूसरी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2016-2021 तक दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दर्ज की गई थी।

ईडी और सीबीआई ने उन पर दिल्ली वक्फ बोर्ड (डीडब्ल्यूबी) में ग्रुप सी और डी कर्मचारियों की नियुक्ति में अवैधता में लिप्त होने, सरकार को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने के अलावा डीडब्ल्यूबी की संपत्तियों के किरायेदारी आवंटन में उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने आधिकारिक पद का कथित दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। खान की पार्टी ने उनका पुरजोर बचाव करते हुए दावा किया है कि भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए उनके अन्य नेताओं की तरह उन्हें भी झूठे मामले में फंसाया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जांच में पाया गया है कि खान के निर्देशों के तहत, उनके कथित सहयोगियों जीशान हैदर और दाउद नासिर ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान गलत तरीके से अर्जित उनके धन का प्रबंधन किया और इन पैसों का इस्तेमाल कौसर इमाम सिद्दीकी नामक एक व्यक्ति के माध्यम से दिल्ली के ओखला इलाके में 275-276, टीटीआई तिकोना पार्क में जावेद इमाम सिद्दीकी की संपत्ति की खरीद के वास्ते नकद भुगतान करने के लिए किया। ईडी ने दावा किया, जावेद इमाम सिद्दीकी और उसकी पत्नी के बैंक खातों में भारी मात्रा में नकदी जमा की गई थी और जब्त की गई डायरी में कौसर इमाम सिद्दीकी द्वारा हस्तलिखित नोट तिकोना पार्क में उक्त संपत्ति की खरीद के लिए अमानतुल्ला खान की ओर से किए गए उसी नकदी लेनदेन से संबंधित है ह्व इसने कहा कि खान को 14 समन जारी किए गए थे, लेकिन वह केवल एक समन (अप्रैल में) पर पेश हुए, वह भी उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ।एजेंसी ने कहा कि उसने समन का पालन न करने के लिए स्थानीय अदालत में दो शिकायतें दायर की हैं। ईडी ने कहा कि एक जनवरी को जारी समन के लिए, खान ने जवाब दिया कि वह गणतंत्र दिवस के चलते पेश नहीं हो पाएंगे। फिर, अगले तीन समन के लिए, उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की और इसे पेश नहीं होने के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया। उसने कहा कि 16 फरवरी को जारी अगले समन के लिए, उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। एजेंसी ने कहा कि इस रिट याचिका के खारिज होने के बाद, वह अगले तीन समन पर पेश नहीं हुए और कहा कि उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में भी अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। एजेंसी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया और खान को जांच में सहयोग करने और 18 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया, जो उन्होंने किया और जांच में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जतायी। एजेंसी ने कहा कि हालांकि, उन्होंने सहयोग नहीं किया और एक या दूसरे बहाने से जांच से बचना शुरू कर दिया। एजेंसी ने कहा कि जब 19 अप्रैल को समन जारी किया गया, तो खान ने अपनी मां की खराब सेहत का हवाला दिया और 10 दिन का समय मांगा। एजेंसी ने कहा कि खान को वह समय दिया गया और 1 मई को पेश होने के लिए कहा गया। एजेंसी ने कहा कि हालांकि, वह लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने की अपनी प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए उस तारीख को पेश नहीं हुए। ईडी ने कहा कि अगले दो समन के लिए, उन्होंने अपनी खराब सेहत को पेश नहीं होने का कारण बताया और चार सप्ताह के लिए स्थगन मांगा। एजेंसी ने कहा कि उसने चार सप्ताह बाद उन्हें 8 जुलाई को फिर से तलब किया लेकिन उन्होंने अपनी बीए के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का हवाला देते हुए चार सप्ताह के लिए स्थगन मांगा। ईडी ने बताया कि जब 26 जुलाई को आखिरी समन जारी किया गया था तो उन्होंने स्थगन के लिए अपनी सास की खराब सेहत का हवाला दिया था।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 04 सितम्बर, 2024

# उत्तरी-पूर्वी दिल्ली को केजरीवाल सरकार की सौगात

## सीमापुरी के ये नये अकेडमिक ब्लॉक्स दिल्ली के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूलों की बिल्डिंग से भी शानदार-शिक्षा मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अरविंद केजरीवाल केजरीवाल सरकार से उत्तरी-पूर्वी दिल्ली को एक और सौगात मिली है। शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए केजरीवाल सरकार ने सीमापुरी की तंग गलियों में केजरीवाल सरकार ने 4 मंज़िला शानदार नये स्कूल बिल्डिंग का निर्माण करवाया है। विश्वामित्र सर्वोदय विद्यालय, सीमापुरी की ये नई स्कूल बिल्डिंग यहाँ की घनी आबादी वाले क्षेत्र के लिए शानदार शिक्षा का केंद्र बनेगी। मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी व दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने उद्घाटन कर इसे बच्चों को समर्पित किया।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, विश्वामित्र सर्वोदय कन्या विद्यालय के नए अकेडमिक ब्लॉक्स इतने शानदार है कि वो दिल्ली के बड़े से बड़े प्राइवेट स्कूलों की बिल्डिंग से भी शानदार है।

उन्होंने कहा कि, कुछ समय पहले तक इन वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक्स की जगह छोटी सी स्कूल बिल्डिंग हुआ करती थी, जिसमें मात्र 20 कमरे हुआ करते थे। लेकिन आज उसकी जगह 4 मंज़िला 2 शानदार ब्लॉक्स है, जिनमें अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 76 कमरे है। यहाँ हमारे बच्चों को शानदार 6 लेबोरेट्रीज मिलेंगी। शिक्षा मंत्री आतिशी ने साझा किया कि, नए अकेडमिक ब्लॉक के साथ अब हमारी बच्चियाँ यहाँ साइंस स्ट्रीम की पढ़ाई कर सकेंगी और डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट बनने के अपने सपनों को पूरा कर सकेंगी।

उन्होंने कहा कि, ये इलाका घनी आबादी वाला है। ऐसे में यहाँ स्कूलों पर बहुत ज्यादा दबाव होता है। इसलिए मौजूदा स्कूल में हर कमरों में 60 बच्चों को बैठना पड़ता था लेकिन इस नई बिल्डिंग के बाद अब अनुपात 40 पर आ जाएगा। और अब यहाँ ओल्ड सीमापुरी,न्यू सीमापुरी, दिलशाद गार्डन, सनलाइट कॉलोनी, कलंदर कॉलोनी सहित आसपास के हजारों बच्चों को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन मिल सकेगी।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, आज दिल्ली सरकार के स्कूलों में शानदार बिल्डिंग है लेकिन 10 साल पहले तक ऐसा नहीं था। 2015 से पहले दिल्ली के सरकारी स्कूलों का हाल बदहाल होता था। स्कूल के अंदर घुसते ही टॉयलेट की बदबू आती थी, पीने का पानी नहीं होता था, बच्चों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी नहीं होती थी। पंखे-लाइटें टूटी होती थी। एक टीन-टप्पर वाले क्लासरूम में बच्चे ठूँस-ठूँस कर भरे होते थे। क्लासरूम में टीचर नहीं होते थे, क्योंकि उनकी बाकी जगह ड्यूटी लगा दी जाती थी। इसका नतीजा था कि जिस परिवार के पास थोड़े भी पैसे होते थे, वो अपने बच्चों को सरकारी स्कूल से निकलवाकर प्राइवेट स्कूल में भेजते थे। लेकिन बहुत से परिवार ऐसे थे जो दिल पर पत्थर रखकर अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजते थे।

उन्होंने कहा कि, सरकारी स्कूलों के इस हालत के कारण अक्सर बच्चों की पढ़ाई पूरी नहीं होती थी और बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे। इन बच्चों को मजबूरी में छोटे-मोटे काम करने पड़ते थे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, हमारे देश में कहते है कि, बच्चे का भाग्य उसकी हाथ की लकीरों में लिखा होता है। कही न कही ये सच्चाई भी होती थी। 3 साल की उम्र में ही एक बच्चे का भाग्य तय हो जाता था। अगर कोई ऐसे घर से होता था जहां पैरेंट्स महँगे प्राइवेट स्कूल की फीस दे सकते तो वो अच्छे स्कूल में जाता था, अच्छे कॉलेज में जाता था और अच्छी नौकरी पाता था। लेकिन दूसरी ओर जो बच्चा गरीब परिवार से आता था वो पढ़ाई के लिए टूटे-फूटे टीन-टप्पर के सरकारी स्कूल में जाता था, पढ़ाई बीच में छोड़ देता था और यदि पढ़ाई पूरी कर भी लेता तो उसे दुकान में काम करने, मैकेनिक बनने का मौका मिलता था।

लेकिन 2015 में दिल्ली में चमत्कार हुआ और दिल्ली की हाथ की लकीर बदलने वाले, दिल्लीवालों के बेटे, उनके भाई अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। और उन्होंने दिल्ली के बच्चों के हाथ की लकीर बदल डाली। अरविंद केजरीवाल जी ने प्रण लिया कि दिल्ली के हर बच्चे को चाहे वाई अमीर परिवार से आता हो या गरीब परिवार से आता हो, उसे वर्ल्ड क्लास शिक्षा मिलेगी। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के शिक्षा के बजट को दोगुना कर दिया और दिल्ली इकलौता ऐसा राज्य बना जिसने अपने बजट का 25% हिस्सा शिक्षा को दिया। और 2015 के बाद से दिल्ली इकलौता राज्य बना जिसनें हर साल अपने बजट का लगभग एक चौथाई हिस्सा शिक्षा को दिया है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, इसी का नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के स्कूल शानदार हो गये है, बच्चों को शानदार लैब-लाइब्रेरी मिल रही है, वर्ल्ड क्लास सुविधाएँ मिल रही है। उन्होंने कहा कि, सिर्फ.क्लासरूम नहीं बने, यहाँ अच्छे डेस्क आए, शानदार लाइब्रेरी बनी, अत्याधुनिक लैब्स बने। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का मानना है कि, जबतक हम अपने टीचर्स को वर्ल्ड क्लास एक्सपोजर नहीं देंगे तबतक वो बच्चों को वर्ल्ड क्लास शिक्षा नहीं दे सकते। ऐसे में हमने मंत्रियों और अफसरों को नहीं बल्कि अपने टीचर्स को दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज में ट्रेनिंग दिलवाई, उन्हें विदेश भेजा। टीचर ट्रेनिंग का बजट 10 गुणा बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया। ये अरविंद केजरीवाल जी की शिक्षा क्रांति है।

उन्होंने कहा कि, इस शिक्षा क्रांति की बदौलत पिछले 7 सालों से दिल्ली में सरकारी स्कूलों के नतीजे प्राइवेट स्कूलों से शानदार आ रहे है। आज दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे डॉक्टर-इंजीनियर, आईएएस अफसर बन रहे है। इस साल हमारे स्कूलों के 1400 से ज्यादा बच्चे जेईई-नीट क्वालीफाई कर आईआईटी और बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लिया है। आज लोग प्राइवेट स्कूलों की बजाय दिल्ली सरकार के स्कूलों में एडमिशन की शिफारिशें लेकर आते है। एक तरफ देशभर में पैरेंट्स अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों से निकालकर प्राइवेट स्कूलों में भेजते है तो दूसरी तरफ दिल्ली में पिछले 3 सालों 4 लाख से ज्यादा बच्चों ने प्राइवेट स्कूलों से नाम कटवाकर सरकारी स्कूलों में एडमिशन लिया है। ये अरविंद केजरीवाल जी की शिक्षा क्रांति है।

# हर विधानसभा के गांवों में होंगी पंचायते:थान सिंह यादव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- शहरीकृत गांवों को स्लम बनाने के खिलाफ आक्रोश दर्ज कराएगें। पंचायत संघ
- गांवों को सभी शहरी सुविधाएं जल्द दें। थान सिंह यादव

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम शहरीकृत गांवों को नजरअंदाज करना बंद करे।ओर सभी में शहरीकृत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की नांगलोई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नांगलोई जाट, पीरागढ़ी, नांगलोई सईदान इन तीनों गांवों में अभी तक पीएनजी गैस लाइन के कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। जिसको लेकर पंचायत संघ व गांवों के पंचायत प्रमुखों ने बैठक की और 15 दिन के अंदर पीएनजी गैस कनेक्शन देने की मांग रखी। इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो तीनों गांव इसका विरोध दर्ज कराएंगे।

दूसरा इन गांवों का तेजी से विकास का कार्य हो। जिसमें गांवों में सड़को,नालियों,बरसाती नालो,सीवर ओवर फ्लो होना, स्ट्रीट लाईट व सफाई भी सुचारू रूप से हो।इनके आसपास बने अवैध कुड़ा घरों को हटाने का काम हो।इसके साथ ही गांवों के बारात घर, पंचायत घर, बच्चों के खेलने के मैदान व पार्किंग की व्यवस्था कराएं।

पंचायत संघ ने इन सभी शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। पंचायत ने निर्णय लिया है कि संबंधित शासन प्रशासन इसको गम्भीरता से लें। अब गांवों के साथ हो रहे कुठाराघात व दोयम दर्जे के व्यवहार को बर्खास्त नहीं किया जाएगा। इसलिए 15 दिन के अंदर इनके स्वीकृत जो भी बजट राशि है या 15दिन में बजट उपलब्ध कराते हुए। तुरंत गांव की मांगों को प्रमुखता से लेते हुए कार्य करवाएं।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की सभी विधानसभा में आने वाले गांवों में पंचायतें होगी ओर उसमें उनकी मांगों को लेकर संबंधित शासन प्रशासन के खिलाफ सख्त विरोध के साथ निर्णय लिए जाएंगे।

# एकजुट होकर समाज में फैल रही बुराइयों को रोकें: मुफ्ती अफ्फान

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। मौहल्ला दरबार ए कलां बसरी बेगम मस्जिद में जमीयत उलेमा ए हिंद की जानिब से एक प्रोग्राम इसलाहे माशरा के नाम से आयोजित किया गया। जिसकी सदारत मास्टर सैयद जाकिर हुसैन साहब शहर सदर अमरोहा ने की। निजामत मुफ्ती सलमान साहब ने की और मेहमाने खुसूसी हजरत मुफ्ती सैयद मोहम्मद अफ्फान साहब ने फरमाया की आज हम लोगों को जरूरत है की सब लोग छोटी-छोटी कमेटिया बनाएं और समाज मे इस्लाम के लिए काम करें। जो लोग अपना टाइम मोबाइल,कबूतर बाजी, नशा कैरम वगैरह में बर्बाद कर रहे हैं उन लोगों से कहे की अपना टाइम का सही इस्तेमाल करें। लोगों की मदद करें लोगों को नमाज रोजे की तरफ बुलाए, इस तरह से शहर में चार कमेटी या बनाई जाए और वह कमेटी या हर महीने एक मीटिंग करें और समाज में हो रही बुराइयों को रोके मुफ्ती हमजा साहब ने कहा कि आज हमारे समाज को जरूरत है की नौजवान लोग आगे हैं और वह समाज में हो रही बुराइयों से उन लोगों को रोके जो इन बुराइयों में बुरी तरह लग गए हैं खासकर हमें समाज में उन लोगों को रोकना है जो तरह-तरह के नशे कर रहे हैं नशा तमाम बुराइयों की जड़ है इसलिए जो लोग नशा कर रहे हैं उन्हें प्यार से समझा कर नशे से हटाए और नमाज की तरफ लेकर आए।आखिर में मौलाना इरशाद साहब और कमर नकवी ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया प्रोग्राम में मुख्य रूप से कारी मोहम्मद हनीफ,अली इमाम रिजवी एडवोकेट,मौलाना मोहम्मद यूसुफ,मौलाना दिलदार, सभासद शमीमुद्दीन, डॉक्टर अरशद, आलम मंसूरी,मोहम्मद वसीम,शहजाद अहमद, अख्तर हुसैन, मोहम्मद सलमान,मोहम्मद अहमद जैदी, मोहम्मद अजीज, मोहम्मद शाहजेब, फराज सिद्दीकी, मोहम्मद आदिल मोहम्मद इरफान श,मुआज़्ज़म अली, आदि लोग मौजूद रहे।

# मिलक बकैना से रामपुर सफेद तक सड़क निर्माण की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिलाअधिकारी से मिला। जिसमें ग्राम मिलक बकेना से रामपुर सफेद ब्लॉक अमरोहा विधान सभा क्षेत्र नौगावा तक सड़क निर्माण के संबंध में मुलाकात की। जिसमें मिलक बकेना से रामपुर सफेद तक जनहित में सड़क निर्माण कराए जाने के लिए कहा गया क्योंकि इस सड़क पर क्षेत्र के लगभग 20 गांवो को जोड़ा जाता है जिसमें जमना खास दहकबाड़ा मुबारकपुर मेहंदी माफी रामपुर सफेद नांगलिया, नांगलिया पतवीरा कासमपुर आदि गांव के व्यक्तियों का आना-जाना रहता है यह सड़क बहुत जर्जर हालत में है इसका बनाया जाना जनहित में बहुत जरूरी है।प्रतिनिधिमंडल से जिलाधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया है कि इस काम को शीघ्र ही कराया जाएगा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर आदेश अमरोही मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान पण्डित राम अवतार शर्मा बाबूराम पाल अतिकुर रहमान इसाक चौधरी भाई आदिल यमन अभिमन्यु यादव इलियास फारूक नमाज अली ताहिर कमल सोहेल आदि मौजूद रहे।

# पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी में पुरानी रंजिश के कारण इलेक्ट्रिशन की हत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में पुरानी रंजिश के कारण एक व्यक्ति ने बिजली का कार्य करने वाले 24 वर्षीय एक व्यक्ति की जांघ में कथित तौर पर चाकू घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार को कल्याणपुरी के ब्लॉक 18 की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि एक सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि रोहित नाम के व्यक्ति को जांघ पर चाकू लगने के घाव के साथ लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी गुप्ता ने बताया कि पीड़ित को उसका भाई शिवम अस्पताल लेकर आया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहित को बेहोश और अस्थिर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था और प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। डीसीपी गुप्ता के अनुसार, जांच के दौरान शिवम ने पुलिस को बताया कि अमित उर्फ पोली ने पुरानी रंजिश के कारण रोहित की जांघ में चाकू घोंप दिया। उन्होंने बताया कि अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया है।

# मां की मौत का बदला लेने के लिए नाबालिग ने मोमोज दुकानदार की कर दी हत्या, हिरासत में आरोपी

प्रात: किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में 15 साल के किशोर ने अपनी मां की मौत का बदला लेने के लिए मोमोज दुकानदार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने किशोर को हिरासत में ले लिया है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय कपिल के तौर पर हुई है।

डीसीपी ने बताया कि सोमवार रात हेड गवार अस्पताल से कपिल नाम के युवक को चाकू मारे जाने और घायल हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। पूछताछ में पता चला कि प्रीत विहार मेट्रो स्टेशन के पास कपिल घायल हालत में मिला था। राहगीरों ने उसे हेडगवार अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से भी घटनास्थल का निरीक्षण कराया। इस बीच कपिल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

डीसीपी ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि कपिल जगत पुरी इलाके में मोमोज की दुकान चलाता था और उसकी पत्नी के नेपाल लौटने के बाद वह अकेला रहता था। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खांगला गया, जिससे आरोपी की पहचान हो गई और 15 वर्षीय आरोपी को पकड़ लिया गया। उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली है। उसकी निशानदेही पर इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। मां की मौत का बदलाः आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि आरोपी मां के साथ कपिल की मोमोज शॉप में कम करता था। लगभग एक महीने पहले मोमोज दुकान में बिजली के झटके से आरोपी के मां की मौत हो गई थी। आरोपी किशोर को लगता था कि उसकी मां की मौत के लिए मृतक कपिल जिम्मेदार है। अपनी मां की मौत का बदला लेने के लिए आरोपी ने किशोर की चाकूओं से गोदकर कपिल की बेरहमी से हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मुखर्जी नगर ज्वेलरी शोरूम फायरिंग मामले में टीचर सहित 4 गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

24 अगस्त को नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के मुखर्जी नगर में सहगल ज्वेलरी शोरूम पर फायरिंग हुई थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर एक टीचर समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने फायरिंग कर ज्वेलर से एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। और न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में डर और दहशत का माहौल बना हुआ था।सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरीके से बदमाश हाथ में पिस्टल लहराता हुआ शोरूम के बाहर आया। उसने फायरिंग की और फिर एक कागज फेंककर फरार हो गया। इस पर्ची में लिखा था कि एक करोड़ रुपए दे दो, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। साथ ही कागज में भी कंपनी और एसोसिएट का नाम लिखा था। बी मतलब बवाना गैंग यानी नीरज बवानिया। बी मतलब नवीन बाली बी मतलब भोला और बी मतलब बबीता। इन चार बदमाशों के नाम उस गैंग में लिखे हुए थे, जो दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर है। एक टीचर समेत चार लोग गिरफ्तारः पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर एक टीचर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरेंद्र हेमंत निक्की बिधूड़ी और एक अन्य के रूप में हुई है। इसमें हेमंत नाम का व्यक्ति है, जो पेशे से टीचर है। ये इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड है। बताया जा रहा है कि वह अंडरवर्ल्ड में दिलचस्पी दिखाने लग गया था और इसी के चलते वह पहले जेल भी जा चुका है। इसकी मुलाकात कई बड़े नामी गैंगस्टर से भी हुई है। वहीं, अन्य आरोपियों के नाम जग्गू, संपत नहरा, विजय मान हैं।

# सीबीएसई ने डमी स्कूल की समस्या को रोकने के लिए राजस्थान, दिल्ली के 27 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

प्रात: किरण संवाददाता




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी स्कूल की समस्या को रोकने के लिए मंगलवार को राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी के 27 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम बोर्ड द्वारा डमी छात्रों और अयोग्य अभ्यर्थियों को नामांकित करने के मामले में 20 स्कूलों की मान्यता रद्द किए जाने के छह महीने बाद उठाया गया है। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा, इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बोर्ड से संबद्ध स्कूल सीबीएसई द्वारा निर्धारित मानदंडों और उपनियमों का सख्ती से पालन करें। निरीक्षण 27 टीम द्वारा किया गया, जिनमें से प्रत्येक में एक सीबीएसई अधिकारी और सीबीएसई-संबद्ध स्कूल का प्रधानाचार्य शामिल था। उन्होंने कहा, ह्यह्यनिरीक्षण की सधी हुई योजना बनाई गई और इसे समानांतर तरीके से अंजाम दिया गया, जो कम समयसीमा के भीतर सभी चयनित स्कूलों में एक साथ किया गया। गुप्ता ने कहा कि औचक निरीक्षण का दृष्टिकोण इसलिए अपनाया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्कूलों के संचालन और अनुपालन के बारे में एकत्र की गई जानकारी सटीक होने के साथ ही उनके रोजमर्रा के कामकाज को प्रतिबिंबित करती हो।

उन्होंने कहा, इस निरीक्षण के निष्कर्षों की व्यापक समीक्षा की जाएगी और गैर-अनुपालन के मामलों में उचित कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई कठोर निगरानी के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और यह सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण करना जारी रखेगा कि संबद्ध स्कूल बोर्ड द्वारा अपेक्षित गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखें।

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अनेक छात्र डमी स्कूलों में प्रवेश लेना पसंद करते हैं ताकि वे पूरी तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकें। वे कक्षाओं में नहीं जाते हैं और सीधे बोर्ड परीक्षा में शामिल हो जाते हैं। कुछ राज्यों के छात्रों के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में उपलब्ध कोटा को ध्यान में रखते हुए भी अभ्यर्थी डमी स्कूलों का चयन करते हैं। उदाहरण के लिए, जिन अभ्यर्थियों ने दिल्ली में कक्षा 11 और 12 पूरी की होती है, उन्हें दिल्ली राज्य कोटा के तहत राष्ट्रीय राजधानी के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है।

# नोएडा में लूटपाट करने के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार




प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा के सूरजपुर थाने की पुलिस ने सोमवार रात को एक सूचना के आधार पर दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न जगहों से लूटी हुई चार सोने की चेन, 60 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, दो देसी तमंचे, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल बरामद की है। इन बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीती रात को थाना सूरजपुर पुलिस गश्त पर थी, तभी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर लूटपाट करने की नीयत से घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने भट्टा गोल चक्कर के पास से दीपक और श्यामवीर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटी हुई चार सोने की चेन, लूटी गई सोने की चेन बेचकर प्राप्त किए 60 हजार रुपए, एक लूटा हुआ मोबाइल फोन, लूट में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल, दो देसी तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम दिया है।

# आप नेताओं को गिरफ्तार करने के बाद भी दिल्ली के विकास को नहीं रोक पाई भाजपा : आतिशी



प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के एक स्कूल में नए शैक्षणिक ब्लॉक के उद्घाटन के अवसर पर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी की तीखी आलोचना की।

आतिशी ने कहा कि भाजपा ने सोचा था कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डालकर दिल्ली सरकार के कार्यों को रोका जा सकेगा। लेकिन उनके हर प्रयास के बावजूद अरविंद केजरीवाल की सरकार की गतिविधियां निरंतर चल रही हैं। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सतेंद्र जैन को गिरफ्तार कराया, लेकिन वे दिल्ली की शिक्षा, स्वास्थ्य क्रांति, नए फ्लाईओवर और मोहल्ला क्लीनिक जैसी योजनाओं को रोकने में असफल रहे। आज पुरानी सीमापुरी में दो नए शैक्षणिक ब्लॉकों का उद्घाटन किया गया, जिसमें 76 नए कमरे, एक पुस्तकालय, नौ प्रयोगशालाएं, दो प्रिंसिपल रूम और एक लिफ्ट शामिल हैं।

भाजपा की आलोचना करते हुए आतिशी ने कहा कि भाजपा के प्रहारों का जवाब आम आदमी पार्टी स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिकों और नई सड़कों के माध्यम से देती है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि गोवा में कांग्रेस के बहुमत के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने विधायक तोड़कर सरकार कैसे बनाई, कर्नाटक, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में क्या हुआ। आतिशी ने यह भी बताया कि दिल्ली एमसीडी में ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि गैरकानूनी तरीके से चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की गई। मेयर के चुनाव के समय भी इसी तरह की कोशिश की गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पूरा किया गया। आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में लोकतंत्र को कमजोर करने का डीएनए है, लेकिन वे कितनी भी कोशिश कर लें, लोकतंत्र और संविधान को समाप्त नहीं कर सकते।

हरियाणा में गठबंधन के बारे में राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस के नेताओं से राय मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब कांग्रेस के नेता देंगे। गठबंधन पर निर्णय तब होगा जब अरविंद केजरीवाल बाहर आएंगे। दिल्ली में महिलाओं की असुरक्षा के संदर्भ में आतिशी ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नाकामी के कारण महिलाओं को जगह-जगह असुरक्षित महसूस हो रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों से दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षा देने, कानून-व्यवस्था ठीक करने और पुलिस व्यवस्था सुधारने की अपील की।

# गोपाल राय ने दिल्ली भाजपा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षों को लिखा पत्र, प्रदूषण रोकथाम के लिए मांगे सुझाव

प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) पर भाजपा और कांग्रेस हमलावर हैं। वहीं अब पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्षों को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सुझाव मांगा है, जिससे उन पर काम कर प्रदूषण की रोकथाम की जा सके। उनके सुझावों को विंटर एक्शन प्लान में भी शामिल किया जाएगा।

सर्दियों में दिल्ली प्रदूषण के कारण गैस का चैंबर बन जाती है। हर साल सर्दियों में प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से विंटर एक्शन प्लान बनाकर काम किया जाता है। इस बार भी इसको लेकर काम चल रहा है। दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिख कर सर्दियों में प्रदूषण ज्यादा होने पर दिल्ली में आर्टिफिशियल बारिश कराने के लिए कई विभागों के साथ बैठक करने और जरूरी अनुमति दिलाने की मांग की थी। इस पर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा ने कटाक्ष किया था। वहीं, कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी योजनाओं पर सवाल उठाए थे।

सभी के सहयोग से कम होगा प्रदूषणः पर्यावरण मंत्री ने पत्र में अनुरोध किया है कि वे कोई भी सकारात्मक सुझाव दें। जिससे प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सके। पर्यावरण मंत्री राय ने कहा कि सरकार तीन प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित विंटर एक्शन प्लान तैयार कर रही है। इसमें दिल्ली द्वारा की जाने वाली कार्रवाई, पड़ोसी राज्यों के साथ सहयोग और शीतकालीन प्रदूषण को कम करने के लिए केंद्र सरकार के साथ सहयोग की आवश्यकता है।

9 साल में 30 प्रतिशत कम हुआ प्रदूषणः गोपाल राय का कहना है कि विपक्ष से ही नहीं बल्कि सबके सहयोग से ही प्रदूषण कम किया जा सकता है। सीएसई रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली का सिर्फ 31 प्रतिशत प्रदूषण स्थानीय स्तर पर होता है। बाकी प्रदूषण एनसीआर राज्यों से आता है। दिल्ली सरकार सभी विभागों के सहयोग से समर और विंटर के लिए अलग अलग एक्शन प्लान बनाकर वायु प्रदूषण को कम करने का काम कर रही है। दिल्ली सरकार द्वारा लोगों के सहयोग से किए गए कार्यों से बीते नौ सालों में दिल्ली के प्रदूषण में लगभग 30 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है, जबकि देश अन्य शहरों में प्रदूषण बढ़ा है।

# अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लिया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दुर्गेश पाठक और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र पर मंगलवार को संज्ञान लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। न्यायाधीश ने केजरीवाल के लिए पेशी वारंट जारी किया और पाठक को 11 सितंबर को तलब किया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केजरीवाल, पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और शरत रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दायर किया था। सीबीआई ने पिछले महीने अदालत को सूचित किया था कि उसने इस मामले में केजरीवाल और पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी हासिल कर ली है। संघीय एजेंसी ने पहले ही मामले में उनके खिलाफ जांच करने के लिए मंजूरी हासिल कर ली थी।

## संक्षिप्त खबरें

### अवॉर्ड को लेकर आयोजन मंडली ने की बैठक

जमुई [ झाझा ] जमुई जिले के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए नवंबर माह में एक बार ह्यरनम्ह्ल का मंच सजेगा। सोहजाना स्थित एक निजी आवास पर आयोजक मंडली ने बैठक कर जिला मुख्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। दरअसल, बिहार के वरीय आईपीएस अधिकारी विकास वैभव की मुहिम लेट्स इंस्पायर बिहार, लायंस क्लब जमुई, एवं साईकिल यात्रा एक विचार के संयुक्त तत्वावधान में जमुई हण्ट ह्यरनम्ह्ल अवॉर्ड का आयोजन करेगा। जिसमें शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, साहित्य, कला, न्यायपालिका, समाजसेवा, एवं पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्र में जमुई का मान बढ़ाने वाले व्यक्तित्व एक मंच पर सम्मानित किए जायेंगे। आयोजक मंडली में शमिल अभिषेक कुमार झा, विकास कुमार, डॉ. हर्ष, जलज राय, विवेक कुमार आदि ने उक्त जानकारी साझा करते हुए बताया कि इवेंट को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। विदित हो कि जिले के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् दया नाथ झा के पुण्यस्मृति में रन्नम की नींव रखी गई। जिला प्रशासन के संरक्षण में 06 नवम्बर 2022 को ह्यरनम्ह्ल अवॉर्ड की शुरूआत की गई थी। निवर्तमान सांसद चिराग पासवान, जमुई विधायक श्रेयसी सिंह व मंत्री सुमित कुमार सिंह जैसे शख्सियत भी ह्यरनम्ह्ल जैसे रचनात्मक पहल के मुरीद रहे हैं।

### ब्लॉक के कारण रेल परिचालन हुआ प्रभावित

जमुई [ झाझा ] दानापुर रेलमंडल में मोकामा स्टेशन के समीप रेलवे लाइन की मरम्मती को लेकर दो घंटा के लिए गए ब्लॉक के कारण डाउन दिशा में गुजरने वाले कई महत्वपूर्ण गाड़ी अपने निर्धारित समय से कई घंटा बिलंब से झाझा रेलवे स्टेशन पहुंची। प्राप्त जानकारी अनुसार धनबाद पटना इंटरसीटी एक्सप्रेस 2 घंटा, हावड़ा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 2 घंटा 30 मिनट, मधुपर आनंदबिहार एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट, डाउन में मोकामा हावड़ा एक्सप्रेस 1 घण्टा की देरी से चलने के कारण झाझा रेलवे स्टेशन पर रेलयात्रियों को गाड़ी के इंतेजार में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# विधायक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## पौधरोपण करना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा जरूरी है पौधे का देखभाल करना : विधायक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंजः- प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी के नेतृत्व में मनरेगा के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती, कार्यक्रम पदाधिकारी मो0 असलम हुसैन,बीपीआरओ सौरभ कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साजिद हुसैन,मनरेगा जेई निरंजन कुमार, मुखिया गायत्री देवी,मुखिया प्रतिनिधि अशोक सम्राट, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शीतल मेहता सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया। जिसमें गुलमोहर, कदम, पीपल, सागवान, महोगनी, सखुआ, बेल एवं अन्य दर्जनों पौधा लागए गये। वहीं विधायक प्रफूल कुमार मांझी ने पौधारोपण करते हुए कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन, जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर विधायक ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नागरिकों से पौधारोपण करने की अपील की।

वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती ने कहा कि शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण को संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करके शहर को हरा भरा बनाएं तथा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें, ताकि हमारा शहर व जिला हरा भरा रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा।

वहीं कार्यक्रम पदाधिकारी मो0 असलम हुसैन कहा कि जंगल सहित अन्य जगहों में पेड़ो की संख्या में लगातार कमी हो रही है। जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे इसका असर जीव जंतु सहित मनुष्य पे पड़ रहा है। पेड़ लगाने से न केवल पर्यावरण को फायदा होगा बल्कि समाज में हरियाली और स्वच्छता भी रहेगी। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी साजिद हुसैन ने कहा की प्रकृति एवं जीवन बचाने के लिए पौधरोपण आवश्यक है । वृक्ष की कमी से विश्व में क्लाइमेट चेंज एक बहुत बड़ी आपदा के रूप में उभर के सामने आ रही है,जिसके कारण पूरे विश्व में हर तरह का परिवर्तन देखने को मिल रहा जिससे जैव विविधता का लॉस होरहा हमारे फूड का लॉस होगा एग्रीकल्चर का लॉस हो रहा बारिश का लॉस होगा ग्राउंडवाटर का लॉस होगा तो इन सभी चीजों के लिए कार्बन कैप्चर बहुत जरूरी है कार्बन कैप्चर के लिए हम लोगों को पर्यावरण संरक्षण व जीवन बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी है, वहीं बीपीआरओ सौरभ कुमार कहा की पौधा सभी लोगो लगाना चाहिए,पौधा लगाने से हमारा पर्यावरण सहित जीवन भी शुद्ध होता है और पौधा लगने से कई फायदे मिलते है, वहीं मनरेगा जेई निरंजन कुमार ने कहा अभी हर जगह पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है अभी की स्थिति को देखते हुए पौधा लगाना सभी लोगों के लिए बहुत जरूरी है,हर आदमी को एक पौधा लगाना है पर्यावरण को बचाना है तो पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए को एक पौधा अवश्य लगाए ताकि जल जीवन हरियाली और हमारा पृथ्वी का बैलेंस बनी रहे, वहीं अलीगंज पंचायत मुखिया गायत्री देवी ने कहा की पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन पैदा करते हैं जिसे हम सांस के रूप में लेते हैं, और श्वसन के माध्यम से हवा के तापमान को कम करके और कणों को रोककर वायु प्रदूषण को दूर करते हैं,पेड़ लगने के अनगिनत फायदे है, वहीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष शीतल मेहता ने कहा की पेड़ हमारे पर्यावरण को बेहतर बनाने के साथ साथ शरीर को भी स्वस्थ्य रखते है, धरती ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रही है। हरियाली दिनों-दिन घटती जा रही है। इससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। असंतुलित हो रहे पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधों का रोपण बहुत जरूरी हो गया है। वहीं पीटीए संतोष कुमार आंनद ने पौधा रोपण करते हुए बताया कि ये पौधे हमें ऑक्सीजन के रूप में जीवन देते हैं। बावजूद, हम मनुष्य पेड़ों को काटते जा रहे हैं। यह सही नहीं है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण से पर्यावरण को तो स्वच्छ वातावरण मिलेगा ही इससे यह अभियान भी सफल होगा। वैसे भी पेड़ हमारा विष पीने और हमें अमृत देने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे में इनको काटना ठीक नहीं है अपितु पौधों का रोपण करना जरूरी है। इस मौके मुखिया प्रतिनिधि वाईपी सुमन,अशोक सम्राट,रामाशीष कुशवाहा, रोजगार सेवक परमेश्वर दास मनरेगा ऑपरेटर रजाउल हक,धर्मेद कुमार,चंदू पासवान,बबलू कुमार, मोड्ढ हिदायत सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी मौजूद थे ।

# सीबीआई केंद्रीय तोता तो भाजपा का मैना है ईडी : संजय केशरी




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ( बिहार ) ।आईएएस संजीव हंस के यहां छापेमारी के क्रम में करोड़ों रुपए की अवैध चल-अचल सम्पत्ति तथा सुशासन सम्पोषित भ्रष्टाचारियों की लंबी श्रृंखला के पर्याप्त सबूत मिलने के बावजूद ईडी द्वारा संजीव हंस को गिरफ्तार नहीं किया जाना साबित करता है कि सीबीआई तोता है तो ईडी भाजपा का मैना है। दो नंबर गुमटी स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में एनसीपी ( शरदचंद्र पवार ) के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने कहा कि ईडी जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, लालू यादव, अफजल अमानुल्लाह को गिरफ्तार कर लेती है तो संजीव हंस की गिरफ्तारी में ईडी के हाथ-पैर क्यों फूल रहे हैं। ईडी भाजपा का राजनीतिक हथियार के रूप में मैना की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीपी ( शरदचंद्र पवार ) ईडी की समीक्षा करेगा कि छह हजार मामलों में सिर्फ पच्चीस मामले ही क्यों अंजाम तक पहुंचे हैं और पांच हजार नौ सौ पंचानबे मामलों में ईडी की खामोशी क्यों है। श्री केशरी ने कहा कि ईडी को अगर अपनी विश्वसनीयता बचानी है तो संजीव हंस के यहां छापेमारी में बरामद चल-अचल सम्पत्ति और तमाम सबूतों को पब्लिक डोमेन में लाना होगा अन्यथा एनसीपी ( शरदचंद्र पवार ) का तीव्र विरोध झेलने के लिए तैयार रहना होगा। संवाददाता सम्मेलन के मौके पर महिला नेत्री संयुक्ता सिंह चौहान, सोनी सिन्हा, जूली शर्मा, शोभा देवी, संजीव वर्मा, बबलु गुप्ता एवं सदानंद भारती आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुरानी बाजार, पिपराडीह काली मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वार्षिक काली पूजा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] भादो मास में नगर क्षेत्र स्थित पुरानी बाजार और पिपराडीह स्थित काली मंदिर में वार्षिक काली पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह से ही दोनो स्थलों पर स्थित काली मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना को लेकर भीड़ लगी रही। सबसे अधिक भीड़ पुरानी बाजार स्थित काली मंदिर में लगी रही जहां नगर क्षेत्र के अलावे अगल बगल ग्रामीणों के द्वारा अहले सुबह से मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना किया और मां काली से अपने सुखमय जीवन की प्राप्ति की कामना किया। दोनो काली मंदिर में सुबह से देर दोपहर तक श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना का सिलसिला जारी रहा। वही दोपहर के वक्त दोनो काली मंदिर में माता का श्रृंगारपूजन होने के बाद पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चारण कर मां काली की पूजा कि गई जिसके बाद मन्नत पूरा होने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा मां काली की अराधना में बलि दिया गया। पुरानी बाजार काली मंदिर के पूजा समिति अध्यक्ष इतु झा ने बताया कि वर्षो से वार्षिक काली पूजा का आयोजन होते आ रहा है तो वही पिपराडीह में योगी रावत, मनोज रावत आदि ने बताया कि इस स्थल पर काली मंदिर का इतिहास काफी पुराना है जिसके कारण यहां भी लोगों के द्वारा पूजा भव्य रूप से कि जाती है। दोनो जगहों पर आयोजित काली पूजा को लेकर पूरा वातावरण भक्तिमय में तब्दील है

## अग्नि विभाग की टीम द्वारा चलाया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। मुदस्सिर थाना के अग्नि विभाग की टीम द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत कटारिया पंचायत में आग से बचा हेतु चलाया जागरूकता अभियान। वही आग से बचाव की जानकारी दे रहे सिपाही विपुल कुमार ने ग्रामीणों के बीच मॉकड्रील एवं अन्य तरह से लोगों को आग से बचाव हेतु जानकारियां दी उन्होंने यह भी बताएं कि अगर आग लग जाए तो आप लोग घबरा ना जिस तरह से हमने आप लोगों को आग से बचाव की जानकारी दिया इसी प्रकार से आप लोग आज पर काबू होने का प्रयास करें। और उससे भी ना हो तो आप को 101 या 112 नंबर पर कॉल कर जान कारियां दे ताकि आपके पास समय पर अग्नि विवाह की टीम उपस्थित होकर हाथ पर काबू पा सके।

# 12 वीं के छात्र के साथ मुखिया ने बेरहमी से किया मारपीट, छात्र के शरीर पर उभरा कई जगह दाग

## मामला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बाराकोला की

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] एक तरफ ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए बिहार सरकार प्रयत्नशील है तो वही दूसरी तरफ स्कूली बच्चे के साथ जनप्रतिनिधि के द्वारा मारपीट किया गया। सुदुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित बाराकोला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बाराकोला में 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ पंचायत के मुखिया के द्वारा बेरहमी से लाठी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक के मन में इस कदर मुखिया के प्रति भय बैठ गया कि वे घर से निकल दूसरे दिन स्कूल पढ़ाई करने के लिए नही गया। नारगंजो से पांच किलोमीटर दूर स्थित हाई स्कूल होने के कारण 15 छात्र प्रत्येक दिन विद्यालय पढ़ाई करने के लिए आते थे लेकिन घटना के बाद मंगलवार को एचएम ने बताया कि मात्र 6 से 7 विद्यार्थी ही पढ़ाई के लिए पहुंचे है। वही रोहित के साथें मुखिया के द्वारा मारपीट किए जाने से उसके शरीर पर कई जगह दाग उभर आया है। घटना के बाद रोहित और नारगंजो से स्कूल जाने वाले कई छात्र में भय बन गया है। नारगंजों गांव के रहने वाले छात्र रोहित कुमार ने बताया कि मै अपने स्कूल में था टीफिन के वक्त एक शिक्षिका ने निमकी लाने के लिए कहा तो मै और मेरा एक साथी बाइक से स्कूल से निकलकर महज पांच- दस कदम की दूरी पर गया तो पंचायत के मुखिया अतुल आनंद गाड़ी रूकवाते हुए मेरे साथ मारपीट करते हुए लाठी से वार किया जिसके बाद में भागकर स्कूल आकर एचएम को पूरी जानकारी दिया। छात्र रोहित की मां ने बताया कि अगर मुखिया ने लड़की को लेकर जो बात स्कूल में बताया है तो मुखिया का पहला कर्तव्य था कि वे सबसे पहले घर पर परिजनों को रोहित के बारे में शिकायत करते लेकिन मुखिया ने ऐसा नही किया और मेरे बेटे के साथ मारपीट किया। विद्यालय के एचएम अमरनाथ प्रसाद ने बताया कि रोहित विद्यालय आया तो उसका सर्वप्रथम इलाज किया उसके बाद मुखिया आया तो उससे छात्र को पीटने का कारण पूछा तो उसने बताया कि रोहित और एक अन्य युवक अक्सर एक घर के पास बैठकर एक लड़की को देखते रहता है। अगर अभिभावक और छात्र मुखिया के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए तैयार होता है तो उसकी शिकायत पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

# बेखौफ अपराधियों ने युवा भाजपा नगर अध्यक्ष तारापुर को गोली मारकर की हत्या



प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर ( मुंगेर 2 सितंबर ) ।तारापुर थाना क्षेत्र के गोगा चक गांव निवासी स्वर्गीय भवेश सिंह के पुत्र 30 वर्षीय बंटी सिंह युवा भाजपा नगर अध्यक्ष तारापुर को रविवार की देर रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने इनके कच्ची कांवरिया पथ स्थित दुकान में घुसकर सोए हुए अवस्था में ही गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मृतक कांवरिया पथ स्थित अपने दुकान में अपने एक छोटे पुत्र के साथ दुकानदारी के काम से निपटने के बाद खाना खाकर सो रहे थे, जहां घात लगाए अपराधियों ने दुकान में घुसकर घटना को अंजाम देकर सभी अपराधी फरार हो गए । गौरतलब है कि सुबह काफी देर तक इनके नहीं जगने पर आसपास के लोगों ने उनके दुकान पर पहुंचकर जब दुकान के भीतर उनके परिजन के साथ प्रवेश किया तो उन्हें खून से लतपत मरा पड़ा देख परिजनों के बीच कोहराम मच गया । सुबह-सुबह घटना की जानकारी जैसे ही गांव वाले को मिली कि देखते ही देखते बंटी सिंह को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उनके दुकान पर जुट गई । तत्पश्चात परिजनों ने तत्क्षण घटना की जानकारी तारापुर पुलिस को दिया । तारापुर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर मौजूद उनके परिजनों एवं ग्रामीणों से लंबी पूछताछ के बाद ग्रामीणों के सहयोग से लाश को तारापुर थाना लाया गया । पुलिस द्वारा सरकारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेजा गया । मृतक अपने तीन भाइयों के बीच दूसरे नंबर पर था । मृतक अपने पीछे पत्नी तीन छोटी पुत्री एवं एक छोटा पुत्र छोड़ गए हैं । इधर प्रभारी थाना अध्यक्ष टीपू सुल्तान तारापुर ने बताया कि पुलिस ने बड़ी धोवई गांव से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । आगे बताया गया कि मृतक के सबसे छोटे भाई नीतीश कुमार ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ तारापुर थाना में मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है । वहीं पुलिस ने घटना क्यों और कैसे हुई के साथ-साथ घटना को अंजाम किसने दिया इसकी पूरी जांच पड़ताल कर रही है । हत्या की घटना को लेकर पूरे गांव के लोग सहमे हुए हैं ।

## पंचायत समिति के बैठक में पीएचईडी विभाग व खाद्यान्न विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित रहने से सभी मुखिया नाराज



प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर ( मुंगेर ) ।अंम्बेडकर भवन के सभागार में विकाश के मुद्दे को लेकर पंचायत समिति का बैठक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रुची रानी ने किया ।इस अवसर पर 15 पंचायत समिति सदस्यों के साथ प्रखंड विकाश पदाधिकारी स्वेता कुमारी, करहरिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, करहरिया पूर्वी पंचायत के मुखिया नन्दलाल मंडल, करहरिया दक्षिणी पंचायत के मुखिया सह प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनय कुमार गुड्डू , प्रखंड कृषी समन्वयक राणा प्रताप सिंह,बाल विकास परियोजना के महिला प्रवेक्षिका श्रृति सिंह, अंचल नाजीर संजय कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे ।सदन में माहौल गर्म हो गया जब मुखिया संजय कुमार सिंह ने पीएचईडी विभाग, एसबीपीडीएल खाद्यान्न सुरक्षा विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति नदारत देख मुखिया द्वारा प्रखंड प्रमुख से जवाब तलब किया गया। तब प्रखंड प्रमुख रुची रानी ने प्रस्ताव को कलम बद्व कर स्पष्टीकरण की मांग किया गया ।आम सदस्यों द्वारा सदस्य वालों कि संख्या नहीं होने के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

## शाइनिंग स्टार बनने पर अनुप्रिया भारती को व्यावसायिक संघ ने किया सम्मानित

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के देसरी करख वार्ड 07 निवासी प्रभाष चंद्र सेविका बबीता कुमारी की पुत्री सुभाष चंद्र की भतीजी अनुप्रिया भारती के शाइनिंग स्टार बनने पर विभूतिपुर व्यावसायिक संघ ने सम्मानित किया हैं। बता दें की अनुप्रिया भारती एली क्लब से चयनित होकर मिस एंड मिस्टर टीम इंडिया की शाइनिंग स्टार बनी है। देश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अनुप्रिया भारती अकेले मूवी में काम करेगी जिसके लिए उसका सिलेक्शन हुआ है। अनुप्रिया भारती के समान समारोह के अवसर पर मुकेश पूर्वे, दीपक कुमार पूर्वे, राजेश, रामकुमार शर्मा, अमरजीत शर्मा, गुड्डू, नरेश शर्मा, अभिनव कुमार सोनू, आदित्य कुमार, गोलू कुमार, लाल बाबू, सुमित कुमार प्रदीप, हरिवंश कुमार, विनय कुमार राय आदि मौजूद थे।

## भूतपूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत डीबीकेएन महाविद्यालय नरहन के सेवानिवृत्ति एसोसिएट प्राध्यापक सह भूतपूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य गिरिंद्र नाथ झा का निधन सोमवार की रात्रि हो गया। उनके निधन की खबर सुनते हैं महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को उपस्थित सभी शिक्षक,शिक्षिकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर शोक वक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

## मारपीट में महिला हुई गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के धुवगामा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई दो पक्षों के बीच मारपीट में एक पक्ष में एक महिला गंभीर जख्मी हो गई। परिजनों के सहयोग से गंभीर जख्मी महिला को सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर ने बताया जख्मी महिला की पहचान धुरूवगामा गांव निवासी जुगनू देवी के रूप में की गई है। वहीं पुलिस जख्मी द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

# कोई भी भवन निर्माण मजदूर योजना से वंचित न हो : जिला श्रम अधीक्षक




प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में। बिहार भवन निर्माण शिल्पकार मजदूर के निबंध हेतु शिविर का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जिला श्रम अध्यक्ष मुंगेर तथा प्रखंड श्रम परिवर्तन पदाधिकारी सदर मुंगेर उपस्थित हुए। आए अतिथि को पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी तथा पूर्व मुख्य रविंद्र मंडल ने बुके देखकर सम्मानित किऐ। वही कार्यक्रम में उपस्थित बिहार भवन निर्माण एवं पथ निर्माण के नवनियुक्त मुंगेर जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार शर्मा को स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवन कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया। उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए जिला श्रम अध्यक्ष ने काहे की हमारे यहां मजदूरों के लिए कई प्रकार के लाभ हैं। सबसे पहले आप लोग अगर अपना निबंध नहीं करवाए हैं। तो आज निबंध कर ले ताकि आप लोग उचित लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी काहे की किसी भी मजदूर भाई को किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो आप हमारे श्रम परिवर्तन पदाधिकारी या हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम आप मजदूरों के लिए हर संभव किसी भी समस्या को दूर करने हेतु तात्पर्य रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित आशा कार्यकर्ता अरुणा देवी सुनीता देवी आंगनबाड़ी सेविका सीता कुमारी तथा पंचायत की सैकड़ो मजदूर भाग लिए ।

# कालिका प्रसाद के विचार और कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- कुमार कालिका प्रसाद सिंह उर्फ हीरा जी की 129 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर केकेएम कॉलेज के परिसर में ह्लबिहार के गौरवशाली इतिहास के आईने में हीरा जी तथा उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्वह्न पर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि कालिका प्रसाद सिंह उर्फ हीरा जी साहस के सुमेरु, संकल्प के गिरिराज और प्रोफेट हीरो थे। वे स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय सिपाही, जमुई जिला का चमकता हुआ सितारा थे। केकेएम कॉलेज हीरा जी की अमर निशानी है। आधुनिक गौरवशाली बिहार के इतिहास की परम सौभाग्य शालिनी तिथि 4 सितंबर 1895 को जमुई गिद्धौर के महाराजा राव महेश्वरी प्रसाद सिंह के आंगन में हीरा जी का एक दिव्य ज्योति के रूप में जन्म हुआ था। हीरा जी गांधी जी के विचारों से प्रेरित थे। महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण तीनो आंदोलनों यथा असहयोग आंदोलन (1921 )नमक सत्याग्रह आंदोलन (1930) एवं भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सक्रिय भूमिका निभाई थी। ब्रिटिश हुकूमत से भारत को स्वतंत्र कराने की जज्बा और जुनून उनके अंदर कूट-कूट कर भरी थी ।उनका दृष्टिकोण समावेशी था। उनका मानना था कि समाज का विकास तभी संभव है, जब निचले तबके का उत्थान होगा। शिक्षा प्रेमी हीरा जी का कहना था कि शिक्षा सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रमुख माध्यम है। समाज के सभी वर्गों को समान अवसर देने की उन्होंने वकालत की थी। प्रो.पासवान ने आगे कहा कि कालिका प्रसाद समाजवादी अवधारणा, त्याग और राष्ट्र सेवा के प्रतिमूर्ति थे। वे व्यक्तित्व के धनी और कृतित्व के महान पुरुष थे। सन 1933 -34 के मुंगेर के विनाशकारी भूकंप के सहायतार्थ बनी समिति के सक्रिय सदस्य के रूप में सराहनीय सेवा की थी । सन 1927 में बिहार विधान परिषद सदस्य 1937 तथा 1946 में बिहार विधानसभा सदस्य के रूप में उनकी बिहार प्रदेश की निःस्वार्थ सेवा अविस्मरणीय है। लेकिन विडंबना है कि राजसुख त्याग कर वनझूलिया आश्रम से आजादी की लड़ाई लड़ने वाले कालिका प्रसाद उर्फ हीरा जी का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं है। इतिहासकारों ने तो उनकी इतिहास को भुला ही दिया किंतु आज जमुई बिहार की जनता एवं नेता ने भी उन्हें विस्मृत कर दिया है। हीरा जी अपने ही घर में बेगाने हो गए हैं। आज महापुरुषों का नाम लेना भी दकियानूसी बात हो गई है। आज स्थिति ऐसी है कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं यह नहीं जानते कि कुमार कालिका प्रसाद कौन थे ? लोग उन्हें विस्मृत करते जा रहे है मानो ऐसा लगता है कि- सुन्नी गलियां गांव विराने ,पूर्वज सारे हुए बेगाने। अपनों की पहचान खो गई ,सारे लोग लगे बौराने ।बोलो लोगों किसे सुनाएं, अपने दर्दो के अफसाने। पाषाणी छाती निर्जल है, प्यासे लोग लगे पगलाने। कांटो ने पीड़ा बाटी है, फूल लगे हैं हमें चिढ़ाने। ऐसे भी हमने दिन देखें, अपने शहर बने अनजाने। उन्होंने कहा कि उस महान पुरुष की महानता अविस्मरणीय है। वे बिहार के गौरव और शान थे। उनमें सज्जनता, दूरदर्शिता, विनयशीलता, निभीर्मानता और राष्ट्रीयता के देवोंपम गुण कूट कूट कर भरे थे। ऐसे महापुरुष के बताए मार्गो पर आज के युवा पीढ़ी को चलना चाहिए। उनके ग्लोरियस हिस्ट्री और जीवनी को भुलाया नहीं जा सकता है। हीरा जी वास्तव में समाज और देश के कोहिनूर थे। कुमार कालिका मेमोरियल महाविद्यालय हीरा जी के भागीरथ प्रयास का ही प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि हीरा जी के कृतित्व और व्यक्तित्व के लिए कृतज्ञ राज्य और समाज उनके पावन चरणों में अर्पित श्रद्धा सुमन समर्पित करता रहेगा तथा साहस सेवा त्याग और समर्पण की भावनाओं से प्रेरित होता रहेगा। 10 सितंबर 1953 को हीरा जी का स्वर्गवास हो गया। वे हमारे बीच नहीं हैं, किंतु उनके विचार, सिद्धांत और आदर्श आज भी हमें नई दिशा देते हैं और चिरकाल तक जमुई तथा बिहार वासियों को प्रेरणा और प्रकाश देते रहेंगे। हीरा जी जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए एक प्रकाश स्तंभ की तरह होते हैं, जो कठिनाइयों में भी मार्ग दिखलाते हैं। उनका जीवन और उनके विचार भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। उनके कार्य और विचारों से प्रेरणा लेकर ही हम एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# समस्याओं को लेकर शिक्षक संगठन व सीईओ के बीच हुई वार्ता

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभिन्न समस्याओं को लेकर बिहार राज्य शिक्षक संघर्ष मोर्चा, अंचल इकाई विभूतिपुर और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के बीच मंगलवार को एक वार्ता हुई। शिक्षक संगठन द्वारा शिक्षकों के ससमय वेतन भुगतान सहित विविध समस्या पर चर्चा की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों के वेतन भुगतान हेतु प्रखंड लेखापाल को नामित करते हुए प्रत्येक माह के इक्कीसवीं तिथि को अनुपस्थिति विवरणी प्राप्त कर माह के पच्चीसवीं तिथि को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना कार्यालय को समर्पित करने का आदेश निर्गत किया। बी.पी.एस.सी. से नवनियुक्त शिक्षकों को नियोजित शिक्षकों के अनुरूप मकान किराया भत्ता साढ़े सात प्रतिशत की दर से भुगतान करने, छठे चरण में नियुक्त शिक्षकों के ग्रेड पे के साथ वेतन निर्धारण, डीए बकाया आदि मुद्दों पर इसी माह समाधान का आश्वासन दिया गयि। संगठन प्रतिनिधियों द्वारा वार्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा लेखापाल से आज की बैठक को प्रोसिडिंग रजिस्टर में लेते हुए उसकी प्रति संगठन सदस्यों को उपलब्ध करवाने की मांग पर आश्वासन दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 04 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### युवक गिरफ्तार

जलालपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलकुंडा गांव में मोटरसाइकिल पर 40 लीटर शराब ले जा रहे हैं युवक को थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने मोटरसाइकिल सहित पकड़ा और फिर कर जेल भेज दिया गया थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार पहुंचने पर बिशनपुर निवासी देव कुमार मांझी को 40 लीटर शराब सहित पकड़ लिया गया साथ में एस आई सुनील कुमार राधा मोहन सिंह डब्लू पासवान मौजूद थे

### चर्चित तिहरे हत्याकांड में दो दोषी करार

छपरा चर्चित तिहरे हत्या कांड की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने रसूलपुर थाना कांड संख्या 133/24 सत्रवाद संख्या 693/24 में रसूलपुर थाना के रसूलपुर निवासी रोशन उर्फ सुधांशु कुमार तथा अंकित कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1),109,329(4) के अंतर्गत दोषी करार दिया है और सजा की बिंदु पर सुनवाई हेतु 5 सितंबर की तिथि मुकर्रर की है। बताते चले की रसूलपुर थाना की धनाडीह निवासी शोभा देवी पति स्वर्गीय तारकेश्वर सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में पुलिस पदाधिकारी के सामने 17 जुलाई 2024 को जख्मी हालत में अपना बयान दर्ज कराई थी।

जिसमें उसने बतलाया था कि 16 जुलाई 2024 की मध्य रात्रि 2:00 बजे वह अपने दोनों बेटी चांदनी कुमारी आभा कुमारी और अपने पति तारकेश्वर सिंह के साथ छत पर सोई थी। तभी बेटी चांदनी कुमारी ने देखा कि पास गांव का रोशन उर्फ सुधांशु कुमार पीछे से छत पर चढ़ रहा है। चांदनी ने मना किया तभी अंकित कुमार और रोशन उर्फ सुधांशु दोनों अपने हाथ में लिए चाकू से उसकी बेटी चांदनी कुमारी के ऊपर वार करने लगे उसको बचाने के लिए आभा कुमारी पिता तारकेश्वर सिंह आए और सुचिका भी गई तो उनको भी वे लोग मारने लगे हल्ला सुन के अगल-बगल के लोग आए।

घटनास्थल पर ही दोनों लड़की चांदनी कुमारी और आभा कुमारी तथा उनके पिता तारकेश्वर सिंह की मृत्यु हो गई । गांव के लोगों ने सुचिका को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया । जहां उसका इलाज हुआ घटना का कारण प्रेम प्रसंग बताया गया है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक सुरेंद्रनाथ सिंह एवं उनके सहयोगी सुभाष चंद्र दास ने सूचिका और डॉक्टर अनुसंधानकर्ता सहित कुल 12 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। बचाव पक्ष की ओर से वीरेश कुमार चौबे और अनिल कुमार सिंह ने अपना पक्ष न्यायालय में रखा।

# लोगों के बदलते खानपान व्यवहार के अनुरूप फलों एवं सब्जियों की खेती के लिये किसानों को करें प्रेरित:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में अगस्त माह में मात्र 183 मिमी बारिश हुई। जिला में अगस्त माह तक कुल वर्षापात सामान्य औसत का लगभग 50 प्रतिशत हुआ है। धान की रोपनी शत प्रतिशत हुई है।

नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि छपरा, मढ़ौरा एवं एकमा नहर प्रणाली में अभी टेल एंड तक पानी पहुँच रहा है। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई द्वारा बताया गया कि जिला में अद्यतन 128 नलकूप क्रियाशील हैं। 23 अन्य नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद हैं। जिलाधिकारी ने इन नलकूपों को क्रियाशील करने हेतु टाइम लाइन निर्धारित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। पीएम किसान सम्मान योजना के तहत सभी लंबित आवेदनों की जांच कर निष्पादन का निर्देश दिया। लोगों के खानपान व्यवहार में बदलाव को देखते हुये मांग के अनुरूप नये प्रकार के फलों एवं सब्जियों की खेती हेतु किसानों को जागरूक करने का निदेश सहायक निदेशक उद्यान को दिया गया। इसके लिये किसानों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक उद्यान ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, अंजीर , नारियल आदि जैसे फलों/सब्जियों के लिये विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप किसानों से आवेदन लिया जा रहा है। क्लस्टर बागबानी योजना के तहत 25 एकड़ क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती के लिये तरैया प्रखंड के चंचलिया तथा नींबू की खेती के लिये मशरख प्रखंड के गंगौली में किसानों का चयन किया गया है। जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में स्थित 889 जलकरों में से 800 जलकरों की बंदोबस्ती की गई है। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन/नहर प्रमंडल , जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर व्यवसायीकरण के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

- आरोप है कि तिरुपति चीनी मिल बगहा द्वारा अवैध अतिक्रमण कर इस सरकारी जमींन पर बाउंड्री वाल का निर्माण आनन फानन में कराया जा रहा है

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।नसीम खान क्या सरकारी जमींन का अतिक्रमण कर व्यवसायिक इस्तेमाल के विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। लिहाजा पीडब्लूडी कि जमींन पर हों रहें अतिक्रमण और निर्माण कार्य बंद करने को लेकर एकजुट ग्रामीणों ने विभाग और प्रशासन को लिखित शिकायत कर इस पर रोक लगाने का मांग किया है। दरअसल बगहा 2 प्रखंड अंचल क्षेत्र के नरईपुर स्थित तिरुपति चीनी मिल द्वारा सरकारी जमींन का अतिक्रमण कर उसपर निर्माण का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए अधिकारीयों को लिखित शिकायती पत्र सौंपा है। आरोप है कि तिरुपति चीनी मिल बगहा द्वारा अवैध अतिक्रमण कर इस सरकारी जमींन पर बाउंड्री वाल का निर्माण आनन फानन में कराया जा रहा है जिससे सेमरा - बगहा मुख्य सड़क कि चौड़ाई भी प्रभावित होगी और सड़क दुर्घटनाएं बढ़ेगी। इतना ही नहीं गन्ना पेराई सीजन में जाम कि भी समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि अनाधिकृत रूप से यहाँ सरकारी जमींन का अतिक्रमण कर धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है और पीडब्लूडी विभाग के जेई से शिकायत करने के बावजूद इसपर कोई रोक थाम नहीं किया गया है और ना हीं किसी अधिकारी ने कोई सुधि ली है लिहाजा अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया है तभी तो एकजुट होकर लोग अंचल कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन पर उतारू हों गए हैं हालांकि तिरुपति चीनी मिल प्रबंधन बगहा द्वारा इस मामले में कोई जानकारी नहीं दी गई है और ना हीं अपना पक्ष रखा है। ऐसे में अब विभागीय जाँच के बाद हीं खुलासा होगा कि वास्तव में बाउंड्री वाल का निर्माण कराई जा रहीं जमींन सरकारी है या चीनी मिल कि नीजी जमींन है ।

बहरहाल बुजुर्ग लालबाबू उपाध्याय और कारोबारी सलीम के साथ आलोक सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों के हल्ला बोल और विरोध में उतर आने के बाद बगहा तिरुपति चीनी मिल प्रबंधक कि मुश्किलें जरूर बढ़ गईं हैं ।

बतादें कि आरजेडी नेता और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से उप विजेता रहें उद्योगपति दीपक यादव तिरुपति चीनी मिल बगहा के प्रबंधक और निदेशक हैं ।

# प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक बाढ़ निरोधी योजनाओं को करें सूचीबद्ध

- प्राथमिकता के आधार पर विभाग को भेजा जायेगा प्रस्ताव:- जिलाधिकारी
- बाढ़ नियंत्रण के अभियंता के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज बाढ़ नियंत्रण के अभियंता के साथ बैठक कर आगामी वर्ष के लिये आवश्यक बाढ़ निरोधी कार्यों के प्राथमिकता निर्धारण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी बाढ़ प्रवण अंचलों में जलसंसाधन विभाग के अभियंता एवं संबंधित अंचलाधिकारी संयुक्त रूप से सभी बांध एवं तटबंधों का निरीक्षण करेंगे। मुख्य रूप से पानापुर, तरैया, मकेर, दरियापुर, सोनपुर, परसा, अमनौर, रिविलगंज, छपरा सदर, दिघवारा एवं मांझी अंचलों में स्थल निरीक्षण किया जायेगा। संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर सात दिनों के अंतर्गत आगामी बाढ़ मौसम से पूर्व अक्राम्य स्थलों कराये जाने वाले आवश्यक बाढ़ निरोधी कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। सूची प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्तर्गत अपर समाहार्त्ता की अध्यक्षता में गठित एक समिति द्वारा इस सूची पर विचार कर प्राथमिकता के आधार पर अंतिम सूची तैयार की जायेगी। इस समिति में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता एवं जिला आपदा शाखा प्रभारी शामिल रहेंगे। प्राथमिकता के आधार पर तैयार अंतिम सूची के आधार पर योजना के क्रियान्वयन के लिये विभाग को जिलाधिकारी के स्तर से प्रस्ताव भेजा जायेगा। बैठक में जिला विकास शाखा प्रभारी, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण , सहायक आपदा पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# मध्य विद्यालय लोहा छपरा के छात्रों को मिला FLN किट और बैग,बच्चो में खुशी



नगरा। शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगरा प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय लोहा छपरा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मिशन (ऋछ्ठ) के तहत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को ऋछ्ठ किट और बैग वितरित किए गए.यह कार्यक्रम बिहार शिक्षा परियोजना के तहत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सारण द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें बच्चों को उनकी शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया.विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजयेंद्र कुमार विजय ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से ई-शिक्षा पर आधारित छात्रों के लिए की गई है.ऋछ्ठ किट में 16 विभिन्न सामग्रियां शामिल हैं, जिनमें पानी की बोतल, स्कूल बैग, स्टेशनरी बॉक्स और कलर बॉक्स जैसी उपयोगी वस्तुएं दी गई हैं.इन किटों का वितरण इस उद्देश्य से किया गया है कि बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति को बढ़ावा मिले और उनकी पढ़ाई में रुचि और भी अधिक हो. कार्यक्रम के दौरान बच्चों में किट प्राप्त करने को लेकर भारी उत्साह देखा गया.प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से न केवल बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी बल्कि उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा. इस वितरण के अवसर में विद्यालय के शिक्षक सागर सिंह चौहान, स्नेह प्रिया, गायत्री कुमारी, मुकेश कुमार, आसिफ अली, और अनिता कुमारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों को प्रोत्साहित किया.

# बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा मनाया गया पूर्व तीज उत्सव

प्रात: किरण, संवाददाता




रक्सौल। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता की अध्यक्षता में इस वर्ष महिला मोर्चा जिला महामंत्री पूनम देवी के नेतृत्व में तीज उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। पति के लंबी आयु हेतु यह पर्व भारत और नेपाल में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर ज्योतिराज गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है, विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाना है, एवं अपने सभ्यता और संस्कृति को ध्यान में रखकर पूरे विश्व में पहचान दिलानी है।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोलह सिंगार प्रतियोगिता में प्रथम प्रिया गुप्ता, द्वितीय रुचि राज गुप्ता, हुई एवं अन्य प्रतियोगितामें प्रथम पार्वती तिवारी, अंशु देवी, कविता कुशवाहा एवं नीता कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूनम देवी, रेणु देवी, अमृता शर्मा, पार्वती तिवारी, सुमित्रा देवी, सीमा देवी, चंपा देवी मीरा कुशवाहा, मीतू गुप्ता, प्रिया गुप्ता, संगीता मिश्रा सीमा देवी, चंदा श्रीवास्तव, अंशु देवी, पूजा गुप्ता, रंजीत गुप्ता, संगीता देवी, सृष्टि कुमारी, काजल गुप्ता, श्वेता कुमारी, नीता कुमारी, मधु सर्राफ, आशा देवी, रुचि राज गुप्ता, संगीता गुप्ता, खुशबू देवी, सुषमा देवी, नीतू देवी, अंशु देवी, पिंकी देवी, मीना देवी , कविता देवी, सपना मिश्रा, अंशु कुशवाहा एवं सीमा देवी कि उपस्थिति रही।

# जदयू स्वर्ण प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंह का निधन

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने विनोद सिंह के निधन पर सोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सिंह मिलनसार स्वभाव के धनी व्यक्ति थे उनको नहीं रहने से मुझे व्यक्तिगत छती हुई पार्टी एक ईमानदार एवम संगठनकर्ता को को दिया है भविष्य में इसकी पूर्ति नहीं हो सक्ति है सोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल,दिनेश सिंह,आनंद किशोर सिंह,जयप्रकाश यादव, डा 0 विशाल सिंह राठौर,महेश सिंह ,रमेश चौरसिया,प्रियदर्शी चौरसिया,अरशद परवेज मुन्नी,पशुपति पटेल, ई0 प्रभास शंकर , विजय दांगी,मनोज सिंह,कुसुम देवी,बाल्मिकी पाठक,मनोज सिंह, काजिम राजा रिजवी,सत्यनारायण सिंह,चंद्रभूषण पंडित,रविंदर सिंह,पवन वर्मा,दिलीप ठाकुर ,इम्तेयाज परवेज,रमेश किशन कुशवाहा,वसीम अकरम,शंभु मांझी फैजान खान,चंदनी सिंह, सकील बानो,जहागीर आलम मुन्ना,दिलीप चौधरी ,सुरेश सिंह,मोहन सिंह,गुड्डी जयसवाल ,कुसुम रानी ,लालमुनि देवी आदि थे

# सेवानिवृत्त के बाद प्रधान वन संरक्षक ने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे वाल्मीकिनगर, किया वीटीआर का दीदार

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। नसीम खान क्या बिहार सूबे के मुख्य वन संरक्षक सेवानिवृत्त होने के पश्चात वाल्मीकिनगर अपने दो दिवसीय निजी दौरे पर वाल्मीकिनगर पहुंचे। इन्होंने इस दौरान वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर के मनमोहक दृश्यों का दीदार किया। वनप्रमण्डल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि मुख्य वन संरक्षक एन जवाहर बाबू 31 तारीख को सेवा निवृत्त हुए है। सेवा निवृति के बाद दो दिन के दौरे पर वाल्मीकिनगर पहुंचे इन्होंने इस दौरान जंगल का अवलोकन किया और इको पार्क में चंपा के पौधे लगाए। सेवानिवृति के बाद भी इनका प्रकृति के प्रति लगाव देखने को मिला। जब पार्क में लगे पेड़ो और पौधों की बारीकी से जानकारियां लीं। बतादें की श्री जवाहर बाबू सोमवार के शाम वाल्मीकिनगर पहुंचे और वीटीआर के खूबसूरत नजरों के दीदार करने के बाद मंगलवार को वीटीआर के खुशनुमा एहसास को सीने लेकर लौट गए।

# सारण पुलिस की सार्थक कार्रवाई

- नए कानून के तहत पहली सजा
- रसूलपुर के तिहरे हत्याकांड में घटना के 48वें दिन, आज दोनों आरोपियों को न्यायालय द्वारा दोषी करार दिया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले के रसुलपुर थानान्तर्गत धानाडीह गांव में गत 17 जुलाई 2024 को ग्रामीण तारकेश्वर सिंह उर्फ झाबर सिंह के मकान के छत पर 03 लोगो को किसी धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया था। इस सम्बंध में रसुलपुर थाना कांड सं0-133/24, दिं0-17.07.2024 धारा- 103 (1)/109 (1)/ 329(4) /3 (5) बी 0एन0 एस0 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक, सारण के निदेर्शानुसार त्वरित अनुसंधान एवं कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्त . सुधांशु कुमार उर्फ.रौशन, पिता- संतोष राम, अंकित कुमार, पिता- सुनील राम दोनों सा०- रसूलपुर, थाना- रसूलपुर, जिला- सारण को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। साथ ही इस घटना से सम्बंधित अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान त्वरित गति से पूर्ण करते हुए 14 दिन में अभियुक्तों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप-पत्र समर्पित कर दिया गया था। न्यायालय, सारण द्वारा 13 अगस्त 2024 को इस कांड मे स्पीडी ट्रायल प्रारंभ करते हुए 22वें दिन आज दोनो आरोप-पत्रित अभियुक्तों सुधांशु कुमार उर्फ.रौशन, पिता- संतोष राम, अंकित कुमार, पिता- सुनील राम दोनों सा०- रसूलपुर, थाना- रसूलपुर, जिला- सारण को धारा-103(1)/109(1)/329(4) बी0एन0एस0 के तहत दोषी करार दिया गया है। न्यायालय द्वारा 05 सितम्बर को दोपहर 12 बजे इस कांड मे दोष सिद्ध अभियुक्तों को सजा सुनाई जाएगी। सारण पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक , बिहार के 06 मूलमंत्र समय, सार्थक, संवेदनशील, शक्ति, सत्यनिष्ठा एवं स्पीडी ट्रॉयल का अनुपालन करते हुए त्वरित अनुसंधान एवं अन्य कार्रवाईयों को पूर्ण किया गया ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। डॉ. कुमार आशीष, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, सारण के नेतृत्व में इस मामले में एसआईटी में

डॉ राकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय), सारण राजकुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2, सारण। रंजीत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, एसपी ऑफिस, सारण. पु0नि0 राकेश कुमार सिंह, प्रभारी अभियोजन कोषांग, पुलिस कार्या0, सारण। .पु0नि0 विरेन्द्र सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक, एकमा। सुश्री रत्ना राभा, फॉरेंसिक विशेषज्ञ, सारण। .पु0अ0नि0 प्रभात कुमार, थानाध्यक्ष, रसुलपुर थाना। पु0अ0नि0 रविन्द्र कुमार, अनुसंधानकर्ता, रसुलपुर थाना शामिल थे। सारण पुलिस अंचलाधिकारी एकमा, दीपक कुमार सिंह, अपर लोक अभियोजक, सुरेन्द्रनाथ सिंह, लोक अभियोजक, सारण, एफ एस एल निदेशक पटना, अमन समीर जिलाधिकारी सारण एवं पुनीत कुमार गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सारण का हार्दिक आभार व्यक्त करती है, जिनके द्वारा इस मामले में त्वरित न्याय दिलाने में सारण पुलिस को ससमय अपेक्षित सहयोग दिया गया.।

# स्मार्ट मीटर लगाने हेतु पुलिस सुरक्षा की मांग

बनियापुर । विद्युत विभाग के द्वारा क्षेत्र मे स्मार्ट मीटर लगया जा रहा है,जहा उपभोक्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है,जिसको लेकर विद्युत विभाग कनीय अभियंता के द्वारा स्थानीय थाना मे आवेदन देकर सुरक्षा की मांग किया है। थाना मे दिए आवेदन मे कनीय विद्युत अभियंता सुजीत कुमार बनियापुर 2 ने कहा है कि अधीनस्थ क्षेत्र सतुआ बजार मानोपाली रामधनाव भिट्ठी सहाबुद्दीन आदि गांवो मे स्मार्ट मीटर लगाना जहा किसी तरह के हो हल्ला न हो इसके लिए पुलिस सहयोग की आवश्यकता समझी जा रही है। उन्होंने सुरक्षा की मांग किया है।

# खेलों से नेतृत्व क्षमता का विकासहोता हैं: जिलाधिकारी




प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय महाराजा स्टेडियम में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य आगाज हुआ। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर, झंडोत्तोलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कुल 15 खेलों को इस आयोजन में शामिल किया गया है। मैं हृदय से सबको बधाई देता हूँ। इस खेल आयोजन में 432 टीम भाग ले रही है। यह बड़ी घटना क्रम है। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी काफी महत्व रखता है। यही वजह है कि बिहार में कुछ दिन पहले ही राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना राजगीर में हुई है। खेल के महत्व का ही यह परिणाम है कि पहले कुल 44 विभाग थे जो खेल विभाग की स्थापना के साथ 45 हो गये हैं। युवा खिलाड़ियों के साथ जिले के विभिन्न इलाकों से आए अभिभावकों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बच्चों को बढ़-चढ़ कर खेल में हिस्सा लेने दें। अब वो जमाना नहीं रहा जब खेलने से करियर प्रभावित होता था अब तो सीधे-सीधे सरकार की नीति है कि मेडल लाओ और नौकरी पाओ। तीनों अनुमंडलों से आए बच्चे-बच्चियां उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने जोर देकर कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, टीम वार्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित होती है। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जो बच्चे इस आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें राज स्तर पर प्रदर्शन का मौका मिलेगा और जो वहाँ अच्छा करेंगे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर देश के नेतृत्व का मौका मिलेगा। जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा मशाल दौड़, संत आग्नेश बालिका विद्यालय चुहड़ी, चनपटिया द्वारा स्वागत गान के साथ ही साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, आलोक भारती शिक्षण संस्थान द्वारा कलर बैंड पार्टी तथा राज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा एनसीसी कैडेट के माध्यम से मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। साथ ही साथ खेल भावना से खेलने का शपथ ग्रहण भी सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग अंडर 14, 17, 19 कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी कोटि के विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत बालक-बालिका खिलाड़ी पदक की प्राप्ति हेतु अपनी कला-कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 432 से ज्यादा विद्यालयों के 3000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। सभी खेल विधाओं में निपुण तकनीकी पदाधिकारी, वरीय खिलाड़ियों, अनुभवी व्यक्तियों, खेल संघों के पदाधिकारी आदि को आयोजन हेतु लगाया गया है। सभी खेल विधा की प्रतियोगिता पछाड़ पद्धति के आधार पर आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर विजेता, उप विजेता, प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र से जिला प्रशासन द्वारा नवाजा जाएगा। आज इन खेलों की हुई प्रतियोगिता।

-खेल विधा एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, कराटे केवल आयु वर्ग अंडर 17 जबकि खेल विधा वॉलीबॉल आयु वर्ग अंडर 14 ,17, 19 की बालक- बालिका की प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

पांच स्थलों पर होगी प्रतियोगिता

- जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तहत महाराजा स्टेडियम में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल ,कुश्ती, फुटबॉल, भारोतोलन, योग एवं खेल भवन सह व्यायामशाला भवन में कराटे, वुशू, शतरंज तथा इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में बैडमिंटन और बड़ा रमना मैदान में क्रिकेट जबकि राम लखन सिंह यादव कॉलेज में खेल विधा बास्केटबॉल की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता दिनांक 3 सितंबर से 7 सितंबर 2024 तक जिला मुख्यालय बेतिया में आयोजित की जाएगी।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया शंभू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया, सदर विनोद कुमार, निदेशक, डीआरडीए अरूण प्रकाशबजिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री, प्रशिक्षु सहायक निदेशक-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, डॉ0 अजय कुमार सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे

# समाजसेवी नेताजी शत्रुधन सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई



तरैया। प्रखंड के तरैया गांव निवासी शत्रुध्न सिंह उर्फ नेता जी की उनके पैतृक आवास पर तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी,वुद्धिजीवी व शिक्षाविदों ने नेताजी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित किये।सारण विकास मंच के सचिव अमरनाथ सिंह ने पुष्प अर्पित करते हुए नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी आजीवन समाज सेवा में लगे रहे। समाज सेवा करते हुए उन्होंने तीन सितम्बर 2021को सदा के लिए इस दुनिया से चल बसे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आजीवन नेताजी के नाम को अमर रखने के लिए एक आदमकद प्रतिमा की स्थापना किया जाये तथा तरैया - मसरख मोड़ का नामकरण शत्रुध्न सिंह नेताजी चौक के नाम से रखा जाय।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में नेता जी के पुत्र प्रतीक शेखर उर्फ मिंटू सिंह, भाई नवलकिशोर सिंह,अमरनाथ सिंह,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि गणेश सिंह,मुकेश सिंह,भृगुनाथ सिंह, बृजकिशोर सिंह, ओम प्रकाश सिंह,श्रीकांत सिंह,नंदकिशोर शर्मा,शिवशंकर शर्मा,मुन्ना बाबा, मंटू सिंह,अरविन्द सिंह,मितेन्द्र सिंह,उमेश सिंह, देव नारायण सिंह उर्फ बनु सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# कुलपति ने किया उदघाटन



छपरा कार्यालय। सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रांगण मे श्री राधा कृष्ण मंदिर द्वारा कृष्ण जन्मअष्टमी के शुभ अवसर पर राधा किशोरी का सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे आखरी दिन जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार वाजपेयी बिजली विभाग स्कूटीब मदन झा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और एसडीओ,विद्युत शम्भू शरण के द्वारा उद्धघाटन किया गया इस अवसर पर उनको बाबा द्वारा मंच पर अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया इस अवसर पर सतीश बाबा मंदिर सचिव विजय लाला मंदिर कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह सुशीलचंद्र शास्त्री सुमंत बाबा गोपाल जी मुन्ना सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे यह कथा 27 अगस्त से शरू हुआ था और 2 सितम्बर को समाप्त हो गया इस अवसर पर कुलपति ने कहा की भागवत सुनकर लोगो को उसका अनुसरण करना चाहिए जो भागवत सुनकर उसका अनुश्रण कर लिए तो कही तीर्थ पर जाने की अवश्यकता नहीं है जब कथा सुनकर घर लौटे तो परिवार जनो के साथ भी बैठ कर सुने हुए कथा का चर्चा करें

# सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से आमजनों को लाभान्वित करने में सभी प्रकार के मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका : डीपीआरओ

## जिला प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों को सकारात्मकता के साथ एक साथ मिलकर करना होगा कार्य।

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी रोचना माद्री सूचना भवन के सभागार में पश्चिम चम्पारण जिले के प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं डिजिटल मीडिया के जिला संवाददाता, ब्यूरो आदि से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों से आमजनों को लाभान्वित करने में सभी प्रकार के मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की योजनाओं को अच्छे तरीके से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रशासन एवं मीडिया प्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अगर कहीं कुछ कमी रह जाती है तो उसे भी मीडिया जिला प्रशासन को अवगत कराये, अविलंब उसे ठीक कराने की दिशा में कारगर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान दर्जनों मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्षेत्र में उत्पन्न हो रही विभिन्न समस्याओं से जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया जायेगा। इस अवसर पर प्रशिक्षु सहायक निदेशक-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, डॉ0 अजय कुमार सिंह सहित मीडिया प्रतिनिधि मोहन सिंह,अनिसुल वरा, शकील अहमद, आशुतोष कुमार बरनवाल, सहित अन्य मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए एक और मौका देने के लिए कुलपति के यहां युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा ने दिया मांग पत्र

छपरा कार्यालय। मंगलवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई के यहां एक मांग पत्र सौंपा जिसमें स्नातक सत्र 2024- 28 के स्पॉट ऐडमिशन नामांकन तिथि को विस्तारित करने तथा विभिन्न कारणों से वंचित छात्रों के लिए नामांकन के लिए एक और अवसर प्रदान करने की मांग पत्र के माध्यम से की है। अध्यक्ष अमित नयन ने कहा कि पिछले दिनों 28 अगस्त को सपोर्ट एडमिशन नामांकन में अफरातफरी जाने के कारण कई छात्र-छात्राओं का आवेदन स्पॉट एडमिशन के लिए बनाए गए केंद्र पर जमा नहीं हो सका।वैसे छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए एक अवसर प्रदान करने की मांग की। साथी कहां की नामांकन प्रक्रिया में भी काफी

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सांसद सुदामा प्रसाद का देवी स्थान में व्यवसाई संघ ने किया स्वागत

आरा।छोटेमझौलेएवम बड़ेव्यवसाईयो की मजबूत आवाज आरा के लोकप्रिय सांसद सुदामा प्रसाद का स्वागत देवी स्थान में व्यवसाई संघ की तरफ से राजेश कुमार द्वारा किया गया।जिसमे मौके पर मौजूद भुनेश्वर यादव, विकास कुमार, ओमप्रकाश मुन्ना, कृष्ण जी, मदन प्रसाद, किशोर केसरी, विनय कुमार, रोहित कुमार, अनिल साह, मनोज कुमार, गणेश प्रसाद, बिट्टूचौरसिया, अमन कुमार, सुभाष प्रसाद, प्रदीप कुमार, राजकुमार और अन्य व्यवसाई मौजूद थे।

### भोजपुर के भैया बहनों ने विभाग स्तरीय प्रश्न मंच में मारी बाजी

भोजपुर। सरस्वती शिशु मंदिर उदवंतनगर के भैया बहने भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार के तत्वाधान में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच ,विषय - संस्कृति एवं संस्कृत बोध में भोजपुर विभाग के सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली बक्सर में पूरे विभाग में शिशु वर्ग में द्वितीय स्थान लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।संस्कृत विषय में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया निखिल,आर्यन, धन जी एवं संस्कृति बोध में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया पार्थ, प्रियांश, एवं बहन जिया प्रमुख थे। विद्यालय के सचिव श्री मान पुतुल लाल जी के द्वारा सभी प्रतिभागी भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया।उन्होंने सभी भैया बहनों को शुभकामना एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पूर्व कांड के चार अभियुक्त गिरफ्तार

बिक्रमगंज(रोहतास)। सूर्यपुरा व नासरीगंज पुलिस ने अलग-अलग जगहों से पूर्व कांड के चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । सूर्यपुरा थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष कंचन राज ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किशुनदासडीह निवासी लाल धारी सिंह के पुत्र धर्मेंद्र कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध सूर्यपुरा थाना में 254 /24 के आलोक में मामला दर्ज था ।तो वहीं दूसरी ओर नासरीगंज पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के बलिया कोठी गांव से नंदकिशोर प्रसाद के पुत्र रंजन कुमार , स्वर्गीय भोला तातों के पुत्र राजू कुमार एवं महेंद्र के पुत्र विकास कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में 285/24 के आलोक में मामला दर्ज था ।

### 37 लीटर देशी दारू व एक बाइक जब्त, कारोबारी फरार

बिक्रमगंज(रोहतास)। कछवां व सूर्यपुरा पुलिस ने अलग-अलग जगहों से देशी दारू जब्त कर लिया है ।साथ ही साथ पुलिस ने मामले में प्रयुक्त एक बाइक को भी जब्त कर लिया है ।कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कैथी गांव से 21 लीटर देशी दारू बरामद किया गया है ।साथ ही साथ मामले में प्रयुक्त एक बाइक को भी जब्त कर लिया गया है ।तो वहीं दूसरी ओर सूर्यपुरा पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के बलिहार दलित बस्ती से 16 लीटर देशी दारू बरामद कर लिया है ।इसकी जानकारी सूर्यपुरा थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष कंचन राज ने दी ।

### धान में शिथ ब्लाइट-गलका रोग दवा का ड्रोन से हुआ छिड़काव

दिनारा (रोहतास) रोहतास ज़िला के नटवार थाना क्षेत्र के ग्राम मिल्की के प्रगतिशील किसान रामबचन पांडेय ज़िले के प्रगतिशील किसान है।धान में लगने वाले शिथ ब्लाइट (गलका) रोग के रोकथाम के लिए इंडोफि ल इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुंबई की दवा इग्लेयर का छिड़काव ड्रोन से किया गया जो की आज अत्याधुनिक टेक्नोलोजी में कारगर साबित हो रहा है।मौके पर कंपनी के रीजनल मैनेजर अक्षय पांडेय ने दवा के प्रयोग की मात्रा एवं इसके काम करने के तरीके को समझाया गया।

### ईट व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली, हालत गंभीर

चेनारी (रोहतास) जिला में अपराधियों के हौसले बुलंद है और अपराधियों द्वारा लगातार हत्या जैसी घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है।सोमवार की देर शाम भी रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक ईट व्यवसाई को गोली मार दी गई। एलघटना के बाद घायल व्यवसाई को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया।घायल व्यक्ति कैमूर जिला अंतर्गत कुदरा थाना क्षेत्र के नेवरास गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह बताया जाता है। जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर सिंह चेनारी थाना क्षेत्र स्थित अपने ईट भट्ठा से लौटकर कुदरा जा रहे थे इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने गोली मार दी।

# मां के जयकारे के साथ काली मंदिर में सप्तशती रुद्राभिषेक पूजन हुई संपन्न

## देर रात भजन कीर्तन में डूबे रहें लोग,मां काली का लिया आर्शीवाद

प्रातः किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) मां काली मंदिर कोपवा में अमावस्या तिथि को लेकर महा सप्तशती पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठ से पहले मां काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए हवन पूजन आरती का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मां काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए 108 अमावस्या को माता के मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए महा सप्तशती का पाठ हवन पूजन आरती करने का निर्णय कमिटी द्वारा लिया गया है।

मंदिर को सिद्धि पीठ बनाना है। इसी क्रम में मंदिर को सिद्धपीठ बनाने के लिए बनारस से आए आचार्य सुशील शास्त्री के टीम के द्वारा 30वीं अमावस्या की पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया इस क्रम में कोपवा गांव के काली मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए सोमवार की रात 30वीं अमावस्या को बनारस से आए आचार्यो सुशील शास्त्री की टीम द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। साथ ही पाठ की समाप्ति के बाद अहले सुबह हवन किया गया। हवन समापन के बाद हजारों लोगों के बीच खिचड़ी, पुड़ी, खीर, सब्जी के रूप में प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही देर रात भजन कीर्तन जारी रहा। जहां माता मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। उक्त अवसर पर कोरानसराय थानाध्यक्ष संजय कुमार,मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पाण्डेय सहित आगत सभी अतिथियों का स्वागत माता की चुनरी देकर कमिटी द्वारा किया गया। इस मौके पर अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ,अवधेश कुमार सिंह, गीता सिंह,नीतू सिंह, डॉ नेहा सिंह,अरुण सिंह पहलवान, एमवीआई विनोद कुमार सिंह,दिव्यांश कुमार, रामेश्वर सिंह,सनमून सिंह,शुभम सिंह, करिया सिंह, मुटुर सिंह, प्रिंस सिंह, अखिलेश सिंह,रामजी सिंह, पप्पू सिंह, अरुण जी,राहुल सिंह, लुलु सिंह,मुन्ना सिंह,भोला सिंह,अभिषेक सिंह,समेत कई लोग सहित भोजपुर, रोहतास,कैमूर,सहित आस पास के दर्जनों गांवों के लोग कार्यक्रम में शिरकत किए।

## हत्या को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी आर ने निकाला आक्रोश मार्च

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास)। लोक जनशक्ति पार्टी आर के जिला अध्यक्ष कमलेश राय के नेतृत्व में रोहतास जिला में प्रतिदिन हत्याएं को लेकर चिंतित होकर लोक जनशक्ति पार्टी आर कार्यकताओं ने फैजलगंज स्टेडियम से लेकर कुशवाहा भवन तक आक्रोश मार्च निकाले उन्होंने कहा कि जिला एसपी लापरवाही के चलते जिला में अपराध प्रतिदिन हो रही है प्रशासन लीपा पोती कर काम निपटारा कर देती है दोषियों की कड़ी कार्रवाई नहीं होती है।

इसके चलते हत्या के ग्राफ बढ़ गई जिला प्रशासन के खिलाफ नारा लगाए और आक्रोश मार्च लोजपा प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि रोहतास में आज दिन प्रतिदिन कहीं ना कहीं प्रखंड में हत्याएं होती रहती है उसे पर गंभीरता से प्रशासन नहीं ले रही है ना जाने कब थामे की रोहतास में हत्या की घटनाएं अजीत राय मैं जिला में हो रहे हत्या पर गहरी दुख व्यक्त किया और जिला प्रशासन से दोषियों की कड़ी सजा दिलाने की मांग की जिला महासचिव जनेश्वर पासवान ,वकील पासवान, छोटेलाल पासवान, राकेश राय, रीना सिंह, सरिता पासवान, रिता पासवान, अजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र पासवान, विक्की पासवान, मनु पासवान , गीता पासवान ,सुमित्रा पासवान ,मालती पासवान ,अशोक, राजवंश सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन



सासाराम(रोहतास)।सासाराम फजलगंज स्टेडियम में बालक बालिका खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन रोहतास जिलाधिकारी नवीन कुमार ने की। डीएम नवीन कुमार ने बताया कि पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को जौहर दिखाने का मौका मिलता है। रोहतास जिला में बड़ी संख्या में स्कूली बालक बालिका ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया है ।

खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास के अलावा बच्चों में छुपी प्रतिभा को जौहर दिखाने का मौका मिलता है। रोहतास के बच्चे प्रतिभा मान है। जो प्रमाण है कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। इसमें बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।जिलाधिकारी नवीन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन की।

## विकास एंव पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग को लेकर देवकुंड मे बैठक



अरवल । बिते दिन देवकुंड मंदिर परिसर में देवकुंड मठ के मठाधीश कन्हैया पुरी, आस पास के सामाजिक कार्यकर्ता व राजनैतिक लोगो की उपस्थिति में देवकुंड धाम के चहुमुंखी विकास एंव पर्यटन स्थल की घोषणा को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी! बैठक में उपस्थित सारे लोगों ने एक स्वर में इस पौराणिक स्थल के विकास की बात कही! बैठक को संबोधित करते हुए देवकुंड महंत कन्हैया पुरी ने कहा कि देवकुंड मंदिर परिसर व बाजार क्षेत्र के विकास के लिए जितना हो सकता वे प्रयासरत है लेकिन सरकारी स्तर से पर्यटन स्थल की घोषणा के बाद इसका विकास और भी भव्य रुप होगा! उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बसपा जिला अध्यक्ष सह अरवल औरंगाबाद रेलवे लाईन निर्माण संघर्ष समिती के संयोजक मनोज सिंह यादव ने कहा कि महान तपस्वी चव्यन ऋषि की तपोस्थली देवकुंड का इतिहास धार्मिक व पौराणिक रहा है बावजूद सरकार के द्वारा इसे नजर अंदाज किया जा रहा है जिसके कारण देवकुंड में आज भी मूलभुत समस्या बनी हई है! बैठक को भाजपा नेता बेकंटेश शर्मा व किसान नेता पुण्यदेव सिंह ने भी संबोधित किया !अरवल औरंगाबाद सीमा पर स्थित देवकुंड धाम की विकास एवं पर्यटन स्थल की घोषणा की मांग को लेकर हुए इस बैठक में महंत कन्हैया पुरी बसपा अध्यक्ष मनोज सिंह यादव भाजपा नेता वेंकटेश शर्मा किसान नेता पूण्यदेव सिंह सहित आसपास के कई सामाजिक व राजनीतिक लोग उपस्थित थे!

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

राजपुर(रोहतास)। राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोबेयां पुल समीप पिकअप वैन और बाइक के टक्कर में एक युवक की मौत घटनास्थल हो गई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नासरीगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वैन राजपुर की ओर से घर जाने के क्रम में बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी । जिस दौरान उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई । घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पर पहुंच गए । तब तक से युवक की मौत हो गई थी । घटना को अंजाम देकर घटनास्थल पर मौजूद भीड़ को देख चालक वाहन को छोड़कर भाग निकला । जिसकी सूचना घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों ने मृतक के परिजन एवं स्थानीय पुलिस को दी । सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । घटनास्थल पर जैसे ही मृतक के परिजन पहुंचे और सड़क पर पड़े शव को देख दहाड़ मार कर रोने लगे । घटना स्थल पर मौजूद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया । तत्पश्चात मृतक के परिजन समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अंत्यपरीक्षण कराने हेतु शव को सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया ।

## स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर बिलिंग साईकल से छूट जाएंगे उपभोक्ता

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करवाना अनिवार्य है । यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो वे बिलिंग साईकल से छूट जाएंगे और उनका बिजली कनेक्शन स्वतः कट जाएगा ।सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है और घर बैठे आसानी से उसे ऐप या फिर गूगल पे के जरिए रिचार्ज कर सकते हैं ।स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह से निःशुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है । सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने अखबार के माध्यम से उपभोक्ताओं को यह भी जानकारी दी है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिए बिजली बिल के लिए एकमुश्त जमा की जाने वाली राशि पर उन्हें ब्याज प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है ,ब्याज दर बैंकों की ब्याज दर से कहीं ज्यादा है ।

2000 रुपये से अधिक का रिचार्ज करने पर 6.75 प्रतिशत ब्याज दर प्राप्त होगा, इसी तरह तीन माह की खपत के बराबर एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा और छह माह की अवधि का एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा । इतना ही नहीं ऑनलाइन रिचार्ज कराने पर 1 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी । स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज न कराने पर बिजली स्वतः कट जाएगी हालांकि, रात में बिजली नहीं काटी जाती है । बिजली कनेक्शन कार्य दिवस पर दिन में 10 बजे से 1 बजे के बीच काटा जाता है । पर्व त्योहार के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाती है । बेहतर यही होगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की राशि खत्म होने से पहले ही उसे रिचार्ज कर लें । उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों से बचाव करने के विषय में उन्हें सचेत किया गया कि बिजली विभाग के नाम पर किए जाने वाले फोन पर यकीन करके अनजान नंबर से भेजे गए । किसी लिंक पर कतई क्लिक न करें । ऐसा करते ही साइबर अपराधी उनके बैंक अकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं । बिजली विभाग की तरफ से इस तरह का कॉल नहीं किया जाता है, यदि उन्हें इस तरह का कोई कॉल आता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं । किसी भी तरह की जानकारी के लिए सिर्फ अधिकारिक नंबर और वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें । किसी तरह का संशय होने पर बिजली विभाग के नजदीक के ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं । उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी तरह की भ्रांति का शिकार न हों । स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर जैसा ही है । इसको इंस्टाल करने से बिजली की अधिक खपत नहीं होती है । जितनी बिजली का इस्तेमाल करेंगे, मीटर उतनी की ही रीडिंग करेगा ।

## लोजपा नेता मृतक के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना : सुनील यादव

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। लोजपा नेता सुनील यादव अलग-अलग कई गांव में पीड़ित के परिजनों से दुख के घड़ी में जाकर ढांढस बंधाया , अरवल विधानसभा के संतावन विगहा में शंभू कुशवाहा के भावह के असामयिक निधन पर उनके घर जाकर सांत्वना दिए, कोनिका में सोनू शर्मा के माता जी के निधन पर शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख व्यक्त किए, वासिलपुर में स्वर्गीय मंगल चौधरी के निधन पर उनके परिजनों से मिले, खानगाह में 40 वर्षीय राजू पासवान के निधन पर परिजनों को ढांढस बंधाया, जलपुरा में अरुण शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र के आहार में डूबने से दर्दनाक मौत पर शोकाकुल परिजनों से मिलकर दुख गहरी व्यक्त किया, फतेहपुर संडा में लक्ष्मण यादव डीलर के शिक्षिका पत्नी के दुखद निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मिले, टेरी पंचायत अंतर्गत सुखी बीघा में पूर्व पैक्स प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के स्वर्गीय दादा जी के निधन पर परिजनों से मुलाकात किए, वही सुखी बीघा में स्वर्गीय नीति राजवंशी के निधन पर परिजनों के से मिलकर सहयोग राशि भी प्रदान किए, बसन बीघा में 32 वर्षीय ओमप्रकाश गुप्ता के गंभीर बीमारी के कारण मौत होने पर परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया, और भी कई जगहो पर लोगों से मिलकर हाल-चाल जाना एवं बलिदाद बजार खभैनी मोड़ पर शहीद विजय यादव जी के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शिरकत किए एवं उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पुलिस प्रशासन की उदासीनता से ज़िला में बढ़ रही आपराधिक घटना : अर्जुन गुप्ता

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय सह मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया आज जिस तरह से ज़िले में लगातार वैश्य व्यापारियों की हत्या हो रही है यह चिंता का विषय बना हुआ है इसका मुख्य कारण पुलिस प्रशासन की उदासीनता है श्री गुप्ता 29 अगस्त को बिक्रमगंज तेंदुनी निवासी अशोक साह के पुत्र आकाश गुप्ता की हत्या की सूचना पर बिक्रमगंज स्थित उनके पैतृक आवास पहुँच शोकाकुल परिवार से मिलने के बात कही श्री गुप्ता ने बताया कि जिस तरह से पीड़ित परिवार के लोगो ने बताया कि हत्या के छह दिन बाद भी आज तक पुलिस हत्यारों की पहचान नहीं कर पाई है जबकि यह घटना दिन की है और पीड़ित के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित पोखरा के पास कर दी गई तथा आकाश का मृत शरीर भी उसी पोखरा में बरामद किया गया इसके बाद भी अभी तक हत्यारों की पहचान नहीं होना इस से साफ पता चलता है कि अपराधियों के मन में न पुलिस प्रशासन का भय है और न ही पुलिस की कोई तत्परता श्री गुप्ता ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज से दूरभाष पर बात कर इस घटना की त्वरित उदभेदन अपराधियों के ऊपर कठोर से कठोर करवाई तथा पुलिस गश्ती बढ़ाने की माँग की जिस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बहुत जल्द इस घटना का उदभेदन कर अपराधियों की गिरफ़्तारी करने की बात कही मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा नगर महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद वैश्य संजय गुप्ता कमलेश प्रसाद के कई वैश्य समाज के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार नेमहादलित टोले के बच्चो के बीच किया दूध का वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



तिलौथू (रोहतास)। महादलित टोला पर झंडोतोलन सरकार और प्रशासन की मजबूरी हो सकती है, पर उनके जीवन में उत्तोतर वृद्धि हो, इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता। देश को आजादी भले मिल गई हो, पर महादलित लोग आज भी कुपोषण के गुलाम है, शिक्षा उनके करीब नहीं है और अच्छे भोजन तो उन्हें नसीब ही नहीं है।

सरकार की बहुत सारी योजनाएं फाइलों में पड़ी रह जाती है और कुछ अधिकारियों के पॉकेट गर्म करने में काम आती है। भारत की अधिकतम जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जी रही है, सबको ठीक से दो वक्त का भोजन भी नसीब नहीं है। ऐसे में सामाजिक कार्यकर्ता या सामाजिक संगठन के लोग अपनी जिम्मेवारी निभाते रहते हैं, उसी में से एक है तिलौथू के सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार, जो गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क पाठशाला चलाते हैं, उनके भोजन वस्त्र एवं जरूरत के चीजों को उपलब्ध कर उन्हें सेवा देते रहते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने आज तिलौथू के नट टोला सलम बस्ती के बच्चों के बीच दूध का वितरण किया, ताकि बच्चे अच्छा भोजन कर पाए, उनका मानसिक संतुलन, मानसिक विकास, शरीर का विकास में एक योगदान बढ़े। दूध वितरण कार्यक्रम के पीछे का मुख्य उद्देश्य है, समाज में ऐसे संपन्न व्यक्ति जो अपने घर में जन्मदिन मनाते हो या शादी का वर्षगांठ का आयोजन करते हो, जो हजारों लाखों रुपए खर्च कर अपनी खुशियां चंद मित्रों में सीमित कर लेते हैं, वो कम से कम उस गरीबों तक भी ध्यान दें, जो उनका पड़ोसी भी है, बिना अच्छे भोजन और बिना अच्छे वस्त्र के भी जीवन जी रहा है।

वह भी हमारे समाज का एक अंग बनकर।उन सभी वंचितों की देखभाल करना, समाज के उच्च कोटि और विचार से संपन्न व्यक्तियों को देखना चाहिए।सत्यानंद ने 25 बच्चो को दूध का पैकेट देकर सभी बच्चो को स्वक्ष और स्वस्थ रहने का टिप्स दिया और प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के माता-पिता एवं उनके अभिभावक से निवेदन किया कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें एवं उन्हें स्वच्छ रखें। उन्हें अच्छा भोजन कराएं, ताकि बच्चे कुपोषण का शिकार ना हो, उनका मानसिक विकास होगा और वह आगे चलकर देश और समाज के अच्छे नागरिक बनेंगे।

## कस्तूरबा विद्यालय का कार्य क्षेत्र मेरे सभी कार्य से अभिनय रहा हैं : उप विकास आयुक्त

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। शिक्षा विभाग के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न्यू पुलिस लाइन स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया। कस्तूरबा की बच्चियों ने नम आंखों से विधाई दी , बच्चियों ने कहा को सर से एक लगा सा हो गया था सर हमेशा से हम लोगो को पढ़ने के साथ साथ विभिनी गतिविधियों में भाग लेने के लिए मनोबल बढ़ाने का कार्य किया हैं । हम लोग को अपने उप विकास आयुक्त सर के हाथो पर रखी बांधने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ था । छात्रावासपाल (आवास वार्डन) ने कहा की सर के आने के बाद कस्तूरबा विद्यालय के प्रति अविभावको का नजरिया बदला हा ,आप जब जब हमारे विद्यालय में आते ह तब एक नया संचार बच्चियों के बीच में देखने को मिला है। आपने के आने के बाद सभी कस्तूरबा विद्यालय में एक वास्टप ग्रुप बनाया गया जिससे ये मालूम होता है की आप कितने संवेदन शीलता से कस्तूरबा विद्यालयों को चलाने का कार्य किया । शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की आज का ये कार्यक्रम किसी इतिहास से कम नही ह जब कोई भारतीय सेवा का पदाधिकारी का विधाई किसी कस्तूरबा विद्यालय के प्रसार में हुआ हो में दावे के साथ कह सक हू की ये बिहार ही नही पूरे भारत के लिए पहली बार हुआ होगा आप के जैसा अधिकारी किसी भी जिला को बड़े सौभाग्य से मिलते हैऔर ये सौभाग्य मेरा भी था कि आप के साथ कार्य करने का मौका मिला मुझे और मेरे विभाग के अधिकारी और कर्मियों को भी । उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय का कार्य क्षेत्र मेरे सभी कार्य से एक अभिनय कार्य रहा हैं मेने जो भी कार्य किया उन सभी में आप सभी के लिए कुछ करना में मुझे एक अलग अनुभूति होती है ।शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री चंदन प्रभाकर ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चरपोखरी, और कई शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित रहे ।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री भोजपुर जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यो मे शामिल हूए



आरा। पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह पूर्व सांसद आर के सिंह मंगलवार को लगातार दूसरे दिन जिला भ्रमण पर रहे ।इस दौरान पूर्व मंत्री बड़हरा विधानसभा के गुंडी गाँव पहुंच कर पिछले दिनो अति पिछड़ा वर्ग के नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना पर पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय दिलाने की बात कहा। उन्होने दोषी को पॉक्सो एक्ट से सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक से बात करने की बात कही। उसके बाद धमार पहुंच कर भाजपा मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी के पिताजी के मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। चरपोखरी के एयर फोर्स के जवान का सड़क दुर्घटना मे मृत्यु होने पर चरपोखरी पहुंच कर जवान के पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना दिए। पूर्व सांसद का जिला भ्रमण के दौरान विभिन्न जगहो पर कार्यकताओं, समर्थको और आम जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।उस दौरान उन्होने आम जनता और कार्यकताओं की समस्याओं को सुना ।लोगो ने लिखित आवेदन दे कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसका समाधान का आश्वासन पूर्व मंत्री द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि भोजपुर जिला का विकास अनवरत होता रहेगा ।मै हमेशा यहाँ के जनता के साथ हरेक दुख सुख मे हूँ।

## गोली काण्ड के चार आरोपी गिरफ्तार भेजे गये जेल



गडहनी। स्थानीय थाना पुलिस ने सीएसपी संचालक को गोली मारने की घटना मे संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।अपर थानाध्यक्ष कुमार गौरव द्वारा बताया गया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू एक विशेष टीम का गठन किया गया ।फलस्वरूप घटना मे संलिप्त रौशन कुमार पिता ओमप्रकाश पाल निवासी अगिआँव, मुकेश कुमार पाल, पिता रघुवंश भगत, निवासी अगिआँव, अमित कुमार पाल उर्फ राजा पिता रघुविर प्रसाद निवासी अगिआँव और सहार थाना क्षेत्र के नाढी गांव निवासी दिपक कुमार रंजन पिता कन्हैया प्रसाद को फायर किया हुआ दो खोखा, दो मोटरसाईकिल, दो आधार कार्ड, पांच मोबाईल, दो एटीएम कार्ड, एक आरसी कार्ड, एक हेमलेट के साथ गिरफ्तार किया गया ।उन्होंने बताया कि गडहनी थाना क्षेत्र के अंगियाव गांव निवासी सागर कुमार पिता चंद्रमा महतो जो की एक सीएसपी संचालक भी है को पिछले शुक्रवार को बाइक सवार तीन अपराधियों ने कमर के पास एक गोली मार दी थी। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच घायल को अस्पताल पहुंचाया था। प्राथमिक पूछताछ में घायल तथा अन्य परिजनों से पता चला था कि घटना से दो दिन पहले सागर जब सीएससी बंद करके घर जा रहा था तो गांव के ही एक अनिल पाल के लड़का है उसकी बाइक से टक्कर हो गई थी जिसके बाद गाली गलौज हुआ था और उसने बोला था कि मैं तुम्हें देख लूंगा और वही लड़का दो अन्य लड़कों के साथ मिलकर सागर को शुक्रवार को जब वह घर से निकला हुआ था तो सड़क पर कमर के पास गोली मार दिया गया था।

## बीज व जैविक प्रमाणन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास, बिक्रमगंज में मंगलवार को एकदिवसीय बीज व जैविक प्रमाणन पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी ने किया।प्रशिक्षण में भाग ले रहे कृषकों को बीज प्रमाणन एवं जैविक प्रमाणन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि बी सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया और प्रमाणिकता की जानकारी किसानों के लिए अनिवार्य है। इसके अभाव में उम्दा किस्म के बीज संरक्षित करने में लोग असफल हो जाते हैं। फसल की गुणवत्ता और उपज के लिए यह आवश्यक है। प्रमाणिक बी के उत्पादन की विधि, मानक और गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए उन्होंने इससे किसानों को लाभान्वित होने का अपील किया। उपस्थित मृदा वैज्ञानिक डॉ रमाकांत सिंह ने प्रमाणिक बीज उत्पादन के व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रमाणित बीजों के लाभ जैसे बेहतर बाजार मूल्य और फसल की गुणवत्ता में सुधार के बारे में बताया।



## अपने तजुर्बे को बेटी पर थोपना नहीं चाहते नवाज



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चल रही हैं। शोरा पिछले महीने अभिनय के गुर सीखने के लिए लंदन आई थीं और हाल ही में, उन्हें वहां एक नाटक करते हुए भी देखा गया। नवाजुद्दीन ने एक हालिया साक्षात्कार में एक्टिंग की ट्रेनिंग लेने पर खुलकर अपनी राय साझा की।

### बेटी ट्रेनिंग ले रही हैं, इससे उसे फायदा होगा

नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि विशेषज्ञ जो सिखाते हैं, उससे दिमाग खुलता है। ट्रेनिंग एक ऐसी चीज है, जिसके जरिए जीवन के उन अनुभवों को भी जल्दी सीख लिया जाता है, जिन्हें निजी जिंदगी में सीखने में कई साल का वक्त लग जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी प्रतिष्ठित संस्थान से ट्रेनिंग ले रही है और ये उसके लिए फायदेमंद होगा।

### अपने तजुर्बे को अपनी बेटी पर थोपना नहीं चाहता

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि वो अपनी जिंदगी के तजुर्बे को अपनी बेटी पर नहीं थोपना चाहते हैं। उनका कहना है कि शोरा अपने नजरिए से दुनिया को देख रही हैं और वो बेटी पर इस बात का दबाव नहीं डालेंगे कि उसे पिता के अनुभव से सीखना चाहिए। नवाज ने कहा कि जिंदगी को लेकर शोरा की खुद की समझ होना जरूरी है।

### पैदाइशी एक्टर जैसा कुछ नहीं होता है, ट्रेनिंग जरुरी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक अभिनेता के लिए ट्रेनिंग की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि पैदाइशी एक्टर जैसा कुछ नहीं होता है। मैं आपका काम नहीं कर सकता और आप भी मेरा काम नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर एक चीज में विशेषज्ञता होती है और गंभीर अभिनेता बनने के लिए ट्रेनिंग चाहिए होती है।



## अनन्या पांडे ने कॉल मी बे के अनुभवों को किया साझा, कहा- मैं आंतरिक अभिनय कर रही थी

**अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज 'कॉल मी बे' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। हालांकि, इस शो की शूटिंग से पहले वह 'खो गए हम कहा' और 'सीटीआरएल' का हिस्सा थीं। यही वजह थी कि अभिनेत्री को वेब सीरीज की शूटिंग में तालमेल बिठाने में समय लगा। अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार के दौरान शूटिंग के पहले दिन आंतरिक अभिनय करने की बात स्वीकार की।**

बातचीत में, अनन्या ने 'कॉल मी बे' के निर्देशक के साथ काम करने के अनुभवों को याद किया। अनन्या पांडे ने कहा, 'मैं आंतरिक अभिनय कर रही थी।' हालांकि, उन्होंने तुरंत यह भी कहा कि कॉलिन डी कुन्हा इससे प्रभावित नहीं थे। इसलिए, उन्होंने अनन्या से कहा, 'यह यहां काम नहीं करेगा, तुम्हें ऊर्जा लगानी होगी।' यही वजह थी कि अभिनेत्री को इस शो की शूटिंग के लिए लय हासिल करने में समय लगा। हालांकि, अंत मे उन्होंने तालमेल बिठाया और इसकी शूटिंग पूरी की। 'कॉल मी बे' 6 सितंबर, 2024 को प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगी। बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने वेब सीरीज में काम करने के अनुभवों को भी साझा किया। उन्हों कहा कि सीरीज में काम करना ताजे हवा के झोंके जैसा था। उन्होंने विक्रमादित्य मोटवानी की थ्रिलर, 'सीटीआरएल' और 'खो गए हम कहां' के बाद सेट पर आने और मस्ती करने की यादों को भी ताजा किया। कॉल मी बे एक आगामी कॉमेडी–ड्रामा वेब सीरीज है। इसे इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने लिखा है। यह दिल्ली की एक अमीर लड़की की कहानी बताती है जो अचानक अपना सब कुछ खो देती है और गुजारा करने के लिए मुंबई में संघर्ष करने को मजबूर हो जाती है। अनन्या पांडे इस शो में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार भी इसमें शामिल हैं। उनके साथ वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर शामिल हैं। अक्टूबर में अनन्या विहान समत के साथ 'सीटीआएल' में भी नजर आएंगी।



## पर्दे पर वापसी करने वाली हैं सोनम कपूर, अगले साल की शुरुआत से करेंगी शूटिंग का आगाज

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जानकारी देते हुए कहा है कि ये एक बड़ा प्रोजेक्ट होने वाला है। अभिनेत्री आखिरी बार साल 2023 की फिल्म ब्लाइंड में नजर आई थीं।

सोनम कपूर हिंदी सिनेमा की जानी–पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्हें रांझणा, नीरजा आदि फिल्मों के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर हैं। उन्होंने गर्भावस्था और मातृत्व वाले ब्रेक के बाद से किसी भी फिल्म का हिस्सा नहीं बनी हैं। वह आखिरी बार साल 2023 की फिल्म ब्लाइंड में नजर आई थीं। इस फिल्म को भी उन्होंने गर्भधारण से पहले शूट किया था। अब, एक बार फिर अभिनेत्री अपने बेटे वायु के जन्म के बाद कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। हाल में ही उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्सुकता जाहिर की और अभिनय के प्रति अपने प्यार का इजहार किया।

### पर्दे पर वापसी करने वाली हैं सोनम कपूर

सोनम कपूर जल्द ही एक बार फिर पर्दे पर नजर आने वाली हैं। उन्होंने हाल में ही अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग को लेकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, मैं अपनी प्रेगनेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे एक अभिनय पसंद है और मुझे अपने पेशे के माध्यम से इतने सारे दिलचस्प किरदार जीना अच्छा लगता है। सोनम ने कहा वह अलग अलग तरह के इंसानों से प्रेरित होती हैं और उन्हें अपनी अलग अलग भूमिकाएं निभाना पसंद आता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

### सोनम ने आगामी प्रोजेक्ट को बताया बड़ा

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह साल 2025 की शुरुआत में इसके लिए शूटिंग शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि आधिकारिक घोषणा होने तक वह इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा बात नहीं कर पाएंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा, यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। अभी मैं इतना ही कह सकती हूं। अभिनेत्री के इस आगामी प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी अभी गुप्त रखी गई है। हालांकि, कयास लगाए जा रहे हैं कि यह एक ओटीटी पर स्ट्रीम होने वाली बड़े बजट की सीरीज होगी। अभिनेत्री अक्सर अपने पति और बच्चे के साथ तस्वीरें साझा करती है। बेटे वायु के दूसरे जन्मदिन पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट भी साझा की थी।

## अभय देओल ने खुद को बताया- सस्ता ब्रैड पिट



बॉलीवुड एक्टर अभय देओल ने इंस्टाग्राम पर अपने नए लुक और हेयरस्टाइल की झलक दिखाते हुए खुद को सस्ता ब्रैड पिट बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभय ने कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में वह अपना नया हेयरस्टाइल और साल्ट–ऐंड–पेपर दाढ़ी वाला लुक दिखाते नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर अभय के 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। हम तस्वीरों में उनके खूबसूरत डिम्पल भी देख सकते हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, फ्रेश कट, नया लुक। मैं इसे सस्ता ब्रैड पिट कहता हूं। हालांकि, उन्होंने आखिर में ये कहा है– ये साफ कर दूं कि हेयर कट सस्ता नहीं है।

### ब्रैड पिट पर डिंपल अच्छे लग रहे हैं

एक फैन ने पोस्ट पर कॉमेंट करते हुए कहा, अभय देओल टायलर डर्डन की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन ब्रैड पिट कभी देव की भूमिका नहीं निभा सकते। एक अन्य यूजर ने कहा, ब्रैड पिट पर डिंपल अच्छे लग रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट कर लिथा– सुपरचोर...सबका दिल चुरा लिया।

### कॉमेडी फिल्म सोचा ना था से फिल्मी करियर की शुरुआत

पर्सनल लाइफ की बात करें तो अभय बॉलीवुड स्टार धर्मेंद्र के भतीजे और सनी देओल, बॉबी देओल, ईशा देओल और अहाना देओल के चचेरे भाई हैं।काम की बात करें तो अभय ने 2005 में इम्तियाज अली की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म सोचा ना था से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने आयशा टाकिया के साथ अभिनय किया था। इसके बाद उन्होंने आहिस्ता आहिस्ता, हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, एक चालीस की लास्ट लोकल, मनोरमा सिक्स फीट अंडर, ओए लकी! लकी ओए! जैसी फिल्मों में अभिनय किया। अभय ने 2009 में अनुराग कश्यप द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक ड्रामा देव.डी में मुख्य भूमिका निभाई थी, जो शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के बंगाली उपन्यास देवदास का आधुनिक रूप थी।

## शाहिद कपूर की आगामी फिल्मों और सीरीज में दिखेगा धमाकेदार एक्शन



इन दिनों शाहिद कपूर अपनी कई फिल्मों और सीरीज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें शामिल हैं देवा और फर्जी 2। इसके अलावा भी शाहिद की कई फिल्में पाइपलाइन में हैं जिनमें बुल और द इम्मोर्टल अश्वत्थामा शामिल हैं। सबसे पहले बात करते हैं शाहिद कपूर की आगामी बहुचर्चित फिल्म देवा की। इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का पहला लुक जारी किया जा चुका है, जिसमें शाहिद पुलिसवर्दी पहने और हाथ में बंदूक थामे नजर आए। इस फिल्म से शाहिद का यह लुक प्रशंसकों को बेहद पसंद आया था। अब प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा एक आगामी एक्शन ड्रामा बॉलीवुड फिल्म है। फर्जी 2 वेब सीरीज को लेकर फिल्म में शाहिद कपूर के सह–कलाकार भुवन ने कहा कि फर्जी सीरीज का दूसरा पार्ट जरूर आएगा। 10 फरवरी 2023 में रिलीज हुई वेब सीरीज फर्जी को प्रशंसकों से भरपूर प्यार दिया था। इसके बाद से ही इस सीरीज का दूसरा पार्ट फर्जी 2 बनाने की मांग सामने आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फर्जी 2 की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां से इसका पहला भाग खत्म हुआ था। शाहिद कपूर की एक और आगामी फिल्म बुल की। इसका निर्देशन आदित्य निम्बालकर करेंगे। इस फिल्म में शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी।



## रा.वन जैसी फिल्म बनाने की फिर इच्छा

**डायरेक्टर अनुभव सिन्हा वेब सीरीज आईसी 814 द कंधार हाइजैक के जरिए ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं। यह सीरीज 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी 814 के हाईजैक पर आधारित है। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है। हाल ही में इस सीरीज को लेकर अनुभव सिन्हा ने खास बातचीत की।**

### अनुभव जी, यह ऐसी घटना है जिसके बारे में सबको पता है, आप को कब लगा कि इस विषय पर सीरीज बनाना चाहिए?

मेरे पास इस विषय पर सीरीज बनाने का प्रस्ताव नेटफ्लिक्स की तरफ से आया था। इस प्रोजेक्ट पर राइटर त्रिशांत श्रीवास्तव, प्रोड्यूसर सरिता पाटिल, नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसीडेंट मोनिका शेरगिल और बाकी क्रिएटिव टीम कुछ समय से काम कर रहे थे। एक पॉइंट पर इनको महसूस हुआ कि अब एक डायरेक्टर की आवश्यकता है। जुलाई 2021 में मुझे बुलाया गया। पहले स्क्रिप्ट कैप्टन के एक किताब पर आधारित थी। जिसमें सिर्फ एयरक्राफ्ट के अंदर की ही बातें थीं। उसे पढ़ते वक्त ऐसा महसूस हो रहा था कि इसके पीछे क्या चल रहा है। प्लेन काठमांडो से हाईजैक होकर कंधार क्यों जा रहा है। वहां से इसका कनेक्शन क्या है? यह सब सवाल मेरे दिमाग में चल रहा था। मुझे ऐसा लग रहा था कि जब यह सब जानने की इच्छा मुझे हो रही है, तो आम जनता को भी होगा। मैंने नेटफ्लिक्स की क्रिएटिव टीम से इसे और विस्तार से कहने की बात की। उन्होंने पूरी आजादी दे दी। बाकी लोगों की तरह मुझे भी ऐसा लगता था कि उस घटना के बारे में सब पता है। लेकिन जब उस घटना की गहराई में गया तो मुझे एहसास हुआ कि मुझे तो सिर्फ बेसिक बातें मालूम थीं।

### रिसर्च के दौरान कभी आपको लगा कि अमृतसर में ही इस घटना को रोका जा सकता था?

देखिए, मुझे इस सीरीज के माध्यम से जो कहना था, वह कह दिया। अभी उसके बारे में इंटरव्यू में बात करूं तो वह बात अधूरी रह जाएगी। सीरीज में पूरा डिटेल है। यह बात तो हमें पता कि अमृतसर से प्लेन उढ़ गया। उसे वहां रोक देना चाहिए था। यह तो लोगों की आम धारणा है। लेकिन असल में क्या हुआ, उसे जब पूरे परिप्रेक्ष्य में नहीं देखेंगे तो समझ में नहीं आएगा।

### अनुभव जी, इस सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशन पर कितनी हुई और सेट लगाकर कितनी शूटिंग हुई है?

वास्तविक लोकेशन की बात करें तो कंधार तो नहीं गए थे। प्लेन का सेट तैयार किया था। दरअसल, यह नहीं बताना चाहिए। क्योंकि सीरीज का तिलिस्म बरकरार रहना चाहिए कि वो हमने कैसे किया। फिर भी अगर इसका जवाब ईमानदारी से देना चाहूं तो वास्तविक लोकेशन करीब 50 प्रतिशत से ज्यादा है।

### शूटिंग के दौरान सावधानियां कितनी बरतनी पड़ी?

मैं ज्यादातर दोस्तों के साथ शूटिंग करता हूं। अगर किसी के साथ पहली बार काम करता हूं तो मुलाकात के समय यह ध्यान देता हूं कि वो अपने काम को कितना जानता है। इतना ही इस बात का भी ध्यान देता हूं कि साथ काम करके मजा कितना आएगा। अगर सेट पर आनंद नहीं आएगा, सामने वाले के काम पर ट्रस्ट नहीं होगा तो अच्छा काम नहीं हो पाएगा। नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और अरविन्द स्वामी को लेकर थोड़ा सा चिंतित जरूर था कि इनके साथ कैसे सीन हो पाएगा। लेकिन शूटिंग से एक दिन पहले सबको सेट पर बातचीत के लिए बुलाया था कि देखे कैसे काम हो रहा है। वहां मैं थोड़ा सहज हो गया। जो आर्टिस्ट इस सीरीज में नहीं काम कर रहे थे वो भी आते थे देखने कि काम कैसा हो रहा है। एक दिन तापसी पन्नू आई चुपके से एक शूटिंग देखकर चली गईं किसी को पता ही नहीं चला। ऐसे कई लोग आते थे।

व्यापार

संसेक्स
82559.84 पर बंद
निफ्टी
25278.70 पर बंद

सोना
70,880
चांदी
86,000

# अक्टूबर में कच्चे तेल की कीमतों में कटौती कर सकता है सऊदी अरब

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब अक्टूबर में एशिया को बेचे जाने वाले अधिकतर कच्चे तेल के ग्रेड की कीमतों में कटौती कर सकता है। ये दुबई में आई गिरावट के बाद बदलाव हो सकता है। कटौती होने के बाद नई अनुमानित मूल्य 50 से 70 सेंट प्रति बैरल के बीच हो सकती है। इससे पता चलता है कि चीन में रिफाइनिंग मार्जिन और ओपेक+ आपूर्ति में वृद्धि कमजोर हुई है।

वहीं उद्योग सूत्रों के मुताबिक सोमवार को शीर्ष तेल निर्यातक सऊदी अरब ने अक्टूबर में एशिया के बेचे जाने वाले अधिकतर कच्चे तेल की कीमत में कटौती करने की उम्मीद जताई है। बीते महीने ही मध्य पूर्व बेंचमार्क दुबई में गिरावट आई थी।

रॉयटर्स के सर्वेक्षण में पांच में से तीन रिफाइनिंग स्रोतों ने कहा कि अक्टूबर में प्रमुख अरब लाइट कच्चे तेल के आधिकारिक विक्रय मूल्य में 50 से 70 सेंट प्रति बैरल की गिरावट आ सकती है। बीते महीने के दुबई मूल्य प्रसार के समान रुझान को दर्शाता है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह की कीमत कटौती कमजोर रिफाइनिंग मार्जिन को दर्शाती है। खासतौर से चीन में जहां



विनिर्माण और संपत्ति क्षेत्र में सुस्ती के कारण ईंधन की मांग कम हो रही है।

एक सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक अब मार्जिन खराब हो चुका है। चीन में मिलने वाले मार्जिन की स्थिति अधिक खराब हो गई है। सूत्रों के मुताबिक आमतौर पर सितंबर तेल की मांग के लिए अच्छा महीना होता है, मगर इस वर्ष ये निराश कर सकता है। ओपेक+ की आपूर्ति भी अक्टूबर से बढ़ने वाली है, क्योंकि समूह के आठ सदस्य अगले महीने 180,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन बढ़ाने वाले हैं, जो कि 2.2 मिलियन बीपीडी की सबसे हालिया उत्पादन कटौती को समाप्त करने की योजना का हिस्सा है, जबकि 2025 के अंत तक अन्य कटौतियों को जारी रखा जाएगा।

हालांकि, अन्य दो उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि अक्टूबर के लिए अरब लाइट के ओएसपी में थोड़ा बदलाव रहेगा। उनमें से एक ने कहा कि ऐसा आंशिक रूप से इसलिए हुआ क्योंकि पिछले महीने व्यापार के अंतिम सप्ताह में दुबई बेंचमार्क मजबूत हुआ था।

भारी ग्रेडों - अरब मीडियम और अरब हैवी - के लिए पांच में से तीन उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि अक्टूबर में कीमतों में 50 सेंट से कम की कमी आएगी, जिसे मजबूत ईंधन तेल की मांग का समर्थन प्राप्त होगा, जबकि शेष दो को 60 से 80 सेंट प्रति बैरल की कीमत कटौती की उम्मीद है।

सऊदी कच्चे तेल के ओएसपी आमतौर पर हर महीने की पांच तारीख के आसपास जारी किए जाते हैं, और ईरान, कुवैती और इराकी कीमतों के लिए रुझान निर्धारित करते हैं, जिससे एशिया के लिए प्रतिदिन लगभग 9 मिलियन बैरल (बीपीडी) कच्चे तेल पर असर पड़ता है। सरकारी तेल दिग्गज सऊदी अरामको अपने कच्चे तेल की कीमतें ग्राहकों की सिफारिशों के आधार पर और पिछले महीने में अपने तेल के मूल्य में बदलाव की गणना करने के बाद, पैदावार और उत्पाद की कीमतों के आधार पर निर्धारित करती है। नीतिगत तौर पर सऊदी अरामको के अधिकारी राज्य के मासिक ओएसपी पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

## इंस्टाग्राम ने भारत में उभरते हुए क्रिएटर्स को मदद देने के लिए क्रिएटर लैब लॉन्च की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज इंस्टाग्राम ने भारत में क्रिएटर लैब लॉन्च की। यह एक शैक्षणिक संसाधन है, जो क्रिएटर्स द्वारा क्रिएटर्स के लिए तैयार किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य कंटेंट निर्माण में रुचि रखने वाले भारतीय युवाओं को सहयोग देना है। इंस्टाग्राम की स्वामी कंपनी, मेटा 2019 से क्रिएटर्स के लिए शैक्षणिक संसाधनों में निवेश कर रही है। क्रिएटर्स का शिक्षा व सशक्तीकरण कार्यक्रम 'बॉर्न ऑन इंस्टाग्राम' विस्तृत रूप से यह शिक्षा संभव बनाता है। यह क्रिएटर्स का एक समुदाय करता है, जो कंटेंट निर्माण के बारे में ज्यादा सीखने और साझेदारियों एवं धनलाभ के अवसरों का निर्माण करने के लिए उत्सुक है। 'बॉर्न ऑन इंस्टाग्राम' पर शैक्षणिक कंटेंट को अपडेट करने के लिए एक क्रिएटर लैब का लॉन्च किया गया है, जो उभरते हुए क्रिएटर्स के लिए एक नया संसाधन है। क्रिएटर लैब में क्रिएटर्स का कंटेंट शामिल होगा, जो अपने अनुभव एवं जानकारी साझा करेंगे और बताएंगे कि जब उन्होंने इसकी शुरुआत की थी, तब वो क्या जानना चाहते थे और ट्रायल एवं एरर द्वारा उन्होंने क्या सीखा है। मेटा इंडिया में डायरेक्टर, ग्लोबल पार्टनरशिप्स, पारस शर्मा ने कहा, ''हम क्रिएटर्स को खुद की स्वतंत्र अभिव्यक्ति करने और अपने तरीके से सफल होने में समर्थ बनाने के लिए समर्पित हैं। हम जानते हैं कि अलग-अलग लोगों के लिए सफलता का मतलब अलग-अलग होता है, और हम अपने उत्पाद के फीचर्स, प्रोग्राम्स, सहयोगों और आर्थिक अवसरों द्वारा निरंतर उन्हें लाभ पहुँचाने के रास्ते तलाश रहे हैं।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

Bandhan Mutual Fund
Badhte Raho

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है जो निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स कोट्रैक करता है। यह इंडेक्स निफ्टी 100 से अलग टॉप 150 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पर्याप्त ग्रोथ क्षमता वाली स्थापित कंपनियों को एक्सपोजर प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर(एनएफओ) मंगलवार, 03 सितंबर 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और शुक्रवार, 13 सितंबर 2024 को बंद होगा। बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअलफंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और डायरेक्ट के माध्यम से किया जा सकता है।बंधन निफ्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड में निवेश करने पर विचार करने के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि मिडकैप फेज की कंपनियांअक्सर आर्गेनाइजेशन के जीवनकाल में 'स्वीट स्पॉट' का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह में कोयला उत्पादन छह प्रतिशत बढ़कर 38.40 करोड़ टन पर



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) में देश का कोयला उत्पादन 6.48 प्रतिशत बढ़कर 38 करोड़ 40.8 लाख टन रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोयला उत्पादन 36 करोड़ 7.1 लाख टन था। समीक्षाधीन अवधि के आंकड़े अस्थायी हैं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली कोल इंडिया (सीआईएल) का उत्पादन चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान बढ़कर 29 करोड़ 3.9 लाख टन हो गया, जो साल-दर-साल 3.17 प्रतिशत की वृद्धि है। निजी और अन्य इकाइयों से कोयला उत्पादन अप्रैल-अगस्त के दौरान एक साल पहले के पांच करोड़ 28.4 लाख टन से बढ़कर छह करोड़ 89.9 लाख टन हो गया। अगस्त तक संचयी कोयला प्रेषण पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 39 करोड़ 19.3 लाख टन के मुकाबले 41 करोड़ 20.7 लाख टन रहा।

## दो हजार के 97.96 प्रतिशत नोट वापस आये, 7,261 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 97.96 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। अब भी 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उस समय चलन में 2000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। इस साल 30 अगस्त को कारोबार समाप्ति पर यह घटकर 7,261 करोड़ पर आ गया।



आरबीआई ने बयान में कहा, ''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.96 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं।'' दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। इस मूल्य के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में राशि जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं। बैंक नोटों को जमा/विनिमय करने वाले 19 आरबीआई कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। नवंबर, 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को चलन से हटाने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट लाये गये थे।

# मुंबई और इंदौर के बीच 18,000 करोड़ से नई रेल लाइन; छह जिलों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई और इंदौर के बीच 18,000 करोड़ से नई रेल लाइन बनायी जाएगी, इससे छह जिलों को फायदा मिलेगा। मंत्रिमंडल ने नई रेल परियोजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने दो प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटा रेल संपर्क प्रदान करने के लिए 309 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी है। यह मुंबई में मनमाड और इंदौर को जोड़ने के अलावा दोनों राज्यों के उन जिलों को भी जोड़ेगी जो अब तक रेल मार्ग से नहीं जुड़े थे। इनमें महाराष्ट्र के 2 और मध्य प्रदेश के 4 जिले शामिल हैं। परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये है और यह 2028-29 तक पूरी हो जाएगी। निर्माण के दौरान इस परियोजना से करीब 102 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा।



यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगा। परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर संपर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1,000 गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को संपर्क मिलेगा। परियोजना देश के पश्चिमी/दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी।

इस परियोजना से श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा संपर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा जोड़ेगी, जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी।

कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन है, जो जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (18 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बनडाइक्साइड उत्सर्जन (138 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

## वेदांता के बोर्ड ने 7,821 करोड़ रुपये के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता ने चालू वित्त वर्ष के लिए 20 रुपये प्रति शेयर के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी। इससे चालू वित्त वर्ष के लिए अबतक कुल लाभांश भुगतान 13,474 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 26 जुलाई को चार रुपये प्रति इक्विटी शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी थी, जो 1,564 करोड़ रुपये है। मई में, 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का पहला अंतरिम लाभांश, कुल 4,089 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था।

## सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है, जो युनिवर्सिटी के लॉ प्रोग्राम के लिए बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा है। इस साल प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाया गया है, इसके लिए ऐप्लीकेशन विंडो आधिकारिक रूप से 14 अगस्त 2024 को खोली गई और अब परीक्षा की दिनांक दिसम्बर 13 (शुक्रवार) और दिसम्बर 15 (रविवार) 2024 को रखी गई है, जबकि पारम्परिक रूप से इसका आयोजन मई में किया जाता है।

# एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक अब जेएलआर का अधिमानित वाहन फाइनेंसर होगा, इससे उपभोक्ताओं को विशेष फाइनेंसिंग योजनाएं, विशेष ऑफर/इवेंट और प्राथमिकता वाली सेवाएं/सगाई जैसे कई लाभ मिलेंगे।

इसका उद्देश्य दोनों प्रमुख ब्रांडों की संयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर ग्राहकों को निर्बाध फाइनेंसिंग विकल्प और आधुनिक लक्जरी कार खरीदने का अनुभव प्रदान करना है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजन अंबा और एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड श्री अरविंद वोहरा ने जेएलआर मॉडल की पूरी रेंज के लिए पेशकशों को शामिल करने वाले इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें श्री अखिलेश कुमार रॉय - बिजनेस हेड, ऑटो लोन और इन्वेंट्री फाइनेंस एचडीएफसी बैंक शामिल थे।



एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड, श्री अरविंद वोहरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, ÷हम जेएलआर जैसे प्रतिष्ठित और महत्वाकांक्षी ऑटोमोटिव ब्रांड के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। बैंक ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी मजबूत निष्पादन क्षमताओं का लाभ उठाएगा। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजन अंबा ने कहा, हमारे डीलर पार्टनर हमारे व्यवसाय के अभिन्न अंग हैं, और हमें उनके व्यवसाय को आसान बनाने में मदद करने के लिए समाधान विकसित करने में सक्षम होने पर प्रसन्नता हो रही है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य बाज़ार को और बढ़ाना और अपने पोर्टफोलियो को ग्राहकों के बढ़ते समूह को पेश करना है। इस उद्देश्य से, हम इस वित्तपोषण कार्यक्रम के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जो हमारे डीलर भागीदारों की कार्यशील पूंजी तक पहुँच को और मजबूत करेगा। एचडीएफसी बैंक की विशेषज्ञता और व्यापक पहुँच को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनकी व्यक्तिगत ज़रूरतों को पूरा करने वाले वित्तीय विकल्पों की एक अनुकूलित श्रृंखला प्रदान करना है।

## नंदन डेनिम लिमिटेड का भारतीय वस्त्र उद्योग की वृद्धि का हिस्सा बनने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नंदन डेनिम लिमिटेड डेनिम इंडस्ट्री में एक लीडर है। जैसा कि इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री एक अभूतपूर्व बढ़त के लिए तैयारी कर रहा है, टेक्सटाइल कंपनियां इस रिमार्केबल ग्रोथ द्वारा प्रस्तुत अवसरों का दोहन करने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात हैं। हाल के उद्योग अनुमानों से पता चलता है कि भारत से टेक्सटाइल एक्सपोर्ट वित्त वर्ष 2026 तक 65 अरब डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है, जबकि डोमेस्टिक मार्केट में 2030 तक इसके 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आशावादी दृष्टिकोण इस क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी विकास की अवधि का संकेत देता है, जो इंडस्ट्री के ऐसे खिलाड़ी जो इनोवेशन और विस्तार के लिए तैयार हैं के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं पेश करता है। टेक्सटाइल मार्केट में प्रत्याशित वृद्धि हेल्थकेयर, ऑटोमोटिव और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों से प्रेरित, गुणवत्ता वाले कपड़ों की बढ़ती ग्लोबल डिमांड के ब्रॉडर ट्रेंड को रेखांकित करती है।

# रेमेडियम लाइफकेयर बोर्ड यूएई कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने और एफसीसीबी जारी करने पर विचार करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई-539561), जो एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी हुई है, ने घोषणा की है कि इसका बोर्ड 4 सितंबर, 2024 को एयरओवाटर ग्लोबल ट्रेडिंग एलएलसी, यूएई में हिस्सेदारी अधिग्रहण पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। बोर्ड एयरओवाटर ग्लोबल ट्रेडिंग एलएलसी, यूएई , वायुमंडलीय जल जनरेटर के माध्यम से शुद्धतम रूप में पेयजल उत्पादन में अग्रणी इकाई, में पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करने के प्रस्ताव की समीक्षा करेगा।

यह तकनीक, जो वैश्विक जल की कमी की समस्या का सबसे स्थायी समाधानों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है, ने सरकारी संस्थानों, कॉर्पोरेट्स, होटल चेन, सुपरमार्केट, अस्पताल चेन, शैक्षिक संस्थानों और सामुदायिक

REMEDIUM LIFECARE

केंद्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक सेवा प्रदान की है। एयरओवाटर अब इंजेक्शन के लिए पानी और किडनी डायलिसिस में उपयोग किए जाने वाले डायलाइज़र के लिए पानी के उत्पादन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए तैयार है, जो इसके उत्पादित पानी की बेहतर गुणवत्ता का लाभ उठाता है। यह पानी न सिर्फ बहुत ही ज़रूरी कामों के लिए बिल्कुल सही है, बल्कि यह उस पानी से भी ज्यादा साफ है जो हम नदियों, तालाबों या जमीन के अंदर से निकालते हैं।

इससे पहले, कंपनी ने 29 जुलाई, 2024 से प्रभावी, भारत में लिथियम कार्बोनेट बनाने के लिए तकनीक हासिल करने के लिए यूके के एंजेल पार्टनर्स, लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक समझौता किया था। कंपनी ने उसी तिथि से प्रभावी, तुर्की के अल्फा केमिकल्स एंड सॉल्वेंट्स लिमिटेड के साथ एक वार्षिक आपूर्ति समझौता भी किया। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट की आपूर्ति जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शुरू होगी। सीवाई 2025 के लिए आपूर्ति का मूल्य एसडी 20-25 मिलियन है। तकनीकी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों और पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए लिथियम-आयन बैटरी में किया जाता है।

संक्षिप्त समाचार

## भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चीन रवाना

### 8 सितंबर को मेजबान चीन से पहला मैच, श्रीजेश के बाद कृष्ण बहादुर पाठक गोलकीपर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम मंगलवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हुलुनबुइर (चीन) रवाना हो गई। पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम का पहला मुकाबला 8 सितंबर को मेजबान चीन से होगा।भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग लेंगे। राइवल पकिस्तान से भारत का मुकाबला 14 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की भारतीय हॉकी टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है।

### एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है- हरमनप्रीत

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, %पेरिस ओलिंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। पेरिस ओलिंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हॉकी इंडिया ने बीते बुधवार को 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया था। इस टीम में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले 10 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। जबकि 5 खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। यह टूर्नामेंट 8 से 17 सितंबर तक इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में खेला जाएगा। टीम ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था। इसलिए भारतीय टीम टूर्नामेंट में अपना खिताब बचाने उतरेगी।

### श्रीजेश की जगह पाठक-करकेरा पर गोलकीपिंग की जिम्मेदारी

भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलिंपिक के बाद संन्यास ले लिया। इसलिए टीम में गोलकीपर की भूमिका के लिए श्रीजेश की जगह कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को चुना गया है।

विश्व शतरंज रैंकिंग

## अर्जुन , गुकेश शीर्ष 10 में , पहली बार चार भारतीय महिलाएं शीर्ष 15 में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर 2024 की फीडे रेटिंग लिस्ट में भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी ने 2778 अंको के साथ अपनी विश्व नंबर 4 की रैंकिंग को बनाए रखा है जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश 2765 अंको के साथ सातवें स्थान पर है ,भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद 2751 अंको के साथ 11वें , 2750 अंको के साथ प्रज्ञानन्दा 12वें , 2720 अंको के साथ विदित गुजराती 24वे स्थान पर है । मैगनस कार्लसन 2832 अंको के साथ विश्व में शेरेश स्थान पर बने हुए है उनके बाद 2802 अंको के साथ यूएसए के हिकारु नाकामुरा और 2798 अंको के साथ यूएसए के फबियानों करूआना तीसरे स्थान पर बने हुए है , सिंकिफील्ड कप में शानदार प्रदर्शन के चलते फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा नें 2767 अंको के साथ टॉप 10 में वापसी करते हुए पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना ली है । वहीं लगातार खराब प्रदर्शन के चलते विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन 2736 अंको के साथ 15वें स्थान पर सरक गए है ।

पाकिस्तान हॉकी

# रोलेंट ओल्टमेंस ने पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**कराची, एजेंसी।** छह टीमों का एसीटी टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर के तक आयोजित होगी। पीएचएफ सूत्र ने कहा कि ओल्टमेंस को 'इवेंट-टू-इवेंट (टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट)' अनुबंध की पेशकश की गई थी। पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस ने दीर्घकालिक अनुबंध की कमी का हवाला देते हुए आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए चीन में टीम से जुड़ने से मना कर दिया। ओल्टमेंस इस साल की शुरुआत से सीनियर टीम के साथ काम कर रहे हैं। उन्हें सीधे हुलुनबुइर में टीम में शामिल होना था, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने इससे इनकार कर दिया।

पीएचएफ (पाकिस्तान हॉकी महासंघ) के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, ओल्टमैंस ने पीएचएफ को सूचित कर दिया है कि वह कोचिंग के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि वह दीर्घकालिक और उचित अनुबंध चाहते हैं। ओल्टमेंस



ने 2013 और 2017 के बीच भारतीय हॉकी टीम के हाई परफार्मेंस निदेशक और मुख्य कोच के रूप में भी काम किया था।

छह टीमों का एसीटी टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर के तक आयोजित होगी। पीएचएफ सूत्र ने कहा कि ओल्टमेंस को 'इवेंट-टू-इवेंट (टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट)' अनुबंध की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा, पीएचएफ फंड की समस्या के कारण उन्हें 'असाइनमेंट' के आधार पर काम पर रख रहा था और उन्हें चीन में टूर्नामेंट के दौरान टीम को प्रशिक्षित करना था और फिर अपने देश लौटना था। सूत्र ने कहा, ओल्टमैन्स ने हालांकि अब यह स्पष्ट कर दिया है कि वह 'इवेंट-टू-इवेंट' के आधार पर काम नहीं कर सकते हैं और अगर पीएचएफ को उनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता है तो उन्हें उन्हें दीर्घकालिक अनुबंध की पेशकश करनी होगी।

पाकिस्तान को हालांकि उस वक्त और फजीहत का सामना करना पड़ा जब टीम के कप्तान अम्माद बट ने दो स्थानीय कोच के साथ चीन जाने पर नाराजगी जता दी। पीएचएफ को पिछले कुछ समय से वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है और पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी) ने भी एसीटी के लिए 27 खिलाड़ियों और छह अधिकारियों के लिए पांच करोड़ (पाकिस्तान) रुपये का कोष जारी करने से इनकार कर दिया है। पीएसबी ने हालांकि कहा कि उसने 19 खिलाड़ियों और चार अधिकारियों के हवाई टिकटों के लिए भुगतान करने की पेशकश की थी क्योंकि पीएचएफ द्वारा मांगी जा रही धनराशि अधिक थी।

हॉकी

## ओलंपिक कांस्य अब बीती बात, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब पर हैं नजरें, कप्तान हरमनप्रीत का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता । हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने का जश्न खत्म करके अब चीन में इस महीने होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने पर फोकस करना होगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता । हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा ।

हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिये तैयार है। पेरिस ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हम अतीत के अच्छे प्रदर्शन के भरोसे नहीं रह सकते। भारत के अलावा कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। भारत को आठ सितंबर को चीन से खेलना है। इसके बाद नौ सितंबर को जापान से, 11 सितंबर को मलेशिया, 12 सितंबर को कोरिया और 14 सितंबर को पाकिस्तान से मुकाबला है।

शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी जबकि फाइनल 17 सितंबर को है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है। पिछली बार चेन्नई में भारत ने मलेशिया को 4-3 से हराकर खिताब जीता था।

## स्वीयाटेक और जेसिका पेगुला यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** साल 2022 में खिताब जीतने के बाद पहली बार विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने राउंड ऑफ 16 में 16वीं सीड ल्यूडमिला सैमसोनोवा को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम एकल मैच में स्वीयाटेक ने सैमसोनोवा पर 6-4, 6-1 से जीत हासिल की। शीर्ष वरीय खिलाड़ी की जीत से यह सुनिश्चित होता है कि उसके पास अपने डब्ल्यूटीए लीडिंग सीजन में अभी भी बहुत कुछ और करने का मौका है। स्वीयाटेक ने अपने चौथे रौलां गैरो क्राउन और एक ओलंपिक कांस्य पदक सहित पांच खिताब जीतने के बाद वर्ष में 57 मैच जीत के साथ डब्ल्यूटीए टूर का नेतृत्व किया है। 2022 की यूएस ओपन



महिला एकल चैंपियन स्वीयाटेक अपने छठे ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए प्रयासरत हैं। पोलैंड की यह खिलाड़ी ड्रॉ के शीर्ष हाफ में तीन खिलाड़ियों में से एक है, जो बिना कोई सेट गंवाए आगे बढ़ी हैं। बुधवार को उसका सामना नंबर 6 अमेरिकी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत की बदौलत पिछले तीन सालों में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 13 जीते हैं, इस दौरान उनकी एकमात्र हार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका से हुई थी।



## पैरालंपिक 2024: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति ने जीता कांस्य पदक, महिला सिंगल SH6 स्पर्धा में मिली सफलता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में युवा भारतीय शटलर नित्या सुमति सिवान को पदक जीतने में कामयाबी मिली है। नित्या ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया की रीना मार्लिना को 21-14, 21-6 से हराया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आने वाली 19 वर्षीय खिलाड़ी नित्या ने पेरिस से लगभग 11 महीने पहले एशियन पैरा गेम्स (अक्तूबर, 2023) में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। नित्या ने एकल के अलावा युगल मुकाबले में भी अपनी छाप छोड़ी थी और उन्होंने इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी अपने नाम किया था।

दरअसल, भारत ने पेरिस पैरालंपिक 2024 के बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल एसएच6 स्पर्धा में नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतने से पहले एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य जीत चुका था। पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में कुमार नितेश ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश से आने वाले नौकरशाह सुहास एलवाई ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इसके अलावा महिलाओं की एकल स्पर्धा एसयू5 में टी मुरुगेसन और मनीषा रामादास को क्रमश~ रजत और कांस्य पदक मिले। इसके बाद दिन के अंतिम मुकाबले में नित्या ने भारत की झोली में एक और कांस्य पदक डालने में सफलता पाई।

गौरतलब है कि सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात खेले गए मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या सुमति के कांस्य पदक जीतते ही भारत की कुल पदक संख्या 15 हो चुकी है।

## अब भारत के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने का समय है: पैट कमिंस

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को विश्वास है कि भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने इस कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार मिली हार की भरपाई करने में सफल रहेगी। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मुकाबला बराबरी का होगा।



भारत ने 2016-17 से लेकर 2022 23 तक ऑस्ट्रेलिया से लगातार चार श्रृंखला जीती हैं। इनमें से दो अवसरों पर उसने ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पिछले साल लंदन में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो श्रृंखला में हम सफल नहीं रहे। हमें (भारत के खिलाफ) श्रृंखला जीते हुए काफी समय हो गया है। अब इसमें सुधार करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा, 'हम भारत के खिलाफ लगातार खेलते रहे हैं और उन्होंने हमें हराया भी है लेकिन हमने भी उनके खिलाफ कई जीत दर्ज की हैं जिनसे हम प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। इनमें हाल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है जिसमें हम सफल रहे थे। मैं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर काफी उत्साहित हूं। सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कप्तान से सहमति जताई और कहा कि भारत की टीम काफी संतुलित है और ऑस्ट्रेलिया की उनके खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने कहा,''यह शानदार श्रृंखला होगी। भारत बेहतरीन क्रिकेट खेल रहा है। हम पिछले दो बार में भारत को नहीं हरा पाए। उनकी टीम शानदार है जिसके सभी विभागों में अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमारे खिलाफ अपने देश में भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए आगामी श्रृंखला काफी रोचक होने वाली है। ऑल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच किसी भी प्रारूप में मुकाबला रोमांचक होता है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में दोनों टीमों ने रैंकिंग में स्थानों की काफी अदला-बदली की है। चाहे कोई भी प्रारूप हो, आप इन दोनों टीमों को विश्व रैंकिंग में किसी न किसी स्तर पर हमेशा नंबर एक पर देखेंगे। जब भी यह दोनों टीमें खेलती हैं तो मैच जरूर देखना चाहिए।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीती

### दूसरा मैच 6 विकेट से जीता, सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया

**रावलपिंडी, एजेंसी।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट के इतिहास की पहली बार टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने रावलपिंडी में खेले गए दूसरे मैच में पाकिस्तान को मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश के लिए लिट्टन दास ने पहली पारी में शतक लगाया। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच में भी पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इसी के साथ नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट सीरीज खेली गई थी और सभी पाकिस्तान ने जीती थी। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था।

**दूसरी पारी में शांतो-मोमिनुल हक के बीच 119 रन की साझेदारी** - पाकिस्तानी टीम सोमवार को दूसरी पारी में 172 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को जीत के लिए 185 रन का टारगेट दिया था। बांग्लादेश ने आज यानी मंगलवार को अपने दूसरी पारी में 42 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 57 बॉल पर 119 रन की साझेदारी हुई। टीम के लिए जाकिर हसन 40, शांतो 38, मोमिनुल 34, और शादमान इस्लाम 24 रन बनाए।



**बांग्लादेश पहली पारी में 262 पर ऑलआउट, शहजाद को 6 विकेट** - रविवार को मैच के तीसरे दिन बांग्लादेश पहली पारी में 262 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां लिट्टन दास और मेहदी हसन ने 165 रन की साझेदारी करके टीम को 190 पार पहुंचाया। लिट्टन ने 138 और मेहदी हसन ने 78 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए।

**लिट्टन दास का शतक** - लिट्टन दास ने पहली पारी में 228 बॉल पर 138 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर का यह चौथा शतक रहा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा। वे पाकिस्तानी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दो शतक लगाने वाले बांग्लादेश के पहले खिलाड़ी हैं।

**पाकिस्तान टीम पहली पारी में 274 रन सिमटी थी** - मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई थी। टीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की पहली पारी के जबाव में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने दूसरे दिन के अंत तक बिना कोई विकेट गंवाए 10 रन बनाए।

**बारिश में धुल गया पहला दिन** - रावलपिंडी के मैदान पर खेले जा रहे इस मैच का पहला दिन बारिश में धुल गया था। मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 10~30 बजे से होनी थी, लेकिन बारिश के कारण दोपहर 12~45 बजे तक टॉस भी नहीं हो पाया।

## अगले साल लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला जाएगा फाइनल, तारीख भी जान लीजिए

**दुबई, एजेंसी।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र के फाइनल मुकाबले की तारीख और जगह का



ऐलान हो गया है। शुरुआती दो फाइनल की तरह तीसरा फाइनल भी इंग्लैंड में ही होगा, लेकिन इस बार मेजबानी ऐतिहासिक लॉर्ड्स ग्राउंड करेगा। 11 से 15 जून के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए 16 जून को रिजर्व-डे रखा गया है। लॉर्ड्स पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले साउथेम्प्टन (2021) और ओवल (2023) पिछले दो खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे अहम मुकाबले में से एक बन गया है और हमें 2025 सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

**लगातार दो फाइनल हार चुका भारत** - भारत उन दोनों फाइनल मैचों का हिस्सा था। टीम को 2021 में न्यूजीलैंड जबकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से आगे तालिका में शीर्ष स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से भारत इस साल के अंत में पांच मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगा।

## तुम्हें शर्म आएगी, अगर तुमने 10000 रन..., हरभजन ने विराट से कही थी ऐसी बात; सालों बाद किया खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में कई ऐसे पल हैं जो क्रिकेटरों को मेंटरशिप देने और उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ऐसा ही एक यादगार पल वो था जब हरभजन सिंह ने युवा विराट कोहली को एक अहम मेसेज दिया था. आज क्रिकेट के सबसे बड़े दिग्गजों में से एक माने जाने वाले विराट ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में स्ट्रगल किया. 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में विराट ने सिर्फ 19 रन बनाए, जो उनके वनडे फॉर्म की तुलना में काफी निराशाजनक था.

**विराट कोहली को हरभजन सिंह से मिली थी तारीफ** - क्रिकेटर हरभजन सिंह ने विराट कोहली के साथ उनके शुरुआती दिनों में खेला है. उन्होंने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है जो कोहली के क्रिकेट सफर पर रोशनी डालता है. हरभजन सिंह ने





एक इंटरव्यू में बताया, मुझे एक घटना याद है जब वीरेंद्र सहवाग चोटिल थे और अजंता मेंडिस सभी को आउट कर रहे थे. विराट एक युवा खिलाड़ी के रूप में आए, ऊर्जा से भरे हुए. उन्होंने पचास रन बनाए और मुझसे पूछा, पाजी, कैसा खेला? मैंने कहा, बहुत अच्छा इसके बाद विराट ने कहा, मुझे आउट नहीं होना चाहिए था, मुझे और खेलना चाहिए था. मुझे उनका आत्मविश्वास और खेल के प्रति उनका जुनून बहुत पसंद आया.

**जब हरभजन ने विराट को दी थी चुनौती** - विराट कोहली ने अपने करियर में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं, लेकिन उनका सफर आसान नहीं रहा है. हरभजन ने बताया कि शुरुआती दिनों में कोहली को अपने करियर को लेकर संदेह था और उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत थी. हरभजन ने कहा, जब हम वेस्टइंडीज दौरे पर थे, तो फिडेल एडवर्ड्स ने विराट को बहुत परेशान किया. वह बार-बार एलबीडब्ल्यू और शॉर्ट गेंदों पर आउट हो रहे थे, जिससे वह निराश हो गए और उन्होंने खुद से सवाल किया, क्या मैं अच्छा हूं? मैंने उन्हें सलाह दी कि अगर आप 10,000 रन नहीं बनाते हैं, तो आप खुद को शर्मिंदा करेंगे. आपके पास 10,000 रन बनाने की पूरी क्षमता है. और अगर आप नहीं बनाते हैं, तो यह आपकी अपनी गलती होगी ।

# 60 हजार जवान नहीं ला पा रहे शांति, उन्हें वापस बुलाएं: विधायक राजकुमार इमो सिंह

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्र से अनुरोध किया कि यदि केंद्रीय बलों की मौजूदगी से हिंसा नहीं रुकती तो राज्य से उनको वापस बुला लिया जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि यदि केंद्रीय बल ऐसा करने में विफल रहते हैं तो जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के लिए राज्य सुरक्षा कर्मियों को कार्यभार संभालने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सिंह ने कहा कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं। उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं।

उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्रवाई की गई।

सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्रवाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे। उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा विधायक ने कहा, केंद्र सरकार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपनी होगी और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करने की अनुमति देनी होगी। पिछले वर्ष राज्य में हिंसा भड़कने के बाद गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया था। विभिन्न एजेंसियों और बलों की रिपोर्टों की देखरेख करने वाली एकीकृत कमान मणिपुर सरकार के परामर्श से परिचालन आवश्यकताओं का समन्वय करती है। सिंह ने केंद्र सरकार से उन उग्रवादी और विद्रोही समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी आह्वान किया, जिन्होंने अभियान निलंबन (एसओओ) समझौते के आधारभूत नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने शाह से इन समूहों के साथ एसओओ समझौतों को रद्द करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे हिंसा को और बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सिंह ने हथियारों और गोला-बारूद के वित्तपोषण और आपूर्ति की जांच का अनुरोध किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे संघर्ष बढ़ रहा है। सिंह ने केंद्र सरकार से स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के बीच राजनीतिक वार्ता और सहभागिता शुरू करने का आग्रह किया।



## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी नेताओं के बिगड़ते बोल पर अभिषेक बनर्जी की सलाह, सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के बाद बंगाल में माहौल काफी गर्म है। लोगों में ममता बनर्जी सरकार को लेकर काफी गुस्सा है। अब ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पार्टी नेताओं को अहम सलाह दी है। इसमें उन्होंने कहा है कि मेडिकल क्षेत्र और आम लोगों से गलत तरीके से बात न करें। अभिषेक ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। गौरतलब है कि टीएमसी नेताओं ने कुछ विवादास्पद बयान दिए हैं। एक पार्षद के पति ने तो यहां तक कह डाला कि मुख्यमंत्री ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने के लिए कहा है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसा कोई दिशानिर्देश उनकी तरफ से दिया गया है। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने एक्स पर लिखा है कि पार्टी से जुड़े सभी लोगों को विनम्र और सहानुभूति जताने वाला होना चाहिए। मैं टीमएसी के सभी लोगों से अपील करता हूं कि मेडिकल फैटर्निटी और आम लोगों से गलत बातें न करें। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध जताने का अपनी बात कहने का हक है। अभिषेक बनर्जी ने आगे कहा कि यही चीज पश्चिम बंगाल को भाजपा शासित राज्यों से अलग करती है। गौरतलब है कि रविवार को हावड़ा से टीएमसी पार्षद के पति आतिश सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर अशालीन टिप्पणी की थी। उन्होंने एक स्थानीय सभा में कहा था कि मैं तुम्हारी मां और बहनों की गंदी तस्वीरें बनाकर तुम्हारे घर के दरवाजे पर टांग दूंगा। तुम अपना घर नहीं छोड़ पाओगे। इतना ही नहीं, आतिश सरकार ने आगे कहा कि याद रखना, हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हमें समय-समय पर फुंफकारते रहने की सलाह दी है। अगर हमने फुंफकारना शुरू कर दिया तो तुम लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाओगे। वीडियो वायरल होने के बाद टीमएसी ने आतिश सरकार को पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह चार बार की सांसद काकोली घोष दास्तीदार ने, जो कि खुद भी एक मेडिकल प्रैक्टिसनर हैं, माफी मांगी है। हाल ही में उन्होंने महिला डॉक्टरों पर टिप्पणी की थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के बाद वह एक पैनल डिस्कशन में हिस्सा ले रही थीं। उस वक्त सांसद ने दावा किया कि हमारे वक्त में तो डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही लड़कियां, पढ़ाने वाले डॉक्टर टीचर्स की गोद में बैठकर पासिंग मार्क्स हासिल कर लेती थीं।

### यह हमारा पारिवारिक मामला, हम बैठकर सुलझा लेंगे: सुनील आंबेकर

**पलक्कड़, एजेंसी।** अपनी स्थापना की 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को कहा कि वह अपने मूल सिद्धांत 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध रहा है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में उस सवाल के जवाब में यह बात कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या भाजपा सहित संघ-प्रेरित अन्य संगठनों के बीच समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, ''आरएसएस (2025 में) 100वीं वर्षगांठ पूरी करने जा रहा है। इसलिए यह एक लंबी यात्रा है।'' आंबेकर ने कहा कि इस यात्रा में एक चीज जो निरंतर बनी रही, वह है 'राष्ट्र प्रथम' के प्रति प्रतिबद्धता। आरएसएस से प्रेरित संगठनों की यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय समन्वय बैठक के समापन के बाद उन्होंने कहा, ''यह हमारा दृष्टिकोण रहा है और प्रत्येक स्वयंसेवक ने इसमें विश्वास किया है।'' आंबेकर ने कहा कि एक लंबी यात्रा में, कामकाज से संबंधित मामले अनिवार्य रूप से सामने आते हैं, लेकिन संगठन के पास इन मुद्दों को हल करने के लिए एक तंत्र है। आंबेकर से लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की ओर से दिये गए उस बयान के बारे में भी पूछा गया जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी उस दौर से काफी आगे निकल चुकी है, जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह अपना काम खुद संभालने में सक्षम है। इसके जवाब में आंबेकर ने कहा, ''अन्य मुद्दों का समाधान किया जायेगा। यह पारिवारिक मामला है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या परिवार में सब कुछ ठीक है, उन्होंने जवाब दिया, ''बिल्कुल।'' पश्चिम बंगाल की घटना को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' और 'चिंताजनक' करार दिया।

## टिकट नहीं दिया तो कांग्रेस में चला जाऊंगा, हरियाणा भाजपा के दिग्गज का खुला ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी की टेंशन बढ़ाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने दावा कर दिया है कि अगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया, तो वह कांग्रेस का दामन थाम लेंगे। वह राज्य की हाईप्रोफाइल सीट बादशाहपुर से टिकट की मांग कर रहे हैं। खास बात है कि इस सीट पर वरिष्ठ नेता सुधा यादव से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व ह्रस्ष्ठ समेत कई बड़े नेता दावेदारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंह ने साफ कर दिया है कि वह इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, साल 2019 में मुझे टिकट नहीं मिला था। इस बार मैं निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव नहीं लड़ूंगा। मैदान में सिर्फ दो ही पार्टियां हैं। तो अगर भाजपा मुझे टिकट नहीं देती है, तो मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। सिंह का दावा है कि बादशाहपुर विधानसभा सीट से वह ही जीतने वाले उम्मीदवार हैं। खबरें हैं कि पूर्व सांसद सुधा यादव विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहीं हैं। वह बादशाहपुर सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। ऐसे में नरबीर सिंह को टिकट मिलने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक पार्टी ने टिकट का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा गुरुग्राम सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंदरजीत सिंह भी बादशाहपुर और अहिरवाल के टिकट वितरण में सक्रिय नजर आ रहे हैं। साल 2019 में हार का सामना करने वाले मनीष यादव भी टिकट की तलाश में हैं। वहीं खट्टर के पूर्व ओएसडी जवाहर यादव भी यहां एक्टिव हैं। इनके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल यादव भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। हालांकि, जवाहर यादव साफ कर चुके हैं कि वह पार्टी की विचारधारा के साथ काम करते रहेंगे। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं। रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार

## जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव, भाजपा की चौथी सूची में प्रदेश महासचिव विबोध गुप्ता का नाम, दावा- जीत पक्की है

**राजौरी , एजेंसी।** भाजपा ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की सूची में दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट विबोध गुप्ता को जगह दी। उन्हें राजौरी सीट से उतारा गया है। सोमवार (2 सितंबर) को चौथी सूची जारी की गई। इस घोषणा के बाद जब विबोध गुप्ता राजौरी पहुंचे तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एडवोकेट विबोध गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और आश्वस्त किया कि वे जीत दर्ज करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे तथा जनता की सभी आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं तहे दिल से भारतीय जनता पार्टी का शुक्रिया अदा करता हूं। भाजपा राजौरी विधानसभा सीट कम से कम 10,000 वोटों से जीतेगी। पुंछ और राजौरी जिलों की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला फिर से यहां अपना झंडा फहराने की बात करते हैं। वह धारा 370 और 35ए को वापस लाएंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस फिर से समृद्ध जम्मू-कश्मीर को- जो पर्यटन राज्य में तब्दील हो चुका है, आतंकवाद राज्य में बदलने की बात कर रही है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि अगर वे नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र से सहमत हैं तो उन्हें भी खुलकर कहना चाहिए कि हमें 370 और 35ए वापस चाहिए। जम्मू-कश्मीर को अलग झंडा चाहिए, यह भी वह खुलकर कहें। जनता इसका जवाब मांग रही है।



गुप्ता ने आगे कहा कि 5 अगस्त 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म होने की कगार पर है। यहां पत्थरबाजी और अलगाववाद खत्म हो गया है। राजौरी में अब भाईचारे का माहौल है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना को नौशेरा से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में लाल चौक से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ रजा, खानसाहिब से अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ से ताहिद हुसैन का नाम शामिल है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होंगे। इसके बाद 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

## बीजेपी एनसीपी में 21 सीटों पर फंस रहा पेच, उम्मीदवारी खतरे में देख नेता बदल रहे पाला

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति गठबंधन में सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। लेकिन यहां भाजपा और एनसीपी के बीच 21 सीटों पर पेच फंस गया है। यह वो 21 सीटें हैं जिन पर 2019 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों में काफी करीबी मुकाबला हुआ था। इनमें से अधिकतर सीटें पश्चिमी महाराष्ट्र से हैं और दोनों ही पक्ष इन सीटों पर दावा ठोक रहे हैं। इसको लेकर अंदरूनी संघर्ष भी देखने को मिल रहा है और दोनों दलों के नेताओं को एक-दूसरे की आइडियोलॉजी रास नहीं आ रही। दोनों दलों की तरफ से कम से कम चार नेताओं ने खुलकर बोला है। भाजपा के कुछ नेताओं ने तो पार्टी तक छोड़ दी है। चुनाव करीब आने के साथ यह जुबानी जंग और तीखी होने का अनुमान है।

भाजपा के हर्षवर्धन पाटिल, समरजीत घटगे और गणेश हैके ने अपनी बात रखी थी। वहीं, अजीत पवार गुट के सीनियर लीडर रामराजे नाइक निंबालकर ने रविवार को भाजपा के आवाज बुलंद की। पाटिल और घटगे इंदापुर और कागल विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की आस लगाए बैठे हैं। यह दोनों सीटें एनसीपी अजीत पवार के पास हैं। अब पाटिल और घटगे इस हफ्ते एनसीपी-शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने वाले हैं। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में पाटिल और घटगे बतौर भाजपा उम्मीदवार इन सीटों पर एनसीपी उम्मीदवार से मुकाबला हार गए थे। इस साल इन दोनों को जीतने की उम्मीद थी, लेकिन उनसे कहा गया कि इन सीटों पर एनसीपी के सिटिंग एमएलए ही उम्मीदवार होंगे। वहीं, अहमदनगर की लातूर सीट से उम्मीदवारी की आस रखने वाले गणेश हैके ने भी एनसीपी के साथ गठबंधन की आलोचना की है। हैके ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भाजपा को भारी कीमत चुकानी पड़ जाएगी।



कभी शरद पवार के बेहद करीबी रहे निंबालकर अजीत पवार के साथ चले गए थे। अब वह फिर से शरद पवार गुट को ज्वॉइन करने की धमकी दे रहे हैं। निंबालकर का कहना है कि वह भाजपा नेताओं, रंजीत सिंह निंबालकर और जयकुमार गोरे के साथ सोलापुर और सतारा की स्थानीय राजनीति में कंफर्टेबल नहीं हैं। वह भाजपा और एनसीपी के सियासी समीकरण से भी खुश नहीं हैं। सोलापुर के दो अन्य भाजपा नेता, उत्तमराव जनकर और प्रशांत पारिचरक भी जिले के बदलते समीकरण को देखते हुए शरद पवार गुट की तरफ जाते दिख रहे हैं।

मराठवाड़ा से एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अजीत पवार गुट के 21 विधायकों ने 2019 में भाजपा के खिलाफ जीत हासिल की थी। वहीं, कुछ को बेहद करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि दोनों दल बरसों से चुनावी राजनीति में एक-दूसरे से लड़ते रहें हैं। दोनों की आइडियोलॉजी और वोटर प्रोफाइल अलग है। लोकसभा चुनाव में भी यह बात साबित हो चुकी है। इस भाजपा नेता ने कहा कि पिछले साल जुलाई में अजीत पवार गुट के साथ समझौता करना भी पार्टी के कई नेताओं को रास नहीं आया। अजीत पवार गुट के आने से उनके पास अवसर कम हो गए हैं और वह अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक एनसीपी ने कहा कि अविभाजित शिवसेना के खिलाफ 2019 में जीतने वाले 19 एनसीपी विधायक आज अजीत पवार के साथ हैं।

## मिस टीन यूएसए का क्लिप पोस्ट कर फिर विवादों में फंसे जेडी वेंस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प के उपराष्टपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस एक किशोर पेजेंट क्वीन की पुरानी क्लिप पोस्ट करने के बाद विवाद में आ गए हैं। उनका उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट था, डेमोक्रेटिक राष्टपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को उनके सीएनएन साक्षात्कार में उनकी ढुलमुल रिएक्शन्स के लिए यंग एज लड़की से जोड़कर उन्हें शर्मिंदा करना। लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि यह पोस्ट उन्हें ही बैक फायर कर जाएगा और कमला के समर्थकों को एक और मौका मिल जाएगा जो पहले से ही उन्हें महिलाओं से नफरत करने वाला करार दिया है। वेंस ने एक पुरानी वायरल क्लिप पोस्ट की जिसमें तत्कालीन मिस साउथ कैरोलिना टीन यूएसए 18 वर्षीय कैटलिन कैट अप्टन नजर आ रही हैं। अमेरिकियों के ज्यूग्रोफिक नॉलेज के सवाल पर फंबल करने लगी थी। वेंस ने इसे कैप्शन दिया, ÷ब्रेकिंग: मुझे कमला हैरिस का पूरा सीएनएन इंटरव्यू मिल गया है। वेंस की पोस्ट के बाद तुरंत ही आलोचना होनी शुरू हो गई। एक यूजर्स ने लिखा कि महिलाओं पर हमला करते रहो और भी अधिक लोग आपके खिलाफ वोट करने के लिए आएंगे। दूसरे ने कहा आप महिलाओं से नफरत करते हैं। अप्टन कई विज्ञापनों में दिखाई दे चुकी हैं। उन्होंने कहा है कि वह इस घटना के परिणामों के कारण अवसाद और आत्मघाती विचारों से जूझ रही थीं। मेरे पास कुछ बहुत ही बुरे पल थे जब मैंने आत्महत्या करने के बारे में सोचा। उन्होंने आगे कहा कि माफ करें, यह वास्तव में भावनात्मक है। यह पहली बार है जब मैं वास्तव में इसके बारे में बात करने में सक्षम हुआ हूं। यह भयानक था, और पिछले दो वर्षों तक हर एक दिन ऐसा ही हुआ। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर निजी हमला करते हुए उन्हें बेकार बताया था।



## इजराईल में आम हड़ताल के कारण करीब पूरे देश में प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे

**यरूशलम, एजेंसी।** गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने में विफल रहने के विरोध में इजराइल में सोमवार को आम हड़ताल के आह्वान के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस आह्वान को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को दर्शाता है। हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। गाजा में रविवार की देर रात छह बंधकों के मृत पाए जाने के बाद इजराइल के हजारों लोग शोक और आक्रोष के बीच सड़कों पर उतर गए।

पीड़ित परिवारों और अधिकतर लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दोषी ठहराया और कहा कि लगभग 11 महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ समझौते के माध्यम से उन्हें जिंदा वापस लाया जा सकता था। लेकिन अन्य लोग हमास पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की नेतन्याहू की रणनीति का समर्थन करते हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के साथ युद्ध शुरू हो गया था। इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ 'हिस्तादरुत' ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र' (यूकेएमटीओ) ने बताया कि दो मिसाइल या रॉकेट जहाज से टकराये तथा तीसरा विस्फोट जहाज के निकट हुआ। यूकेएमटीओ ने कहा कि जहाज पर कोई हताहत नहीं हुई है और वह अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

## शिकागो में एक ट्रेन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में सोमवार को एक ट्रेन में ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गोलीबारी के बाद एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने बताया कि उन्हें सोमवार की सुबह 911 आपातकालीन हॉटलाइन पर कॉल मिली। इसके बाद वे फॉरेस्ट पार्क रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने तीन यात्रियों के शव बरामद किए।जबकि एक को घायल अवस्था में मेवुड स्थित लोयोला यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए एक संदिग्ध अपराधी को हिरासत में लिया गया है। उससे एक बंदूक भी जब्त की है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अन्य घटनाओं से अलग दिखाई दे रही है। इससे समुदाय को कोई खतरा नहीं है। बता दें कि अमेरिका में गोलीबारी करके हिंसा फैलाना आम सा हो गया है। यहां बंदूक रखना लोगों के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। शिकागो ट्रांजिट अथॉरिटी के अनुसार, शिकागो में रोज तीन लाख से ज्यादा लोग ट्रेनों में यात्रा करते हैं। गन वायलेंस आकाईव की रिपोर्ट की मानें तो इस साल अमेरिका में 378 गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं।

## राष्ट्रपति मादुरौ पर सवाल उठाने वाले गोंजालेज की मुश्किलें बढ़ीं; कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी

**काराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला में लगातार सियासी हंगामा जारी है। जुलाई में जबसे राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आए हैं, तब से निकोलस मादुरौ और एडमुंडो गोंजालेज एक दूसरे पर हमला करना जारी रखे हैं। इस बीच, यहां की एक अदालत ने सोमवार को विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार गोंजालेज के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभियोजक कार्यालय ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अदालत ने गंभीर अपराधों के लिए गोंजालेज के खिलाफ वारंट के लिए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। बता दें, कार्यालय ने इससे पहले सोशल मीडिया पर न्यायालय को भेजे गए अपने अनुरोध को जारी किया था, जिसमें उसने उन कथित अपराधों को सूचीबद्ध किया था, जो विपक्ष के इन आरोपों से उठा था कि मादुरो और उनके सहयोगियों ने 28 जुलाई के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली की थी। गौरतलब है, वेनेजुएला में हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर निकोलस मादुरौ की सत्ता में वापसी हुई। वह लगातार तीसरी बार वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुने गए हैं। हालांकि, विपक्ष लगातार चुनाव में धांधली के आरोप लगा रहा है। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और कई लैटिन अमेरिकी देशों ने मतदान परिणामों को देखे बिना नतीजों को मानने से इनकार कर दिया है।



वेनेजुएला की राष्ट्रीय चुनाव परिषद (सीएनई) का कहना है कि वह रिकॉर्ड को जारी नहीं कर सकता क्योंकि हैकर्स ने आंकड़ों के साथ छेड़छाड़ किया था। हालांकि पर्यवेक्षकों ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है।

सेवानिवृत्त राजनयिक गोंजालेज उरुतिया, जिन्होंने अंतिम समय में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो का स्थान लिया था, चुनाव के तुरंत बाद से ही छिपे हुए हैं। मादुरौ ने उन्हें और मचाडो को कारावास में डालने की मांग की है, जिन पर वेनेजुएला की संस्थाओं ने उन आरोपों के आधार पर चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी, जिन्हें व्यापक रूप से मनगढ़ंत बताया गया था। वह भी मतदान के बाद से ज्यादातर समय छिपी रही हैं, हालांकि उन्होंने मादुरौ के खिलाफ कई संगठित विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया है। विपक्ष ने अपने मतदान केंद्र के चुनाव परिणाम प्रकाशित किए, जिसके अनुसार गोंजालेज उरुतिया ने भारी मतों से जीत हासिल की। अब गोंजालेज में जो आरोप लगे हैं वो सार्वजनिक कार्यों का अधिग्रहण, सार्वजनिक दस्तावेज की जालसाजी, अवज्ञा के लिए उकसाना, तोड़फोड़, तथा संगठित अपराध और आतंकवाद के वित्तपोषकों के साथ संबंध हैं। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का लग्जरी जेट जब्त कर लिया है। एपी के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इस जेट को फर्जी तरीके से खरीदा गया था और तस्करी के जरिए अमेरिका से बाहर ले जाया गया था। मादुरो के लग्जरी जेट डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स को डोमिनिकन रिपब्लिक में जब्त किया गया। ये कैरिबियन सागर में स्थित लैटिन अमेरिकी देश है। सीएनएन के मुताबिक अमेरिकी अधिकारी सोमवार को विमान अमेरिका लेकर चले गए।

डसॉल्ट फाल्कन 900ईएक्स की कीमत 13 मिलियन डॉलर (करीब 110 करोड़ रुपए) है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत के बीच मादुरो से जुड़े लोगों ने अपनी पहचान छुपा कर इस लग्जरी जेट को खरीदा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129